निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 4 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 197 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

जमशेदपुर सदर अस्पताल में मरीजों का इलाज करते स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी

आईआईटी-आईएसएम के शताब्दी स्थापना सप्ताह का शुभारंभ

क्रिटिकल मिनरल्स, एआई, सतत विकास तथा समाजोपयोगी तकनीकों में अनुसंधान को और तेज करें : डॉ. पीके मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

धनबाद। आईआईटी-आईएसएम धनबाद ने बुधवार को अपने शताब्दी स्थापना सप्ताह का शुभारंभ अत्यंत भव्य और गरिमामय तरीके से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पीके मिश्रा ने संस्थान को 100 वर्ष पूरे होने पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि पिछले एक शताब्दी से यह संस्थान खनन तकनीक, राष्ट्र निर्माण तथा उच्चस्तरीय मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इसकी भूमिका और भी सशक्त होगी। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। सत्र का संचालन डीन (कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस) प्रो. रजनी सिंह ने किया, जिनकी सहज और प्रभावी एंकरिंग की मुख्य

अतिथि ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समारोह में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, राजनयिक, उद्योग जगत के विशेषज्ञ, संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राएं तथा वर्तमान छात्र-छात्राओं की भारी संख्या में उपस्थित रही। स्वागत संबोधन में निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं बल्कि नई जिम्मेदारियों का प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में संस्थान माइनिंग 4.0, डिजिटल तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में देश का नेतृत्व करेगा। समारोह में विशेष रूप से सम्मानित हुए एमएनआईटी जयपुर के निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने आईआईटी (आईएसएम) के सौ वर्षों के सफर को भारतीय तकनीकी शिक्षा के इतिहास का प्रेरणादायक अध्याय बताया और संस्थान की तेजी से बढ़ती शोध क्षमता, नवाचार की संस्कृति तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोगों की सराहना की। ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर एंड्रयू एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने शताब्दी समारोह में शामिल होने की खुशी जताते हुए कहा कि भारत-ब्रिटेन विजन 2035 के अंतर्गत दोनों देशों के बीच सहयोग निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने टेक्समीन और ब्रिटेन की जीओटेक कंपनी के साथ शुरू हुई नई ड्रिल कोर डिजिटाइजेशन लैब की विशेष रूप से प्रशंसा की। मुख्य अतिथि **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

झारखंड के जेलों में मैनपावर बढ़ाने की कवायद शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड के तमाम जेल मैनपावर की कमी से जूझ रहे हैं। झारखंड के विभिन्न जिलों में 18000 से ज्यादा कैदी बंद हैं लेकिन मैनपावर की कमी की वजह से जेलों की सुरक्षा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। मैनपावर की घोर कमी को देखते हुए बहाली की प्रक्रिया को तेज करने की कवायद शुरू की गई है। झारखंड सरकार के गृह विभाग के आंकड़ों के अनुसार झारखंड के विभिन्न जेलों में स्वीकृत बल की तुलना में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या चिंताजनक है। गृह विभाग से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के जेलों में अधिकांश पद रिक्त हैं जिससे न केवल जेलों का सुचारु संचालन प्रभावित हो रहा है बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि सबसे गंभीर कमी कक्षपालों की है जबकि जेल की आंतरिक सुरक्षा, गश्ती और पूरी व्यवस्था उनके ही जिम्मे होती है। कक्षपालों के लिए स्वीकृत पदों में 90% पद रिक्त हैं। इस तरह झारखंड में 6 जेलों में आईजी के पद स्वीकृत हैं लेकिन सभी पद रिक्त हैं। आंकड़े बताते हैं कि उच्च और मध्य स्तरीय पदों पर भी स्थिति चिंताजनक है। कारा डॉक्टरों के 43 स्वीकृत पदों में से मात्र एक ही कार्यरत हैं, यानी डॉक्टर के 42 पद रिक्त हैं। जेलर के 31 पदों के मुकाबले केवल पांच काम कर रहे हैं, यानी 26 पद खाली हैं। यहां तक की जेल अधीक्षक के 21 स्वीकृत पद हैं लेकिन मात्र 17 कार्यरत हैं। वहीं प्रोबेशन पदाधिकारी के 46 स्वीकृत पद हैं जिसमें 36 ही कार्यरत हैं। आंकड़े बताते हैं कि सभी महत्वपूर्ण पदों पर रिक्तियां चिंताजनक स्थिति पर पहुंच चुकी हैं। जेलों में मैनपावर की भारी कमी को देखते हुए कारा विभाग द्वारा रिक्त पदों को भरने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। झारखंड के आईजी जेल सुदर्शन मंडल ने बताया कि होम सेक्रेटरी के लेवल पर एक मीटिंग कर जेलों में मैनपावर की कमी को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का निर्णय लिया गया है। जेल आईजी के अनुसार पुरुष कक्षपालों के 1653 और महिला कक्षपालों के 80 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए रोस्टर क्लियरेंस का प्रस्ताव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। इसके साथ ही एक्स-रे टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट और नर्स जैसे स्टाफ के 51 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए भी रोस्टर क्लीयरेंस का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है।

संक्षिप्त समाचार

स्कूटी की टक्कर से महिला की मौत

गुमला(नबिटा ब्यूरो)। सदर थाना क्षेत्र के रामनगर में बुधवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय वृद्ध महिला पाचो उराइन की मौत हो गई। जशपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कूटी ने पैदल चल रही महिला को टक्कर मार दी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूटी को जब्त कर लिया।

युवक की गोली मारकर हत्या

जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)। सीतारामडेरा थाना अंतर्गत देवनगर में मंगलवार रात अज्ञात हमलावरों ने शेखर सांडिल की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पीपल्स एकेडमी हाई स्कूल के पीछे हुई, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। मृतक की बहन सरस्वती दास ने बताया कि जब वह रात में घर लौटीं, तो उन्होंने अपने भाई को घर के बाहर खून से लथपथ और अचेत अवस्था में पड़ा पाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शेखर को गंभीर हालत में एमजीएम अस्पताल ले गया लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव और बेहद करीब से लगी गोली के कारण कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

एंबुलेंस चालक ने की आत्महत्या

कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)। कोडरमा थाना क्षेत्र के दुधिमाटी स्थित एक आवास में सदर अस्पताल के एक एम्बुलेंस चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 45 वर्षीय पंकज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। पंकज सिंह, श्यामचरण सिंह के पुत्र थे और लक्खीबागी स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। वह सदर अस्पताल में एम्बुलेंस चालक के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

झारखंड पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर की मौत

दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)। झारखंड पुलिस में तैनात सब-इंस्पेक्टर अशोक पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला बिरौल थाना क्षेत्र के पड़री पंचायत के वार्ड नंबर-10 धकजरी गांव का है। अशोक पासवान झारखंड के लोहरदगा पुलिस लाइन में एसआई के पद पर कार्यरत थे। वे 23 नवंबर को छुट्टी लेकर अपने गांव आए थे, जहां वे अपने नए घर के निर्माण काम को देख रहे थे। परिजनों के अनुसार घर का ढलाई दो दिन पहले ही हुई थी।

इनामी एरिया कमांडर समेत दो नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लातेहार। जिला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जेजेएमपी के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में दो लाख का इनामी एरिया कमांडर सुनील उरांव और मुकेश लोहरा शामिल है। दोनों लातेहार जिले के रहने वाले हैं। दरअसल लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी नक्सली संगठन का एरिया कमांडर सुनील उरांव अपने गांव सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ के पास देखा गया है। वहीं दूसरा नक्सली मुकेश लोहरा मनिका थाना क्षेत्र पुरनी पल्हेया गांव के आसपास है। सूचना थी कि दोनों नक्सली पुलिस से बचने के लिए गांव में छुपे हुए हैं। इस सूचना के बाद एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई।

पुलिस ने दोनों गांव में एक साथ अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की और बुधवार की सुबह 3 से 4 बजे के बीच दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर सुनील उरांव पर लातेहार समेत आसपास के थाना क्षेत्र में 7 से अधिक नक्सली मामले दर्ज हैं। वहीं एरिया कमांडर मुकेश पर भी दो नक्सल मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि पिछले दिनों हुए पुलिस के साथ मुठभेड़ में दोनों नक्सली शामिल थे। मुठभेड़ के बाद दोनों पुलिस से बचने के लिए संगठन से अलग होकर अलग-अलग गांव में छिप रहे थे। लातेहार पुलिस ने जेजेएमपी नक्सली संगठन को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। 6 महीना के अंतराल में पुलिस ने जेजेएमपी नक्सली संगठन के सुप्रीमो समेत दो नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं कई नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिसिया कार्रवाई से डर कर जेजेएमपी नक्सली संगठन के सभी बड़े नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद जो नक्सली बचे हुए हैं, उनके खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नक्सलियों के खिलाफ छापेमारी अभियान में डीएसपी अरविंद कुमार के अलावे थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार, लातेहार के थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता, सब इंस्पेक्टर विक्रांत उपाध्याय, राहुल कुमार सिन्हा, विकास कुमार, धर्मवीर सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

भारतीय सेना का हिस्सा बने 962 अग्निवीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रामगढ़। पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ छावनी के किलाहरी ग्राउंड में अग्निवीरों के गौरवशाली पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेंद्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल के द्वारा किया गया। अग्निवीर रिक्रूटर्स ने देश की आन, बान और शान की रक्षा करने के लिए अंतिम पग रखा और भारतीय सेना के अभिन्न अंग बन गए। रामगढ़ जिले में अवस्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर का इतिहास वीरता से भरा और गौरवशाली रहा है। अपने देश की सेवा में पंजाब रेजिमेंट के बहादुर जवानों ने अपना सर्वस्व बलिदान करते हुए न केवल पंजाब रेजिमेंट का अपितु राष्ट्र के गौरव को भी बढ़ाया है। पासिंग आउट परेड में छठे बैच के 962 अग्निवीर सैनिक शामिल हुए। इस मौके पर पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेंद्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल ने इस स्मरणीय अवसर पर अग्निवीरों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होने ट्रेनिंग स्टाफ और इंस्ट्रक्टर के अथक प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने इन युवाओं को सक्षम, जिम्मेदार और भविष्य के दूरदर्शी सैनिकों के रूप में ढालने के लिए बेहतर प्रयास करते हुए उनमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण जैसे मूल्यों को स्थापित किया। 31 हफ्तों में नई तकनीकी उपकरणों की विधिवत जानकारी, कंप्यूटर की ट्रेनिंग, शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास और आधुनिक हथियारों के संचालन करने की ट्रेनिंग दी गई। इसके अलावा हर समय तैयार रहने को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से ट्रेनिंग दी गई है, ताकि भविष्य में आने वाली हर चुनौतियां का मुकाबला कर सकें।

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस अफसरों की विशेष तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड विधानसभा के 5 से 11 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को देखते हुए विशेष रूप से रांची में एक आईपीएस और 10 डीएसपी सहित कई जिलों के पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जैप तीन के कमांडेंट आइपीएस मनोज स्वर्गीयारी सहित 10 डीएसपी की झारखंड विधानसभा के 5 से 11 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को देखते हुए रांची में प्रतिनियुक्ति की गई है। आदेश के तहत प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि सत्र के दौरान किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की समस्या न हो। पुलिस मुख्यालय के आदेश में लिखा गया है कि रांची के जोनल आईजी के द्वारा शीतकालीन सत्र की सुरक्षा और विधि व्यवस्था के सुधार के लिए पत्र लिखकर पुलिस अफसरों की मांग की गई थी, आईजी के पत्र के आधार पर ही सत्र समाप्ति तक रांची जिला में एक आईपीएस और 10 डीएसपी की तैनाती की गई है।

डिवाइडर से टकराई कार, तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। बरही थाना क्षेत्र के गांगटाही पुल के पास बुधवार को तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्ची शामिल हैं। मृतकों की पहचान पूनम देवी (पति श्रीनाथ यादव), जय भगवान यादव (पिता श्रीनाथ यादव) और अंशिका कुमारी के रूप में हुई है। कार में कुल 10 लोग सवार थे, जो सभी पश्चिम बंगाल के कुल्टी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। दुर्घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें ज्योति कुमारी (24 वर्ष, पति जय भगवान यादव),

शुभम यादव (6 वर्ष), अभिराज यादव (10 वर्ष), मृत्युंजय यादव (8 वर्ष), धर्मेंद्र यादव (35 वर्ष, पिता श्रीनाथ यादव) और कौशल्या देवी शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत बरही अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार का चालक लंबे सफर से थका हुआ था और संभवतः उसे झपकी लग गई थी जिसके कारण वाहन अनियंत्रित हो गया। सड़क पर स्किड मार्क और कार की स्थिति से भी वाहन की तेज रफ्तार का अनुमान लगाया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही बरही के एसडीपीओ अजीत कुमार विमल और थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गांगटाही पुल के पास स्पीड कंट्रोल के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस मृतकों के परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया में जुटी हुई है और मामले की आगे की जांच जारी है।

एचइसी को बचाने के लिए बनेगी विशेष कमिटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचइसी) के पुनरुद्धार को लेकर लगातार उठ रही आवाजों के बीच भारतीय मजदूर संघ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दिल्ली में तीन दिवसीय सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ की बैठक संपन्न हुई। इसमें देशभर की 72 विभिन्न इकाइयों से करीब 150 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। झारखंड की एचईसी इकाई से दो प्रतिनिधि रमा शंकर प्रसाद और रविकांत ने इसमें भाग लिया। बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और उनके समाधान पर व्यापक चर्चा की गई। इसी दौरान एचईसी की स्थिति को लेकर विशेष रूप से चिंता जताई गई। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि एचईसी जैसे रणनीतिक और ऐतिहासिक संस्थान को बचाना आवश्यक है क्योंकि यह देश की

औद्योगिक क्षमता और रक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतिनिधियों ने इसी उद्देश्य से एचईसी के लिए एक विशेष कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। यह कमेटी जल्द ही केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रियों से मुलाकात कर संस्थान को पुनर्जीवित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग करेगी। बैठक के दौरान एचईसी को लेकर एक और बड़ा संवाद आयोजित हुआ। बीएमएस के वरिष्ठ पदाधिकारियों और केंद्रीय नेताओं ने रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से विस्तृत बातचीत की। करीब दो घंटे चली इस बैठक में बीएमएस की ओर से बी सुरेंद्र (अखिल भारतीय संगठन मंत्री), अनुपम (क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर मध्य क्षेत्र एवं वरिष्ठ प्रचारक), अनिश मिश्रा (सह वित्त सचिव), रमाशंकर प्रसाद (महामंत्री, मजदूर संघ एवं प्रदेश मंत्री, झारखंड) और रविकांत (उपाध्यक्ष) उपस्थित थे। संघ के अधिकारी रमाशंकर ने बताया एचईसी के वित्तीय संकट, कार्य संचालन में बाधा, पेंडिंग प्रोजेक्ट, कर्मचारियों के भविष्य और रक्षा उत्पादन से जुड़े संभावित अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार एचईसी के मसले पर सकारात्मक पहल के लिए तैयार है। बैठक में यह भी संकेत मिला कि जल्द ही एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई जाएगी जिसमें एचईसी को मजबूत करने, कर्मचारियों को राहत देने और नए कामों के आवंटन को लेकर ठोस निर्णय लिए जा सकते हैं। भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि सरकार के साथ होने वाली आगामी चर्चाओं में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे और एचईसी एक बार फिर देश के औद्योगिक नक्शे पर मजबूती से स्थापित होगा।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

शादी में शामिल होने जा रहा परिवार सड़क दुर्घटना का शिकार, तीन की दर्दनाक मौत, छह गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरही संवाददाता। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगटाही (पंचमाधव) के पास अहले सुबह एक कार अनियंत्रित होकर चार पुलिया से टकरा गई, जिससे कार सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में शामिल हैं—पूनम देवी (35 वर्ष) पिता श्रीनाथ यादव, अंशिका कुमारी (10 वर्ष) पिता जयभगवान यादव, जयभगवान यादव (48 वर्ष) पिता श्रीनाथ यादव, घायल व्यक्तियों में —ज्योति कुमारी (24), शुभम यादव (6), धर्मेंद्र यादव (35), मृत्युंजय कुमार (8), कौशल्या देवी व शिवम कुमार — सभी बंगाल (आसनसोल) कुल्टी निवासी बताए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग कार संख्या हइ44अ 0415 पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए बलिया (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। इसी क्रम में गंगटाही (पंचमाधव) के नजदीक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन चार पुलिया से जा टकराया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं बरही पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए स्टेकहोल्डरों को ऑनलाइन प्रशिक्षण, सभी प्रखंडों के प्रतिनिधि शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति कार्य को व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के उद्देश्य से बुधवार को आपूर्ति विभाग, हजारीबाग द्वारा नगर भवन, हजारीबाग में स्टेकहोल्डरों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री मुरली यादव एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री मनोज कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक, लैंपस/व्यापार मंडल/FPO के अध्यक्ष एवं सचिव, राइस मिलर, प्रतिनियुक्ति जनसेवक, कर्मी, दंडाधिकारी सहित सभी गोदाम कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रशिक्षण में दिए गए मुख्य निर्देश

ऑनलाइन प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को— धान अधिप्राप्ति की संपूर्ण प्रक्रिया, तकनीकी प्रावधान एवं पोर्टल संचालन, किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन, भुगतान प्रक्रिया और दस्तावेजी मानकों से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पैक्स अध्यक्षों और राइस मिलरों द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान प्रस्तुत किया और कार्य से संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए।

किसानों के हित सर्वोपरि—जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उन्होंने कहा कि —'धान अधिप्राप्ति कार्य को सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपादित करने हेतु ऐसे प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले और पूरी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

स्कूल जा रही शिक्षिका की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। अररिया जिले में बुधवार की सुबह घटित एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। उत्तर प्रदेश की रहने वाली शिवानी कुमारी, जो खाबदा कन्हैली मध्य विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं, की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतिका रोज की तरह स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। नरपतगंज थाना क्षेत्र के आसपास खेतों से होकर गुजरने वाले कच्चे रास्ते पर अचानक बाइक सवार दो युवक पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी। शिवानी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। ग्रामीण ने बताया कि शिवानी शांत स्वभाव की थीं और अपने काम से काम रखती थीं। उनकी हत्या से न सिर्फ स्थानीय लोगों में डर बढ़ा है, बल्कि शिक्षकों व छात्रों में भी भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। सूचना मिलते ही नरपतगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी की है और संभावित रूटों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की गहन पड़ताल की।

सारथी उत्थान सेवा ट्रस्ट का नया कार्यालय उद्घाटित : वाहन चालकों को मिलेगी सुरक्षा व सहायता की बेहतर सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग)। चतरा मोड़ इटखोरी रोड स्थित सुमन सिंह के मकान में बुधवार को सारथी उत्थान सेवा ट्रस्ट के नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बाबू निरंजन प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि चौपारण-2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला एवं मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया।

उद्घाटन से पहले ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर विधि-विधान पूरे किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य ट्रस्टी राजकुमार सिंह, अध्यक्ष गौतम कुमार सिंह, सचिव रामसागर सिंह, उपाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष ओमकार कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, माला और शॉल देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

ट्रस्ट का उद्देश्य और योजना

ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को सुरक्षा, सहायता और सुविधा प्रदान करना है।

ट्रस्ट की सदस्यता लेने के लिए —चालक के पास हेवी लाइसेंस अनिवार्य होगा, वार्षिक शुल्क 1500 रुपये निर्धारित किया गया है।

ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक सदस्य चालक के नाम पर 10 लाख रुपये का बीमा कराया जाएगा।

दुर्घटना की स्थिति में चालक या उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

अतिथियों की प्रतिक्रिया

कार्यक्रम में संबोधन करते हुए पूर्व विधायक निरंजन प्रसाद सिंह ने कहा कि 'ट्रस्ट का कार्य केवल वाहन चालकों की सुरक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज के अन्य क्षेत्रों में भी सकारात्मक योगदान देगा।'

वहीं जिप सदस्य रवि शंकर अकेला ने कहा कि—'नए कार्यालय के प्रारंभ होने से ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और अधिक सुचारु एवं प्रभावी होगी।'

कार्यक्रम में मौजूद लोग

मौके पर मकान मालिक सह उप मुखिया प्रतिनिधि सुमन सिंह, ट्रस्टी सदस्यों में परशुराम सिंह, हृदय सिंह, अमित कुमार सिंह, बंटी कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, रामदीप सिंह, रामाशीष सिंह, अलखदेव सिंह, नगीना सिंह, प्रवीन सिंह, अंजन कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह, निकेश सिंह, परोपकार सिंह, दीपक सिंह, चंदन सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

विश्व दिव्यांगता दिवस पर हजारीबाग में विविध कार्यक्रम दिव्यांगजनों की प्रतिभा व सशक्तिकरण पर रहा फोकस

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर बुधवार को हजारीबाग जिले में विभिन्न संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों में उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, कौशल उन्मुखीकरण और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन देना रहा।

संत माइकल मूक-बधिर विद्यालय, दीपूगढ़ा में सांस्कृतिक समारोह संत माइकल मूक-बधिर विद्यालय, दीपूगढ़ा में दिव्यांग बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिन्हा ने किया।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत — पर्यावरण संरक्षण पर नाट्य प्रस्तुति, शास्त्रीय नृत्य, संगीत कार्यक्रम, दर्शकों को भावविभोर कर गए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर रौशनी बारला ने बच्चों की शिक्षा और कला के क्षेत्र में वर्ष भर की उपलब्धियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में लगभग 230 दिव्यांग बच्चे, अभिभावक और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हजारीबाग झील परिसर में खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ

एम्फीथियेटर, हजारीबाग झील परिसर में साइटसेवर दिव्य ज्योति संस्था के सहयोग से खेल-कूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में — ट्राइसाइकिल रेस, दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्लाइंड स्टिक रेस, संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनमें दिव्यांग प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि श्रीमती शिप्रा सिन्हा द्वारा दृष्टिबाधित 24 दिव्यांगजनों को 'Saarthi Smart Cane' वितरित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के दीपक शर्मा, शशि कांत भारती, रमन विश्वकर्मा, देवाशीष, मुकेश, ललिता और रामेश्वर महतो का योगदान सराहनीय रहा।

स्पास्टिक विद्यालय का निरीक्षण एवं पोषण सामग्री वितरण

इसके अलावा श्रीमती शिप्रा सिन्हा ने स्वयंसेवी संस्था सामाजिक समस्या निवारण एवं कल्याण केंद्र, हुडहुडू द्वारा संचालित स्पास्टिक विद्यालय का निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, मानसिक देखभाल,आवश्यक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली गई। अंत में मौजूद 25 बच्चों के बीच पौष्टिक खाद्य पैकेट वितरित किए गए।

प्रशासन का संदेश

जिला प्रशासन ने कहा कि — 'इस प्रकार के सामूहिक आयोजन दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने।

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में

भूमि व वन-राजस्व मामलों पर विस्तृत कार्यशाला लंबित प्रकरणों के त्वरित निष्पादन पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। समाहरणालय हजारीबाग के सभागार में बुधवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण राजस्व एवं वनझभूमि संबंधी अधिनियमों पर एक विस्तृत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भूमि सुधार, राजस्व अभिलेख, भूमिधारण, किरायेदारी अधिकार एवं वन क्षेत्र से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा तथा उनके त्वरित और पारदर्शी निष्पादन पर विमर्श करना था।

अधिनियमों और प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा

कार्यशाला के दौरान विभिन्न अधिनियमों की धाराओं और उनसे संबंधित लंबित मामलों की Case History,, मुख्य मुद्दे, अद्यतन स्थिति एवं कानूनी प्रावधानों के अनुपालन पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से — The Bihar Tenants Holding (Maintenance of Records) Act, 1973 की धारा 14, 15, 16 एवं 18 — किरायेदारी अभिलेखों के अद्यतन, धारणाधिकार की पुष्टि, रिकॉर्ड अनुरक्षण, त्रुटि सुधार आदि विषयों की समीक्षा।

CNT Act, 1908 — धारा 46 एवं 49 भूमिहस्तांतरण प्रतिबंध, अवैध रूपांतरण, पुश्तैनी भूमि संरक्षण एवं परंपरागत अधिकारों के हनन से संबंधित प्रकरणों पर प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश।

BLR Act, 1950 — धारा 4(h) अवैध कब्जा, अनधिकार, जमाबंदी, रद्दीकरण एवं पुनर्वितरण से जुड़े लंबित मामलों की स्थिति पेश की गई। JBCA एवं Forest Act / खास महल अधिनियम वन भूमि विवाद, अतिक्रमण, सीमांकन और विभागीय समन्वय से जुड़े मुद्दों की विस्तार से समीक्षा।

समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई का निर्देश

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार ने कहा कि —'भूमि एवं वन-राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का निष्पादन समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से सुनिश्चित किया जाए। भूमि अभिलेखों का नियमित अद्यतन अत्यावश्यक है और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि विवादों के समाधान में अनावश्यक देरी न हो।'

उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि संबंधी मामलों में देरी आम नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है, इसलिए सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें।

उपस्थित अधिकारी

बैठक में उपायुक्त हजारीबाग, उप विकास आयुक्त हजारीबाग, अपर समाहर्ता हजारीबाग, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड अंचल निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

आईएआरआई झारखंड में बकरी पालन पर एससीएसपी प्रशिक्षण का समापन, 30 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरही/हजारीबाग। आई.ए.आर.आई, झारखंड में बुधवार को 'वैज्ञानिक विधि से बकरी पालन एवं उनका संवर्द्धन' विषय पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देना और अनुसूचित जाति के समुदाय को आजीविका विविधीकरण के माध्यम से सशक्त बनाना था। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी) के तहत आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में चौपारण, पदमा और बरही प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न गांवों से आए 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह अपराह्न 3:30 बजे शुरू हुआ। संस्थान के परिसर प्रभारी डॉ. महंता ने औपचारिक रूप से कार्यक्रम का समापन किया और प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से बकरी पालन कर उत्पादन, रख-रखाव और आमदनी में कैसे वृद्धि की जा सकती है। साथ ही बाजार जागरूकता और पशु उत्पाद-आधारित आय के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

प्रधान वैज्ञानिक विशाल नाथ ने किसानों को बकरी की संख्या तथा आय बढ़ाने की वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराया। समापन समारोह में आयोजन सचिव एवं नोडल अधिकारी (एससीएसपी) डॉ. कृष्ण प्रकाश, डॉ. पंकज सिन्हा, कोर्स समन्वयक डॉ. शिल्पी केरकेट्टा एवं डॉ. वंदना यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. शिल्पी केरकेट्टा (वैज्ञानिकः पशुधन उत्पादन प्रबंधन) ने किया। समापन सत्र में डॉ. अभय गिरि (जलीय कृषि), डॉ. वंदना यादव (पशु वैज्ञानिक), डॉ. नुजैबा पीएम (मत्स्य पालन) सहित संस्थान के अन्य वैज्ञानिकों का विशेष योगदान रहा। वैज्ञानिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाया तथा सतत आजीविका संवर्धन के प्रति कअपफक की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित यह तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बकरी पालन के क्षेत्र में नई संभावनाओं को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाएँ संचालित की गईं। अंत में प्रतिभागियों को छोटे कृषि यंत्र एवं पशुओं के लिए खनिज मिश्रण भी वितरित किए गए।

महाभारत के युधिष्ठिर समान डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भी राजनीति में अजातशत्रु कहलाते थे : जेपी पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में स्वाधीन भारतीय गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति तथा देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 141 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि महाभारत के युधिष्ठिर समान वे भी भारतीय राजनीति में अजातशत्रु कहलाते थे।

अत्यंत धार्मिक भाव से जहां उन्होंने धार्मिक श्रद्धा को जीवन में स्थान दिया था, उसी भाँति भारतीय संस्कृति और इतिहास के प्रति भी उन्हें लगाव था । संस्कृत और फारसी के तो वे विद्वान थे ही इस बुद्धिमत्ता के बल पर, इस किसान पुत्र ने गांधीजी से प्रभावित होकर, स्वाधीनता संग्राम में पुरी तरह और निडरता के साथ भाग लिया । अपनी सादी जीवनी से वे किसानों में घुलमिल गए । पटना में सदाकत आश्रम की स्थापना उन्होंने की । देश के प्रथम राष्ट्रपति बने रहने पर भी अहंकार से दूर रहे और कर्तव्यनिष्ठ बने रहे । निवृत होते ही उन्होंने पुनः सदाकत आश्रम के अपने कार्यक्षेत्र को बिन्दु बनाकर शेष समय वहीं व्यतीत किया । मौके पर प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, अवधेश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी, विजय यादव, शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, साजिद अली खान, दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल, बाबर अंसारी, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, संगीता कुमारी, गौतम कुमार मेहता, माशूक अंसारी, दीपक बंधू, कैलाश पति देव, रीतलाल मंडल, मिथिलेश दुबे, अजित सिंह, राजीव कुमार मेहता, शिव नंदन साहू, अनिल कुमार भुईंया, मोहम्मद वारिस, मुस्ताक अंसारी, निसार अहमद भोला, शब्बीर अली, गुरू प्रसाद, गिरजा शंकर, अनिल कुमार राय, मोहम्मद कमरूउद्दीन, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, महिला नेत्री बेबी देवी, उषा रानी, रघु जायसवाल, रिंकू कुमार, कृष्णा कुमार यादव, कृष्णा किशोर प्रसाद, सलीम रजा, नरसिंह प्रजापति, मोहम्मद रब्बानी, उदय पाण्डेय, अर्जुन नायक, सुनिल अग्रवाल, असगर अली के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा माल्यार्पण एवं मिठाई वितरण

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई द्वारा देशरत्न एवं कायस्थ विभूति, भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती गरिमामय तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री अरुण प्रभात सिन्हा के नेतृत्व एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री बृज मोहन प्रसाद की अगुआई में किया गया।

कार्यक्रम के तहत स्थानीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात उपस्थित लोगों के बीच मिठाई वितरण किया गया।

इस अवसर पर संगठन मंत्री श्री अजय अंबष्ट ने कायस्थ कुल एवं देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन, देश सेवा, त्याग और आदर्शों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के सदस्य शत्रुंजय प्रसाद, अनूप कुमार, सुशील प्रसाद, विभूति सिन्हा, कृष्णा प्रसाद, संजय कुमार, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अर्चना सिंह, महामंत्री रश्मि लाला, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रूपेश बिहारी, शशि कांत सहित बड़ी संख्या में विभिन्न वर्गों व धर्मों के लोगों ने भाग लिया। समारोह के अंत में सभी ने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

गिरिडीह गोलीकांड में पांच आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गिरिडीह। मंगलवार की शाम हुए गोलीकांड में शामिल पांच आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिस पिस्टल से गोली चलाई गई थी, उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में झगरी निवासी जाकिर अंसारी उर्फ जग्गू, मो रूस्तम अंसारी उर्फ बबलू अंसारी और मो फैयाज अंसारी उर्फ छोटू अंसारी, नयाधौड़ा निवासी मो असलम मंसूरी और बेंगाबाद के अधनचुंआ निवासी मो इरशाद अंसारी उर्फ सोनू शामिल है।

चंद घंटे में अपराधियों तक पहुंची पुलिस

एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि घटना के बाद सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की और एक-एक कर सभी पांचों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने कहा कि पकड़े गए सभी अपराधियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। वहीं जिस कंट्री मेड पिस्टल से गोली चलाई गई थी, उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया गया है।

पूछताछ में मुख्य आरोपित ने उगला राज

इधर गिरफ्त में आए जग्गू ने घटना का कारण और प्लानिंग भी पुलिस को बताया है। पूछताछ में जग्गू ने बताया कि उसकी बहन की मौत के बाद बहनोई असलम जेल चला गया। लेकिन असलम का बहनोई खुर्शीद जेल नहीं गया। इसे वह बर्दाश्त नहीं कर सका था। ऐसे में उसने खुर्शीद को मारने की योजना बनाई। चूंकि खुर्शीद अंबाटांड़ में रहता था। ऐसे में वह उसको टारगेट में ले नहीं पा रहा था। **गोली मारने से पहले आरोपित ने की रेकी**

गिरिडीह गोलीकांडः *बदले की आग में दो दिनों तक भूखा रहा जग्गू, रेकी की फिर मार दी गोली*

आरोपी जग्गू को जब यह पता चला कि झगरी में बनाए नए घर पर खुर्शीद आता है। इस जानकारी के बाद उसने खुर्शीद की रेकी करना शुरू किया। दो दिनों की रेकी के बाद मंगलवार को मौका मिला तो गोली मार दी। पुलिस की पूछताछ में जग्गू ने यह बताया कि वह हर हाल में खुर्शीद को मारना चाहता था और यही सोच कर उसने दो दिन खाना भी नहीं खाया था।

पारिवारिक विवाद में खुर्शीद को गोली मारी गई थी। घटना के 12 घंटे के अंदर सभी हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। पिस्टल भी बरामद कर लिया गया है। इनके पास हथियार कहां से आया इसकी छानबीन की जा रही हैः डॉ बिमल कुमार, एसपी, गिरिडीह

छापेमारी में शामिल अधिकारी

छापेमारी को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। टीमों ने चंद घंटे में पता लगा लिया कि हमला करने वाले कहां-कहां भागे हैं। पुलिस ने दो लोगों को गांडेय के कुसईया से, एक को बेंगाबाद के अधनाचुवां से और दो को झगरी से गिरफ्तार किया है। छापेमार दल में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह, गांडेय थाना प्रभारी आनंद कुमार सिंह, अवर निरीक्षक विवेक कुमार माथुरी, संजय कुमार, बद्धेश्वर उरांव, मुकेश कुमार पंडित, शैलेंद्र कुमार सिंह, सअनि चंदन तिवारी और सुबोध कुमार दास मुख्य रूप से शामिल थे।

आइएएस विनय चौबे को कोर्ट से नहीं मिली राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। जिले के पूर्व उपायुक्त विनय चौबे की मुसीबत थमने का नाम नहीं ले रही है। हजारीबाग निगरानी कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। दो दिन पहले सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रखा गया था। कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह जानकारी आरोपी आईएएस विनय चौबे के अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने दी है। हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाले के आरोप में जेल में बंद आइएएस अधिकारी और हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त विनय चौबे की जमानत याचिका को एसीबी के स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दी। सोमवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी के विशेष लोक अभियोजक और विनय चौबे के अधिवक्ता की बहस एवं दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था। यह जानकारी आरोपी विनय चौबे के अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने दी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह विशेष न्यायालय (निगरानी) आशा देवी भट्ट के कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष की बहस को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले पर आदेश के लिए तीन दिसंबर की तिथि निर्धारित की थी। बचाव पक्ष की ओर से बहस अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने की थी। यह मामला निगरानी वाद संख्या 11/25 से संबंधित है। इस मामले में एसीबी ने पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर भी लिया था। रिमांड पर लेने के बाद उनसे विस्तार से पूछताछ की गई है। मामला हजारीबाग डीसी रहते हुए भूमि घोटाला में शामिल रहने से संबंधित है। आरोपी विनय चौबे की जमानत याचिका की दिनांक 14.11.2025 को दायर की गई थी। जिसमें एसीबी हजारीबाग कोर्ट में पहली सुनवाई 17.11.2025 को हुई थी। जहां कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से केस डायरी की मांग की थी। केस डायरी के आ जाने के बाद उसका अवलोकन करते हुए और अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष दोनों को सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए अगली तिथि निर्धारित की थी।

सात बाल मजदूरों का किया गया रेस्क्यू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पलामू। जिले में बाल श्रम के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पलामू के हरिहरगंज के इलाके में हुई छापेमारी में सात बाल मजदूरों का रेस्क्यू किया गया है। बाल मजदूरों से विभिन्न लाइन होटल एवं ढाबा में काम करवाया जा रहा था। रेस्क्यू के बाद सभी बाल मजदूरों को बाल गृह भेजा गया है। गुरुवार को पूरे मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक पलामू के हरिहरगंज एवं छतरपुर के इलाके में प्रशासनिक टीम के द्वारा बाल श्रम के खिलाफ छापेमारी जारी थी। श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि 7 बच्चों का रेस्क्यू किया गया है।

मखदुमपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सीएससी केंद्र का उद्घटान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आदेश के क्रम में सीएससी केंद्र का शुभारंभ अंचल कार्यालय परिसर में किया गया, जहाँ फीता काटकर उद्घाटन प्रखंड के अंचल अधिकारी रणजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर कई भू धारी और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही और लोगों ने जमीन से जुड़े काम अब सीधे अंचल कार्यालय स्थित सीएससी से कराने पर खुशी जताई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीओ रणजीत उपाध्याय ने कहा कि विभाग द्वारा हाल में जारी निर्देश के अनुसार सभी अंचल कार्यालयों में

चयनित सीएससी–वीएलई को बैठाने और उन्हें आवश्यक स्थान व सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत मखदुमपुर अंचल कार्यालय में भी सीएससी काउंटर स्थापित कर दिया गया है। जहां आम नागरिकों को दाखिल–खारिज, नामांतरण, जमाबंदी, परिमार्जन सहित भूमि रिकॉर्ड से जुड़े तमाम ऑनलाइन कार्यों में सहायता मिलेगी। सीएसी संचालक वेंकटेश कुमार ने बताया कि बिहार सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को जमीन से संबंधित सेवाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि एक ही काउंटर पर सभी आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि और आवश्यक दस्तावेजों की स्कैनिंग–अपलोडिंग की सुविधा मिले। राज्यस्तर पर चल रहे राजस्व महाअभियान और बिहार भूमि पोर्टल से जुड़ी सेवाएं तेजी से आम जनता तक पहुंच सकें। मखदुमपुर के ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि इस नई सुविधा से बिचौलियों की भूमिका कम होगी, फाइलों के निस्तारण में पारदर्शिता बढ़ेगी और समय तथा धन दोनों की बचत होगी।सीएससी संचालक ने भी भरोसा दिलाया कि विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी सेवाएँ निर्धारित शुल्क पर, समयबद्ध और सरल तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मखदुमपुर प्रखंड डिजिटल भूमि सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मॉडल के रूप में उभर सके।

पृष्ठ 1 का शेष

क्रिटिकल मिनरल्स, एआई ...

डॉ. पीके मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत जिस गति से प्रगति कर रहा है उसमें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अंतरिक्ष और क्वांटम तकनीक, हरित ऊर्जा तथा तकनीकी आधारित शासन जैसे क्षेत्र देश की शक्ति बन रहे हैं। उन्होंने आइआइटी-आइएसएम से क्रिटिकल मिनरल्स, एआइ, सतत विकास तथा समाजोपयोगी तकनीकों में अनुसंधान को और तेज करने का आह्वान किया। महिला नेतृत्व वाले विकास पर जोर देते हुए उन्होंने संस्थान के इनोवेशन इकोसिस्टम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्य समारोह के बाद अतिथियों ने कई अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण और अवलोकन किया। इनमें वर्चुअल रियलिटी माइन सिम्युलेटर लैब, प्राइवेट 5जी आधारित डिजिटल माइनिग इंफ्रास्ट्रक्चर लैब, बोर्ड एंड पिलर ट्रेनिग गैलरी, लॉन्गवाल अंडरग्राउंड कोल माइन गैलरी तथा स्टार्टअप्स को सीड फंड सहायता पत्र शामिल थे। इसके बाद ज्ञान-विज्ञान प्रांगण का उद्घाटन हुआ जिसमें एआइ आधारित औद्योगिक समाधान, डिजिटल ट्विन, रोबोटिक्स, 3डी मेटावर्स माइनिग मॉडल, स्वच्छ ऊर्जा नवाचार तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने इनोवेशन पेश किए। छात्र आशीष सिद्धार्थ ने अपने विशालकाय ड्रोन के बारे में बताया कि यह प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ खदानों में आग पर काबू पाने में भी सक्षम है। छात्र सौरभ कुमार ने अपने रोबोटिक ड्रोन को रक्षा क्षेत्र तथा देश विरोधी तत्वों का पता लगाने में उपयोगी बताया। वहीं प्रो. रमेश प्रसाद के नेतृत्व में बनी बैटरी चालित रेसिग कार की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रो. प्रसाद ने बताया कि देश के केवल सात संस्थान ही ऐसी कार बना पाए हैं और आईआईटी (आइएसएम) उनमें शामिल है। शताब्दी सप्ताह का यह शुभारंभ संस्थान के गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य का साक्षी बना।

सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

घटनास्थल पर लोंगो की भीड़

दुर्घटनाग्रस्त कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। शहर के न्यू बाईपास पर एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन की ठोकर से एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुबोध कुमार के रूप में हुई है, जो मध्य विद्यालय, इमलिया मोड़ (कुर्था) में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे हर दिन की तरह बुधवार को भी अपने घर जहानाबाद के काली नगर से स्कूटी पर सवार होकर स्कूल जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि शिक्षक सुबोध कुमार पहले से दिव्यांग थे और दिव्यांग स्कूटी के माध्यम से ही रोजाना स्कूल आते–जाते थे। उनकी असामयिक मौत की खबर मिलते ही मोहल्ले में मातम छा गया। वहीं उनके पैतृक गांव स्वाजपुर, गोनावा (कुर्था) में भी शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है और मामले की छानबीन जारी है। इस दर्दनाक हादसे ने एक समर्पित शिक्षक की जिंदगी छीन ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से न्यू बाईपास पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती, नियमित पेट्रोलिंग और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल

पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता। पकरीबरावां थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में एक युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि मारपीट में किशोरी साव के पुत्र रमेश कुमार घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि 2 दिसंबर की रात करीब 10 बजे उस पर तलवार से प्रहार किया गया। जिससे उसकी नाक कट गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बताया गया कि घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया।

पुलिस ने 55 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। पुलिस महानिरीक्षक, पटना प्रक्षेत्र के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत नालंदा पुलिस ने मंगलवार की रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित कुल 55 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिले के सभी थानों में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गंभीर अपराधों में शामिल आरोपितों पर त्वरित कार्रवाई करना था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपितों में हत्या के प्रयास से जुड़े 9, पॉक्सो एवं बलात्कार मामलों में नामजद 3, छिनतई के 1 तथा कुल 35 वारंटियों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त लंबित 50 वारंटों का निष्पादन भी किया गया, जो पुलिस की सक्रियता और अभियान की सफलता को दर्शाता है। इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात पुलिस टीमों ने रातभर छापेमारी की। कई अभियुक्त जो लंबे समय से फरार चल रहे थे, उन्हें भी दबोच लिया गया। पुलिस की इस तत्परता ने अपराध जगत में खलबली मचा दी है, जबकि स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। अधिकारी बताते हैं कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि जिले में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। नालंदा पुलिस का यह अभियान व्यापक स्तर पर प्रभावी साबित हुआ है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

फर्जी मुकदमों की जांच की मानवधिकार महासभा ने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड जनाधिकार महासभा ने राज्य के कई आदिवासी इलाकों में पुलिस की कार्रवाई, फर्जी मुकदमे और मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रांची प्रेस क्लब सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जनाधिकार महासभा के नेताओं ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की संयुक्त नीतियों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भय और असुरक्षा का माहौल तेजी से बढ़ा है, जबकि निर्दोष आदिवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।

आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता सम्मेलन में महासभा के नेताओं ने राज्य की हेमंत सरकार से मांग रखते हुए कहा कि यदि हालात नहीं सुधरे तो राज्य में बड़े पैमाने पर जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। झारखंड जनाधिकार महासभा के नेताओं ने बताया कि 21 जिलों में जल, जंगल और जमीन से जुड़े संघर्षों के कारण लोगों पर आपराधिक मुकदमे थोपे गए हैं।

बेवजह पुलिस कैंपों की वजह से ग्रामीणों में दहशत

सरकारी प्रोजेक्ट और कानूनों का विरोध करने पर आदिवासियों को अपराधी की तरह प्रस्तुत किया जाता है। जबकि वह अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे होते हैं। संगठन से जुड़े नेताओं ने कहा कि कई सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और ग्रामीणों पर फर्जी केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस द्वारा हिरासत में मारपीट, अवैध पूछताछ, महिलाओं एवं बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में पुलिस कैंपों के कारण ग्रामीणों में लगातार दहशत की स्थिति बनी हुई है।

दोषियों पर कार्रवाई की मांग

वहीं महासभा का दावा है कि राज्य सरकार ने अभी तक किसी भी मामले की सही जांच नहीं कराई और न ही दोषी अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई की है। झारखंड जनाधिकार महासभा ने राज्य के सभी निर्दोष आदिवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को तुरंत रिहा करने और संबंधित पुलिस अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग राज्य की हेमंत सरकार से की है।

रिम्स कैंपस को 72 घंटे में करें अतिक्रमण मुक्त, बहाना या देरी स्वीकार नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल 'रिम्स' यानी राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कैंपस में हुए अतिक्रमण पर हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए सख्त आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने 72 घंटे के भीतर पूरे अस्पताल परिसर से अतिक्रमण हटाने को कहा है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर आदेश का पालन नहीं हुआ तो इसे कोर्ट की अवमानना यानी कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट माना जाएगा।

बहानेबाजी या देरी स्वीकार नहींः हाईकोर्ट

झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रिम्स प्रबंधन के रूख पर कड़ी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने कहा कि रिम्स कैंपस में फैला अतिक्रमण मरीजों, छात्रों और अस्पताल की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक असर डाल रहा है। लिहाजा इस गंभीर मामले में किसी तरह की बहानेबाजी या देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अगले आदेश तक रिम्स परिसर की सभी गतिविधियों की विशेष निगरानी रखी जाएगी। कोर्ट ने 72 घंटे बाद का रिम्स कैंपस का स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी।

अतिक्रमणकारी नहीं हटे तो होगा बल प्रयोग

हाईकोर्ट ने रांची के एसएसपी को आदेश दिया है कि यदि 72 घंटे के भीतर अतिक्रमणकारी खुद नहीं हटते हैं तो हटाने के लिए पुलिस बल का सहारा लें। आज कोर्ट के आदेश पर झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी) के सदस्य सचिव ने अपनी रिपोर्ट पेश की। दरअसल, पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने झालसा के सदस्य सचिव को निर्देश दिया था कि एक टीम बनाएं और रिम्स में दवा, पैथोलॉजी, ट्रॉमा सेंटर, पेयजल, मेंटेनेंस का निरीक्षण पर रिपोर्ट सौंपे।

जीटी रोड पर वाहनों की होती है अवैध पार्किंग, हो रही दुर्घटनाएं

एनएचएआइ व परिवहन विभाग के अधिकारी नहीं करते कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जीटी रोड पर वाहनों के अवैध पार्किंग हो रही है। अवैध पार्किंग से यात्रियों के लिए इन दिनों दहशत बन गया है। जीटी रोड से लेकर अन्य हाइवे पर प्रतिदिन सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसे में यात्री काल के गाल में समा जा रहे हैं। घायल दिव्यांग हो जा रहे हैं। इधर दुर्घटना का मुख्य कारण जीटी रोड पर ट्रकों एवं अन्य वाहनों की अवैध पार्किंग से हो रही। सर्वाधिक दुर्घटना जीटी रोड पर होती है। सड़क दुर्घटनाओं से हाइवे पर यात्रियों की सुरक्षित यात्रा को लेकर एनएचएआइ से लेकर परिवहन विभाग कार्रवाई नहीं करती है। बता दें कि जीटी रोड पर मदनपुर से लेकर बारुण तक सड़क पर ही ट्रक समेत अन्य भारी वाहन खड़े रहते हैं। दिन रात तेज रफ्तार में दौड़ने वाली कार चालकों की थोड़ी सी लापरवाही से यात्री अपनी जान गंवा दे रहे हैं। इतना होने

के बावजूद भी एनएचएआइ एवं परिवहन विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं हो रहे हैं। बता दें कि परिवहन विभाग के अधिकारी सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान करती है परंतु वह कारगर साबित नहीं होता है। यह अभियान केवल कागजों पर ही सिमटकर रह जाता है। मदनपुर बाजार, खिरियावां मोड़, शिवगंज, नगर थाना के जसोइया मोड़, महाराणा प्रताप चौक, कथरूआ, कामा बिगहा, फारम, बारुण के केशव मोड़, मंजुराही, सीरिस, योगिया, मुफस्सिल थाना के ओरा, देव मोड़ को डेंजर जोन घोषित किया गया है। बता दें कि बीते चार अगस्त को नगर थाना क्षेत्र कामा बिगहा के समीप जीटी रोड पर खड़ी ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक से टक्कर हो गई। घटना में चालक की मौत हो गई थी, जबकि सहचालक घायल हो गया था। इतना होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। एमवीआइ औरंगाबाद ने बताया कि सड़क पर कहीं भी अवैध पार्किंग की जाती है तो अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जाएगा। अभी जीटी रोड सिक्स लेन का निर्माण कार्य चल रहा है जिस कारण परेशानी हो रही है। जल्द ही समस्या का समाधान हो सकेगा।

साहिबगंज में गंगा के पानी की शुद्धता की जांच

साहिबगंज/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अतुल्य गंगा ट्रस्ट के वैज्ञानिक डॉ. अविनाश कुमार एवं डॉ. आनंद स्वास्टीन ने गंगा नदी के पानी को औसतन बेहतर बताया है। उन्होंने कहा कि जलीय जीव के लिए यह पानी अच्छा है, यहां के लोग इस पानी को फिल्टर करके पी सकते हैं। ये टीम साहिबगंज पहुंची हुई है। दरअसल, ये टीम पिछले साल अक्टूबर माह में आयी थी और टीम के सदस्यों ने गंगा जल की जांच के लिए कुछ नमूने लिए थे, इन नमूनों को दिल्ली स्थित टेक्नोलॉजिकल में शोध के लिए भेजा गया था। जांच में पाया गया कि साहिबगंज से होकर बहने वाली गंगा नदी के पानी का पीएच, टीडीएस, आयरन, फ्लोराइड, सिकल प्रदूषण, ईसी, फास्फोरस, अमोनियम, डीओ समेत दूसरे पानी में घुलनशील तत्व अन्य स्थानों से बेहतर है। जलीय जीव के साथ आम आदमी, फिल्टर कर पीने योग्य बना सकते हैं। इस टीम ने पिछले साल यहां कई जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम किए थे। इस साल एक बार फिर से इस संस्थान के दो वैज्ञानिकों ने साहिबगंज के मुक्तेश्वर गंगा घाट के पास से गंगा का नमूना संग्रह किया है।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 01.12.2025; वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा सं. 44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-133-25-26; कार्य का नामः** (i) सहायक अभियंता/बारुईपुर/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में कैनिंग रनिंग रूम नई बिल्डिंग तथा नामखाना एवं कैनिंग के मौजूदा रनिंग रूम में महिला कक्ष के निर्माण के साथ लक्ष्मीकांतपुर, डॉयमण्ड हार्बर, नामखाना एवं कैनिंग के मौजूदा रनिंग रूम में सभी आनुषंगिक कार्यों का प्रावधान। (ii) वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के अधीन दिव्यांगजन व्यक्तियों के लिए रैम्प की सुविधाएं, शौचालयों, एसएस हैंड रेलों, पानी के बूथ, कम ऊंचाई वाली बुकिंग काउंटर, टैक्टाइल गाइडिंग तथा सीढ़ियों के किनारे तक जाने वाले वार्निंग ब्लॉकों इत्यादि का प्रावधान। (iii) वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के अधीन आरपीएफ ऑफिसर्स/स्टाफ के लिए महिला चेंजिंग रूम। **निविदा मूल्यः** रु. 2,43,44,631.43; **ईएमडीः** रु. 2,71,700; **कार्य समापन अवधिः** 12 (बारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 26.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 26.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेल मानक संविदा 2022 की साधारण शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है।

(SDAH-282/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

द. पू. रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना संख्या : ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-103-105-25, दिनांक 02.12.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या और निविदा संख्या; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य: (1) ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-103-25, दिनांक 02.12.2025;** (1) कोटशिला-बोकारो स्टील सिटी खंड के बीच 3 अदद पुलों पुल संख्या 104 अप+डाउन और 98 डाउन का सुदृढ़ीकरण/पुनर्स्थापन/पुनर्निर्माण। (2) महुदा-जमुनिया टांड़ खंड में किमी. 338/एमसी-17-18 पर पुल संख्या 3 के मौजूदा आरसीसी स्लैब (2 अदद) को प्रीकास्ट आरसीसी स्लैब द्वारा प्रतिस्थापित करना और विंग/रिटर्न वाल का निर्माण। (3) आद्रा मंडल में जैकेटिंग और ग्राउटिंग द्वारा पुल संख्या 393, 394ए, 395, 397, 415, 415ए, 416, 417, 419, 421ए का सुधार, विंग/रिटर्न वाल फ्लोरिंग और सीढ़ी का निर्माण; रु. 5,04,42,432.69। **(2) ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-104-25, दिनांक 02.12.2025;** (1) बोकारो स्टील सिटी-इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर में इलेक्ट्रिक इंजनों की खड़ा रखने के लिए डीजल शेड में सुविधाओं का विस्तार। (2) इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर में इलेक्ट्रिक लोको के लिए आधुनिक रखरखाव सुविधाएं। (3) बोकारो स्टील सिटी - आद्रा मंडल के तहत आरओएचएस/बोकारो स्टील सिटी, ईएलआईएनएस/बोकारो स्टील सिटी और ईएलएसएस/बोकारो स्टील सिटी स्टोर कॉम्प्लेक्स में संरचना में सुधार। (4) भोजूडीह - आद्रा मंडल में कांटर ट्रॉली और व्हील सेट के लिए सिक लाइन/भोजूडीह में सहायक शेड का प्रावधान; रु. 15,53,81,881.82। **(3) ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-105-25, तारीख 02.12.2025;** आद्रा मंडल में मंडल अभियंता/सेंट्रल/आद्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन टीबीआर -84.268 ट्रैक्शन किमी.; रु. 4,82,12,751.81। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समयः** 29.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। उपर्युक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(PR-904)

कलेक्शन एजेंट से लूट

हथियारों से लैस थे अपराधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी ओवरब्रिज के निकट बाइक सवार बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर कंपनी के कलेक्शन एजेंट से 15,60,540 रुपये लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। एजेंट के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे, जिसके बाद सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही एसडीपीओ सदर-1 सुबोध कुमार, सदर थाना अध्यक्ष यशोदा नंद पांडे सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। घटना सोमवार की दोपहर तीन बजे की बताई गई है। हालांकि घटना के 30 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है।

घटना के संबंध में महुआ थाना क्षेत्र के वीरपुर सिंघाड़ा निवासी अभिषेक कुमार ने बताया कि वह मार्च 2025 से रेडिएंट कैश मैनेजमेंट लिमिटेड में कार्यरत हैं। फ्लिपकार्ट और अन्य कंपनियों से कैश उठाकर बैंक में जमा करना उनका काम है।

उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह बैंक आफ महाराष्ट्र के पास स्थित कंपनी में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद दिग्घीकलां, डाक बंगला रोड स्थित अनवरपुर और सिनेमा रोड के तीन प्रतिष्ठानों से राशि लेकर एसबीआई सिनेमा रोड शाखा में जमा किया।

इसके बाद दोपहर में फ्लिपकार्ट, दिग्घीकलां से 15,60,540 रुपये लेकर बैंक में जमा करने निकले। दिग्घी ओवरब्रिज पर चढ़ते ही पीछे से आई काली पल्सर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। बीच में बैठे बदमाश ने पिस्तौल तान दी, जबकि पीछे बैठे युवक ने उनका बैग छीन लिया, जिसमें पूरी नकदी और कंपनी का मोबाइल था।

एजेंट के अनुसार तीनों की उम्र लगभग 20-25 वर्ष रही होगी। बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट पहने हुए था, जबकि बीच वाला युवक काली टोपी और जैकेट पहने था। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस और एसडीपीओ सुबोध कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित से पूछताछ की। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस बयान में बताया गया कि सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी ओवरब्रिज के निकट कैश कलेक्शन एजेंट से लगभग 15 लाख रुपये की लूट हुई है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच टीम बनाई गई है, जो तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर काम कर रही है।

पुलिस बदमाशों के संभावित मार्गों और आपराधिक नेटवर्क की भी पड़ताल कर रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

पटना पुस्तक मेला 5 से

पटना। बिहार का लोक उत्सव सीआरडी पटना पुस्तक मेला, जो पिछले 41 वर्षों से लगातार आयोजित होता आ रहा है, इस बार 5 दिसंबर को अपराह्न 1 बजे बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शुभ कर-कमलों से उद्घाटित होगा। पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान इस महोत्सव के लिए पूरी तरह सजा-धजा तैयार है। कलकत्ता से आए सौ से अधिक कलाकारों की ठक-ठक के साथ अंतिम तैयारियाँ जारी हैं। 5 से 16 दिसंबर 2025 तक चलने वाले इस मेले का परिसर पीली रोशनी से जगमगा रहा है।

इस बार सीआरडी पटना पुस्तक मेला एक वैश्विक आकर्षण का साक्षी बनने जा रहा है। चर्चित साहित्यकार रत्नेश्वर द्वारा रचित दुनिया का सबसे महंगा ग्रंथ 'मैं' यहां प्रदर्शित होगा, जिसकी कीमत 15 करोड़ रुपये है। यह ग्रंथ हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। पुस्तक प्रेमियों को इस अनोखे ग्रंथ के साथ सेल्फी लेने का अवसर भी मिलेगा। अनुमान है कि लगभग 6 लाख दर्शक इसे देखने पहुंचेंगे।

सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर० रोनिता की अध्यक्षता में आज सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, खूँटी के निदेशक पार्षद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारी संघ के कार्यों को मजबूत बनाने तथा किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम सिद्धकोफेड खूँटी कार्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण, कार्यालय संचालन के लिए आउटसोर्सिंग पर नियुक्ति, तथा कृषि एवं वनोपज उत्पादों के नियमित आहरण को सुचारू बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। जिला अंतर्गत सभी एमपीसीएस अपने-अपने क्षेत्र के हाट/बाजार के समीप भंडारण की सुविधा विकसित करने के प्रस्ताव को भी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, ताकि किसानों के उत्पाद का सुरक्षित भंडारण एवं समय पर संग्रहण सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अलावा बैठक में एमपीसीएस से जुड़े

कृषकों/सदस्यों के लिए कृषि से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें उन्नत तकनीकों एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी प्रदान करने पर भी बल दिया गया। उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षण से किसानों की उपज में वृद्धि होगी और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

बैठक में उपायुक्त ने खूँटी जिले में बड़ी मात्रा में उपजने वाले रागी, चिरौंजी, करंज समेत अन्य वनोपज एवं कृषि उत्पादों की स्थानीय किसानों से खरीद सुनिश्चित करने तथा उन्हें उचित मूल्य उपलब्ध कराने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी रविंद्र कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न लैम्प्स के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

पांच को देवघर आयेंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

कार्यकर्ताओं को देंगे संगठन मजबूती का गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

देवघर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 5 दिसंबर को झारखंड के देवघर पहुंचेंगे। उनके इस दौरे को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि वे यहां सांगठनिक बैठक में शामिल होकर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संगठन मजबूत करने के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन देंगे। साथ ही वे प्रदेश की राजनीतिक स्थितियों पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

बताया जा रहा है कि झारखंड में बीजेपी के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान और गुटबाजी को खत्म करने पर भी नड्डा जोर देंगे। हाल ही के विधानसभा चुनाव में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन को लेकर भी समीक्षा की जाएगी। 2019 में जहां बीजेपी को 25 सीटें मिली थीं, वहीं इस बार पार्टी सिर्फ 21 सीटों पर सिमट गई। इस गिरावट के कारणों, बूथ स्तर पर कमजोरी और संगठन के बीच समन्वय की कमी पर भी चर्चा होने की संभावना है।

इसके साथ ही अगले साल पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार की जाएगी। पार्टी वहां व्यापक अवसर देख रही है और झारखंड के कुछ मजबूत नेताओं को बंगाल में संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ दी जा सकती हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर देवघर जिला संगठन तैयारी में जुट गया है। कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश मंत्री बालमुकुंद सहाय को सौंपी गई है। वहीं रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि जेपी नड्डा का झारखंड दौरा पार्टी के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा और इससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आएगा। बैठक से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबाधाम मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे।

बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा गृहणियों का बजट

थाली से गायब हो रहीं हरी सब्जियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पिछले 15 दिनों से सब्जियों के भाव में हुई वृद्धि ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। सब्जियों के दाम में आयी उछाल ने गरीबों को मुसीबत में डाल दिया है। वहीं, मध्यम वर्ग के लोगों की थाली से भी सब्जी गायब होने लगी है।

शहर की स्थानीय सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम इतने बढ़े हुए हैं कि लोग दाम पूछकर किनारा कर निकल जाते हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि सब्जियों की आवक कम होने से दाम कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शादियों का सीजन चल रहा है। इससे सब्जियों की खपत ज्यादा और आपूर्ति कम हो रही है। सब्जियों के दाम में लागतार वृद्धि जारी है।

शहर के स्थानीय सब्जी बाजार में लौकी 50 रुपये प्रति किलो, बैंगन 60 रुपये किलो, करेला 100, मटर 120 रुपए प्रति किलो, सेम 100 रुपए प्रति किलो, फूलगोभी 50 से 80 रुपये किलो, पत्तागोभी 40 से 60 रुपए किलो, परवल 100 रुपये किलो, टमाटर 80 रुपये किलो, हरी मिर्च 80 से 90 रुपये किलो, भिंडी 80 रुपए किलो, पालक 60 रुपए प्रति किलो, नया आलू 40-50 रुपए प्रति किलो, प्याज 25 से 30 रुपए किलो किलो तक पहुंच गई है। इन दिनों महंगाई का आलम यह है कि, मुफ्त में मिलने वाली धनिया पत्ता के लिए अब 100 रुपए तक के दाम चुकाने पड़ रहे हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी ग्रहणियों को हो रही है।

एक ही सब्जी बनाकर किसी तरह गुजार किया जा रहा है।

बताया जाता है कि गरीब-अमीर हर की रसोई में आलू, प्याज व टमाटर घर की आवश्यकता होती है, लेकिन करीब एक माह से इनके दाम घटने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। हर दिन बढ़ते दामों ने घर का बजट बिगाड़ कर रख दिया है।

स्थानीय लोगों में सुरज कुमार, विपिन कुमार, अजय साह, पंकज सिंह का कहना है कि पहले जहां 200 से 300 रुपये में पूरे हफ्ते की सब्जी आ जाती थी, अब उतने में दो-तीन दिन की भी नहीं आती है।

सब्जियों के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा विक्रेता परेशान हैं। विक्रेता रामबाबू कुशवाहा का कहना है कि सब्जियों के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण उनकी बिक्री प्रभावित हुई है। ग्राहक सब्जियों के दाम पूछ कर सब्जियों की खरीदारी नहीं कर रहे हैं। जिसका असर हमारे कमाई पर पड़ रहा है।

विक्रेता ने बताया कि अमूमन इन सीजन में सब्जियों की भरमार रहती है।

सब्जियों की कीमत भी काफी कम हो जाती है। इस वर्ष इस सीजन में सब्जियों के भाव कम नहीं हो रहे हैं। थोक भाव में भी सब्जियां महंगी है। जिस कारण हमें भी सब्जियों को महंगे दामों पर बेचना पड़ रहा है।

छात्रा की हत्या मामले में पुलिस ने अभियुक्त को गुवाहाटी से किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शिवाजीनगर। थाना क्षेत्र के परसा गांव स्थित बघौनी गाछी पगडंडी समीप कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्रा गुड़िया कुमारी हत्या मामले का पुलिस में खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए रोसरा डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बीते 11 अगस्त 25 को शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के परसा गांव स्थित बघौनी गाछी के पगडंडी समीप कोचिंग पढ़ने जा रही एक छात्रा गुड़िया कुमारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

घटना के बाद प्राथमिक दर्ज कर तकनीकी अनुसंधान कर घटना में शामिल अभियुक्त को असम गुवाहाटी के ज्योतिनगर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार प्राथमिक अभियुक्त कुमोद कुमार उर्फ रघु नहारे बिहार शरीफ का रहने वाला

है।

घटना के बाद से बिहार से बाहर चला गया था। पूछताछ में आरोपी अभियुक्त कुमोद कुमार ने अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है। पूछ ताछ में बताया कि मृतक छात्रा गुड़िया कुमारी के बड़ी बहन से शादी करने वाला था लेकिन मृतका गुड़िया कुमारी विरोध कर रही थी। इसी में हत्या कर दिया। गिरफ्तारी के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त मोबाइल, मृतका का मोबाइल, घटना करने के बाद अभियुक्त के द्वारा लिए गए रेलवे का टिकट भी बरामद किया गया है। मौके पर शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष, प्रवीण कुमार , पुलिस केंद्र समस्तीपुर सअनि नरेश पासवान, सिपाही मनोज कुमार कन्हाई कुमार,अमित कुमार के

वेस्टेज वाटर से परेशान किसानों ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

दोहरी मार झेल रहे किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। मोकामा नगर परिषद की लापरवाही से परेशान किसान अब खुलकर विरोध में उतर आए हैं। किसानों का आरोप है कि नगर परिषद द्वारा वेस्टेज वाटर को री-ट्रीट करने के बाद प्रतिदिन करीब दो लाख लीटर पानी मोकामा टाल में छोड़ा जा रहा है। इस लगातार बहाव से बुआई की गई फसलें डूब रही हैं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसानों ने कहा कि मोकामा टाल क्षेत्र पहले से ही प्राकृतिक चुनौतियों से जूझता रहता है, ऊपर से अब सिस्टम की मार ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं। उनका कहना है कि वे दो तरफा संकट में फंस गए हैं, लेकिन उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। औटा कृषि विकास समिति से जुड़े कई किसान सीओ से लेकर नगर परिषद के अधिकारियों और एसटीपी प्लांट के प्रबंधक तक सभी के दरवाजे खटखटा चुके हैं, लेकिन समाधान दूर की बात लग रही है। थकहारकर किसानों ने अब मामला पीएमओ से होते हुए हाईकोर्ट तक पहुंचा दिया है।

किसानों के अनुसार अब तक 700 से 800 बीघे में

लगी फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है और नुकसान लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि वेस्टेज पानी का बहाव अभी भी जारी है। किसानों ने इस पर तुरंत रोक लगाने और उचित मुआवजा देने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे पर नगर परिषद का कोई भी अधिकारी मीडिया से बात करने को तैयार नहीं है। किसान अब अदालत और आंदोलन दोनों रास्तों को मजबूरी में अपना विकल्प मान रहे हैं।

लोगों की धमकी के विरोध में जैन मुनि बैठे साधना में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में एक धार्मिक गुरु के साथ बदसलूकी की घटना सामने आई है। मामला सरैया थाना क्षेत्र के गोपीनाथपुर दोकड़ा का है। दिगंबर जैन मुनि उपसर्गजयी श्रमण श्री विशल्यसागर जी के साथ कुछ शरारती युवकों ने रोका और गाली-गलौज के बाद धमकाया। घटना के बाद मुनिराज सड़क किनारे मौन ध्यान में बैठ गए। स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने मुनिराज को समझाया और सुरक्षा में उनकी आगे यात्रा सुनिश्चित की।

मुनिराज वैशाली में आयोजित स्वर्ण कलश और स्वर्ण ध्वज स्थापना समारोह में शामिल हुए थे। वह सरैया क्षेत्र के बासोकुंड स्थित महावीर मंदिर में ठहरे थे। मंगलवार को मड़वन प्रखंड की ओर जाते समय गोपीनाथपुर दोकड़ा के पास बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोककर धमकाया।

युवकों ने मुनिराज को वस्त्र पहनने की धमकी दी और गोली मारने की

बात कही। अफरा-तफरी के बाद मुनिराज सड़क किनारे बैठकर मौन साधना में लीन हो गए। पुलिस ने मुनिराज को समझाकर करजा थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर मड़वन तक सुरक्षा में पहुँचाया।

सरैया थानाध्यक्ष सुभाष मुखिया ने कहा कि युवकों की तलाश जारी है। लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन मामले की जांच चल रही है। घटना के बाद स्थानीय लोग और जैन समाज में संतों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

शिक्षिका की गोली मारकर हत्या

अररिया। जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां मध्य विद्यालय कन्हैली में कार्यरत शिक्षिका शिवानी कुमारी की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, शिक्षिका शिवानी वर्मा रोज की तरह फारबिसगंज से स्कूटी पर विद्यालय जा रही थीं। उसी दौरान डुमरिया से पश्चिम 17 नंबर रोड स्थित भोला बाबा मंदिर के पास बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने नजदीक से उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ीं।

स्थानीय लोगों ने तुरंत मानवीय आधार पर उन्हें अररिया सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर तेज रफ्तार से मौके से फरार हो गए। मृतका शिवानी वर्मा मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी थीं और पिछले दो वर्षों से अररिया जिले में शिक्षिका के पद पर तैनात थीं।

पुलिस ने किया मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश

आरोपित का खंगाला जा रहा नक्सली कनेक्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मधेपुरा। जिले के बिहारीगंज थाना की पुलिस ने बुधवार की सुबह बड़ी कार्रवाई की। लक्ष्मीपुर लालचंद में पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश कर हथियार और हथियार बनाने वाले उपकरण बरामद किये। इस मामले में पुलिस ने दयानंद मंडल (63) को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

दयानंद मंडल का पुत्र विकास मंडल हथियार का सप्लाई करता है। पुलिस को अब विकास मंडल की तलाश है, ताकि हथियार कहां-कहां सप्लाई की जा रही थी, इसका पता लगाया जा सके। इस बीच पुलिस को दयानंद मंडल का नक्सली कनेक्शन होने की भी जानकारी मिली है। जिसकी जांच की जा रही है।

थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह को सूचना मिली कि लक्ष्मीपुर लालचंद के चांय टोला में अवैध हथियार की फैक्ट्री चल रही है। इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को देने के बाद तत्काल पुलिस टीम ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश कर दिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से एक कट्टा और एक अर्द्ध निर्मित पिस्टल, मैगजीन और हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद किए। मौके से दयानंद मंडल को अवैध हथियार बनाते गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित के घर से भट्ठी, लोहे की पाइप, कटिंग ब्लेड, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, अर्द्ध निर्मित बट, हथौरी, छेनी एवं अन्य हथियार बनाने वाला उपकरण बरामद किया गया है। पूछताछ में दयानंद मंडल ने अवैध हथियार बनाने की बात कबूल करते हुए कहा कि मेरा पुत्र विकास मंडल निर्मित हथियार बेचने में सहयोग करता है। गन फैक्ट्री काफी दिनों से संचालित हो रहा था।

हिसुआ बाईपास को सरकार से मिली मंजूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। राज्य सरकार के मुखिया नीतीश कुमार की कैबिनेट द्वारा हिसुआ बाईपास निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद लोगों में खुशी देखी जा रही है।

जिले का यह बाईपास क्षेत्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही इसके निर्माण होने से जहां लोगों की यात्रा सुगम होगी वहीं शहर में जाम की समस्या से भी छुटकारा मिलने के पूर्ण आसार हैं।

हिसुआ बाईपास का निर्माण बोधगया- राजगीर फोरलेन सड़क से बगोदर गांव से होकर गुफा मोड़ तक किया जायेगा। इस बाईपास के निर्माण में राज्य सरकार को बहुत कम जमीन अधिग्रहण करना पड़ेगा। बगोदर आहर से होते हुए यह बाईपास उड़सा आहर होकर गुफा मोड़ तक बनाने का प्रस्ताव है। इसके निर्माण में करीब 100 करोड़ रुपये लागत का अनुमान है। सड़क निर्माण पर करीब 33 करोड़ रुपये खर्च आएंगे। इसके अलावा अन्य मद में योजना की राशि खर्च होगी। सड़क की लम्बाई 2.9 किलोमीटर होगी। जो सीधे एनएच 82 से होकर एसएच-आठ गया जी- नवादा सड़क से जुड़ेगा।

जिसके कारण इस रूट से होकर गुजरने वाले वाहन हिसुआ बाजार नहीं जाकर सीधे राजगीर और गया जी की ओर निकल जाएगा। जिससे शहर में लगने वाले भीषण जाम की समस्या से आम लोगों के साथ ही इस रूट के यात्रियों को भी छुटकारा मिल जायेगा।

बीते शनिवार को कैबिनेट ने राज्य के कुल 13 सड़क परियोजनाओं के निर्माण की स्वीकृति दी है। उसमें नवादा की भी दो सड़क परियोजना शामिल है। इसके निर्माण के लिए स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर काफी दिनों से प्रयासरत थे। बाईपास निर्माण को लेकर स्थानीय अधिकारियों द्वारा कुछ महीने पूर्व हीं स्थल का निरीक्षण भी किया।

प्रकाश पर्व पर रूकेंगी 38 अतिरिक्त ट्रेनें

पटना। गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 359वें प्रकाश पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 19 दिसंबर से दो जनवरी, 2026 तक पटना साहिब स्टेशन पर 38 ट्रेनों का दो मिनट का विशेष ठहराव दिया गया है। प्रकाश पर्व में देशझविदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पटना साहिब पहुंचते हैं।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस अवधि में पूर्वा एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस, दूरंतो एक्सप्रेस, महाराणा प्रताप अनन्या एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, द्वारिका एक्सप्रेस, बागमती एक्सप्रेस, गरीबरथ एक्सप्रेस सहित कुल 38 ट्रेनें पटना साहिब स्टेशन पर दो मिनट रुकेंगी। रेलवे ने कहा है कि प्रकाश पर्व के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह ठहराव श्रद्धालुओं को पटना साहिब गुरुद्वारा तक पहुंचने में काफी सहूलियत देगा। सभी ट्रेनों के आगमनझप्रस्थान का समय निर्धारित कर जारी किया गया है।

संभावित आरक्षण बदलाव से गांवों में बढ़ी हलचल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही सदर प्रखंड बेगूसराय में 2026 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जून-जुलाई 2026 में चुनाव हो सकते हैं, भले ही आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्ति के करीब आते ही संभावित उम्मीदवारों ने गांव-गांव जाकर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। सरपंच, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के दावेदार अपनी सक्रियता बढ़ा रहे हैं।

गांवों में चौपालों और सामाजिक कार्यक्रमों में चुनावी चर्चा आम हो चुकी है। कई वर्तमान जनप्रतिनिधि अब तक हुए विकास कार्यों की सूची जनता के सामने रखकर दोबारा मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं नए चेहरे अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं।

खासकर युवा और महिलाओं में चुनाव लड़ने की उत्सुकता बढ़ी है। प्रशासनिक स्तर पर भी प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मतदाता सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने और बूथों के पुनर्गठन को लेकर काम तेज हो सकता है। भले ही पंचायत चुनाव दलगत आधार पर नहीं होंगे, लेकिन राजनीतिक दलों की रणनीति स्थानीय राजनीति को प्रभावित करती दिखेगी।

सबसे अधिक चर्चा संभावित आरक्षण बदलाव को लेकर है। कई पंचायतों में सीट बदलने की संभावना से वर्तमान प्रतिनिधि चिंतित हैं, वहीं नए उम्मीदवार इसे अपने लिए अवसर मानकर सक्रियता बढ़ा रहे हैं। ग्रामीण मतदाता भी अपने क्षेत्र में हुए कार्यों का मूल्यांकन कर रहे हैं। कुल मिलाकर 2026 पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट ने बेगूसराय के गांवों में राजनीतिक माहौल को अभी से गरमा दिया है।

नालंदा की प्रदूषित हुई हवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ की हवा एक बार फिर गंभीर खतरे की ओर बढ़ रही है। हालिया एयर इंडेक्स रिपोर्ट में वायु गुणवत्ता सूचकांक 170 के पार दर्ज किया गया है, जिसे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक माना जा रहा है। यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है, बल्कि शहर में बढ़ते प्रदूषण के कारणों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ना विशेष रूप से चिंताजनक है।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में शहर में तेजी से चल रहे निर्माण कार्यों ने धूल और कणों की मात्रा को काफी बढ़ा दिया है। सड़क चौड़ीकरण, फ्लाईओवर निर्माण, नए भवनों का निर्माण और लगातार खोदी जा रही सड़कों से उठने वाली धूल हवा में घुलकर पीएम 2.5 और पीएम 10 पार्टिकुलेट मैटर के स्तर को खतरनाक रूप से बढ़ा रही है।

प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले पेड़-पौधों की बड़ी संख्या में कटाई भी इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के कारण पेड़ दफन हो गए हैं, जिससे प्राकृतिक फिल्टर का संतुलन बिगड़ गया है। पेड़ों की कमी से हवा को शुद्ध करने की क्षमता घट गई है, जिसका सीधा असर शहर की वायु गुणवत्ता पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि हरियाली की कमी वाले शहर अधिक तेजी से प्रदूषण का बोझ झेलते हैं।

चिकित्सकों के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक 170 की हवा में लगातार रहने से सामान्य लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश, थकान, खांसी और सांस लेने में परेशानी हो सकती है। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और हृदय रोगियों के लिए यह प्रदूषण और भी घातक है। बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

शहर में बढ़ती चिंता और नियंत्रण उपायों की आवश्यकता है। पिछले एक वर्ष में वायु गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। हरियाली में कमी, तेजी से बढ़ता यातायात और बिना रोक-टोक हो रहे निर्माण कार्य ने शहर को प्रदूषण की चपेट में ले लिया है। यदि प्रशासन ने समय रहते धूल नियंत्रण, वाहनों पर निगरानी और पेड़ों की कटाई रोकने के सख्त कदम नहीं उठाए, तो स्थिति अगले महीनों में और बदतर हो सकती है।

टीम ने किया निरीक्षण

साहिबगंज। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की छह सदस्यीय टीम ने बुधवार को साहिबगंज सदर प्रखंड के हाजीपुर भिट्ठा और हाजीपुर दियारा पंचायत में प्रस्तावित एयरपोर्ट के लिए चयनित जमीन का निरीक्षण किया। दिल्ली से आए पांच और पूर्णिया से एक सदस्य की टीम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ साइट विजिट कर एयरपोर्ट निर्माण के लिए चिह्नित 494 एकड़ भूमि का विस्तृत मुआयना किया।

टीम में शामिल विशेषज्ञों ने सबसे पहले जमीन की भौगोलिक स्थिति और सीमांकन का अध्ययन किया।

शैक्षणिक प्रणाली में प्रतिभाओं को पहचानने के लिए विशेष रणनीति जरुरी : विजय प्रकाश

देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाया गया मेधा दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में बुधवार को मेधा दिवस का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजेन्द्र स्मृति संग्रहालय परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद देशरत्न सभागार में 'एनर्चरिंग गिफ्टेड लर्नर्स' विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें नैसर्गिक रूप से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान और उनके शैक्षिक विकास के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विस्तृत विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेधा दिवस का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब शैक्षणिक प्रणाली में उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पहचानने और विकसित करने के लिए विशेष रणनीतियों को शामिल किया जाएगा जिनके लिए सामान्य शैक्षिक योजनाएं पर्याप्त नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि औसत बौद्धिक क्षमता वाले छात्रों के लिए बनी योजनाओं के समानांतर मेधावी विद्यार्थियों के लिए अलग शैक्षिक ढांचा तैयार करना समय की आवश्यकता है। कार्यशाला दो सत्रों में संपन्न हुई। उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अतिथियों का स्वागत बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ राणा अवधेश ने किया। उन्होंने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की विशेषताओं और उनके लिए आवश्यक शैक्षणिक हस्तक्षेपों की विस्तृत जानकारी दी। उद्घाटन सत्र का समापन बिहार विद्यापीठ की निदेशक–शिक्षा, संस्कृति और संग्रहालय डॉ मृदुला प्रकाश द्वारा आभार ज्ञापन के साथ हुआ। द्वितीय सत्र का संचालन एस. एन. सिन्हा महाविद्यालय, जहानाबाद के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर डॉ शशिधर गुप्ता ने किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के लिए संवेगात्मक बुद्धि, प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान और अधिगम रणनीतियों पर आधारित गतिविधियां संचालित कीं। तार्किक क्षमता और रचनात्मक अभिव्यक्ति से जुड़े ये अभ्यास प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुए। मंच संचालन बी.एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु मिथुन और अर्चना ने किया। कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ के वित्त मंत्री नीरज सिन्हा, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण, ए. आई. सी. के सीओओ प्रमोद कर्ण, इसरो के वैज्ञानिक प्रो. एस. नारायण, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में बी.एड प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर किया नमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 141वीं जयंती के अवसर पर राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात् राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वदेशी कंबल आश्रम की चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। राजेन्द्र चौक से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट समाधि स्थल पहुंचकर देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, विधायक श्याम रजक, विधायक अश्वमेध देवी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

शैलेंद्र कुमार ओझा बने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आप्त सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने अपने कार्यालय के संचालन के लिए बेहतर प्रबंधकीय क्षमता वाले, अनुभवी और प्रशासनिक दृष्टि से सक्षम शैलेंद्र कुमार ओझा उर्फ शैल ओझा को अपना आप्त सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को प्रशासनिक दक्षता और मजबूत कार्यशैली के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। शैलेंद्र कुमार ओझा बिहार के प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र में एक जाना-पहचाना और विश्वसनीय नाम है। इससे पहले वे बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के अलावा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्रियों के साथ आप्त सचिव के रूप में काम कर चुके हैं। मंत्रालयों के प्रशासनिक कार्यों के संचालन, समन्वय और नीतिगत क्रियान्वयन में उनका योगदान महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। रोहतास जिले के तिलौथू गांव के निवासी ओझा का रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर जैसे जिलों से गहरा संबंध रहा है। प्रशासनिक कार्यों के प्रति उनकी दक्षता, व्यवहारिक दृष्टिकोण और समयबद्ध कार्य निष्पादन की प्रतिबद्धता के कारण वे लंबे समय से राजनीतिक गलियारों में चर्चा में रहे हैं। शैलेंद्र ओझा को करीब से जानने वालों का कहना है कि उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसी तेजतर्रार और कार्यकुशल राजनीतिक नेतृत्व के साथ काम करना उनके अनुभव, क्षमता और प्रभाव को और अधिक सशक्त बनाएगा। साथ ही इस नियुक्ति से उप मुख्यमंत्री कार्यालय की कार्यप्रणाली में तीव्रता और अधिक पेशेवर प्रभाव देखने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह नियुक्ति प्रशासनिक रूप से उप मुख्यमंत्री के कार्यालय को मजबूत करने और तेज गति से कामकाज सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राजेन्द्र बाबू ने सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर किया भारत का मस्तक ऊंचा : मोहन सिंह

देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी से प्रेरणा लें युवा : रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह मोहन सिंह ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर उसके गुंबद का निर्माण कराकर भारत का मान बढ़ाया और भारत का मस्तक ऊंचा कराया था। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र बाबू ने आजादी के बाद अपने पहले निर्णय में सोमनाथ मंदिर के क्षतिग्रस्त गुंबद निर्माण का प्रस्ताव इसलिए दिया कि विदेशी आक्रमणों में सोमनाथ मंदिर का बहुत क्षति हुआ था। उस मंदिर का टूटा गुंबद विदेश से आनेवाले लोगों के लिए शर्म के समान था और उससे भारत का अपमान हो रहा था। मोहन सिंह बुधवार को बिहार राज्य धर्मिक न्यास पर्षद की ओर से देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं सोमनाथ मंदिर पुनर्स्थापना विषय पर आयोजित परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में रहकर उनका व्यवहार देश के लिए प्रेरणाश्रोत था। वे राष्ट्रपति के पद से अवकाश लेकर सामान्य ट्रेन से पटना आये थे और अपना घर न जाकर पटना के सदाकत आश्रम में टूटे मकान में रहे थे। वहां उनको कई तरह की दिक्कतें हुई और स्थानीय लोगों ने चंदा कर उनके लिए सदाकत आश्रम का मरम्मत कराया था। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद व जेपी का यादकर सरकार को अपना शासन प्रशासन चलाना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जो बिहार के लाल थे जिन्होंने सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर देश में अपने सनातनी होने का परिचय दिया था और भारत के मुकुट को फिर से स्थापित किया था। हमें अपने महापुरूषों और पूर्वजों को यादकर उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए। वे एक विद्वान राजेनता के साथ-साथ सच्चे सनातनी थे और उन्होंने सनातन की रक्षा को अपने पहले एजेंडे में जगह दी। उन्होंने मठ मंदिरों से सनातन के विकास में आगे आने का आह्वान भी किया। इसके लिए हर पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण भगवान की कथा व हर अमावस्या के दिन भवगती का पाठ होना चाहिए तब मदिर जनमानस विकास का केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि डॉ राजेन्द्र बाबू जब अपने जीवन के अंतिम समय में सदाकत आश्रम में रह रहे थे तब रामाश्रम सत्संग के लोगों ने उनको साधना करने की सलाह दी थी जिसे उन्होंने अपनाया था। उनकी जीवनी से हमारे प्रदेश के युवाओं को सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य चंदन कुमार सिंह ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद व्यक्ति नहीं विचार थे उनकी जीवनी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में जगतगुरू कंचन भवानी ने गुरुकुल के बच्चों को शस्त्र के साथ-साथ शास्त्र की भी शिक्षा देने पर बल दिया। इस मौके पर वेद विद्यालय के बच्चों ने स्वस्ति वाचन, हनुमान चालीसा, दुर्गा सप्तसती व अन्य मंत्र का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अधिकारी तुषार कांति व धन्यवाद ज्ञापन तुलस्थान जी ने किया। इस मौके पर विधायक सुनील पिंटू, धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य आनंद कुमार, हेमराज राम, दक्षिण बिहार के प्रांत प्रचारक उमेश सिंह, ज्योति पांडेय, विक्की निषाद, अमन सिन्हा, महंथ बालक राम सहित कई लोग मौजूद थे।

एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025-26 पटना रीजनल राउंड का आयोजन आज

प्रथम विजेता टीम को 60 हजार और द्वितीय स्थान को 40 हजार मिलेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी द्वारा इलेक्ट्रॉन क्विज 2025-26 का पटना रीजनल राउंड 4 दिसम्बर को शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की क्विज श्रृंखला 21 नवम्बर से 17 दिसम्बर तक पटना सहित देश के 9 क्षेत्रीय केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (नैगम संचार), विश्वनाथ चंदन ने बताया कि इस क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य नवोदित प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवा मस्तिष्क की तार्किक सोच को नई धार देना है। उन्होंने आगे बताया कि पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा आयोजित होने वाले इस पटना क्षेत्रीय चरण में क्षेत्र के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट संस्थानों की 200 से अधिक टीमों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं और शिक्षण संस्थानों में उत्साह का विशेष माहौल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम विजेता टीम को 60 हजार, द्वितीय स्थान को 40 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 20 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। चौथे से छठे स्थान की टीमों को 8 हजार का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को आकर्षक टी-शर्ट और प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। प्रत्येक क्षेत्रीय चरण से शीर्ष दो टीमें प्रतिष्ठित नेशनल सेमी-फाइनल के लिए चयनित होंगी। इसके बाद 14 दिसम्बर को पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नोएडा में होने वाले राष्ट्रीय फाइनल में देशभर की श्रेष्ठ प्रतिभाओं के बीच मुकाबला होगा। 2004 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रही इलेक्ट्रॉन क्विज प्रतियोगिता इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के छात्रों के लिए एक प्रतिष्ठित मंच बन चुकी है। यह आयोजन छात्रों में तार्किक सोच, शैक्षणिक उत्कृष्टता और समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इलेक्ट्रॉन क्विज प्रतियोगिता एनटीपीसी की सतत उत्कृष्टता, नवाचार और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो न केवल ऊर्जा क्षेत्र में एनटीपीसी की अग्रणी भूमिका को दर्शाती है बल्कि भविष्य के नेतृत्व कर्ताओं को तैयार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास है।

पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 पटना में चार श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना में चार श्रम संहिताओं में हाल ही में किए गए बदलावों पर जागरूकता सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हितधारकों को नई श्रम रूपरेखा के प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं और लाभों के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी संविदा श्रमिक, निश्चित अवधि के कर्मचारी (एफटीई), एचआर विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। सत्र को प्रखर सिंह, सहायक श्रम आयुक्त, पटना और पी.के. पंकज, केंद्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, पटना ने संबोधित किया। दोनों अधिकारियों ने इन सुधारों के महत्व पर जोर दिया जो पारदर्शिता, श्रमिक कल्याण और व्यवसाय करने में सुगमता सुनिश्चित करते हैं।

सदाकत आश्रम में राजेश राम के नेतृत्व में राजेंद्र बाबू की मनाई गयी जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद की 141 वीं जयन्ती आज सदाकत आश्रम में मनायी गयी। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित डा. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संविधान निर्माण और राष्ट्र निर्माण के अतुलनीय पुरोधा थे। उनका सादा जीवन, उच्च विचार और देश के प्रति समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी जो डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों की सच्ची विरासत है। राजेश राम ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद में विलक्षण प्रतिभा के साथ-साथ उनका स्वाभाव भी बहुत ही मृदुल था। देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद ग्रहण करने वाले राजेन्द्र बाबू सामान्य जीवन जीने में विश्वास रखते थे। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिये यह बड़े गर्व की बात है कि डा. राजेन्द्र प्रसाद 14 वर्षों से अधिक समय तक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद को सुशोभित किये और सदाकत आश्रम में ही अंतिम सांस ली।

जैन मुनि विशल्य सागर महाराज पुलिस एस्कॉर्ट के साथ सुरक्षित रवाना

जैन समाज ने प्रशासन का जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी। जैन मुनि विशल्य सागर जी महाराज, जो मुजफ्फरपुर से मिथिलापुरी (सीतामढ़ी) के लिए विहार कर रहे हैं। उनके साथ मुजफ्फरपुर के आवे क्षेत्र में हुई बदसलूकी की घटना के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें पुलिस एस्कॉर्ट के साथ सुरक्षित आगे भेजा। आज दोपहर 3 बजे महाराज श्री ने पकड़ी से विहार प्रारंभ कर सरदारपुर कांति की ओर यात्रा जारी रखी। इस दौरान भी प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया और कई पुलिसकर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। एम पी जैन ने कहा कि जैन समाज प्रशासन के इस संवेदनशील सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। बिहार स्टेट दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मंत्री पराग जैन ने कहा कि महाराज श्री मिथिलापुरी में जैन मंदिर के होने वाले पंचकल्याणक के लिए विहार कर रहे हैं। जैन मुनि परंपरा अनुसार नंगे पैर पैदल चलते हैं और सदैव निर्वस्त्र रहते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासन द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय है। जैन समाज ने उम्मीद जताई कि आगे की यात्रा में भी इसी प्रकार सुरक्षा और सहयोग उपलब्ध कराया जाता रहेगा। ताकि मुनि श्री का विहार सुरक्षित और शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

जैन समाज ने की कमलदह तीर्थ क्षेत्र की भूमि बचाने को लेकर अंचल अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कमलदह जैन तीर्थ, मौजा रानीपुर स्थित 5 एकड़ 4 डिसमिल सार्वजनिक धार्मिक न्यास भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण, गलत जमाबंदी प्रयास और तालाब/झील भराई के विरोध में श्री कमलदह जी दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र की ओर से आज अंचल अधिकारी, दीदारगंज को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि यह भूमि सेठ सुदर्शन स्वामी जी एवं स्थूलभद्र जी महाराज के नाम से खतियान में दर्ज सामूहिक धार्मिक न्यास संपत्ति है जिस पर श्वेतांबर ट्रस्ट द्वारा बिना अनुमति अवैध नींव निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पास स्थित तालाब को मिट्टी से भरना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और जलाशय नियमों का उल्लंघन है। समाज ने प्रशासन से अवैध निर्माण पर तत्काल रोक, तालाब भराई पर पूर्ण प्रतिबंध, स्थल निरीक्षण व सीमांकन, अवैध जमाबंदी प्रयास की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। मानद मंत्री पराग जैन ने कहा कि यह मामला धार्मिक आस्था और सार्वजनिक न्यास संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा है। प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा है।

एक्यूप्रेशर ट्रेनर ट्रेनिंग-सह-अर्थराटिस विषयक संगोष्ठी सात को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, पटना द्वारा एक्यूप्रेशर गुरूमाता दिवस के अवसर पर 7-8 दिसम्बर को एक्यूप्रेशर ट्रेनर ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज सचिव डा. अजय प्रकाश ने बताया कि देश के चार राज्यों के चिकित्सक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरान्त चिकित्सक अपने राज्यों में बेसिक एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे जिससे लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा, गम्भीर रोगों से बचाव हो सकेगा। इस अवसर पर अर्थराइटिस के विभिन्न स्वरूप एवं उसका एक्यूप्रेशर उपचार विषय पर 7 दिसम्बर को संगोष्ठी भी आयोजित है। अर्थराइटिस से पीड़ित जनमानस एवं चिकित्सक संगोष्ठी का लाभ लेंगे।

14 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दिव्यांगों के बीच वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुनियाद केंद्र बख्तियारपुर, बाढ़ पटना में आयोजित कार्यक्रम में 14 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का मुख्यमंत्री सशक्तिकरण छत्र (संबल) योजना अंतर्गत वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ उज्ज्वलकांत कुमार, बुनियाद केंद्र के प्रबंधक अरविंद कुमार, सुप्रिया कुमारी, राकेश कुमार तथा दिव्यागजनों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दिव्यांगजनों के प्रोत्साहित हेतु उनके बीच ट्राई साइकिल दौड़, मेढक दौड़, छड़ी दौड़, नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले 15 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य हेतु शशि शेखर सुमन, मधुमाला कुमारी, लीला कुमारी विकास मित्र, सामाजिक कार्यकर्ता उदय कुमार, धीरज कुमार, संजू कुमारी आदि को सम्मानित किया गया।

संपादकीय

वृद्धि की दर के ताजे आंकड़ों पर उठ रहे कुछ सवाल

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आने वाली सकारात्मक खबरें निश्चित तौर पर एक राहत का संदेश होती हैं। खासतौर पर जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुस्तरीय उथल-पुथल के बीच देश कई विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा हो, आर्थिक विकास दर में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी के आंकड़े बताते हैं कि अगर समाधानमूलक उपायों को लागू करने को लेकर संजीदगी बरती जाए, तो रास्ते निकाले जा सकते हैं।ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 8.2 फीसद बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि करीब सात फीसद के अनुमान से अधिक है।दरअसल, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, कारखाना उत्पादन में तेजी और सेवा क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के बेहतर नतीजे सामने आए। सही है कि इस समय कृषि क्षेत्र सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, लेकिन कारखाना उत्पादन और सेवा क्षेत्र में तेज प्रगति देखी गई, जिसने कृषि क्षेत्र में आई शिथिलता को बेअसर कर दिया।जाहिर है, जीडीपी वृद्धि दर के ताजा सरकारी आंकड़े को आर्थिक मोर्चे पर एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन अगर इसका असर जमीनी स्तर पर भी स्पष्ट दिखे और जनता को उसका लाभ सीधे महसूस हो, तभी इसका कोई अर्थ है।निश्चित तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई शुल्क नीति के दायरे में भारत भी है और इससे इसके निर्यात क्षेत्र पर खासा प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग जगहों पर युद्धों और अन्य अनिश्चितताओं के कारण भी बहुत सारे देशों की अर्थव्यवस्थाएं लगातार बचाव या जद्दोजहद की स्थिति से गुजर रही हैं। ऐसे में अगर भारत ने वृद्धि दर के मोर्चे पर अनुमान से अधिक हासिल किया है, तो यह अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है।मगर सवाल यह है कि जिस महंगाई दर के आंकड़े के आधार भी वृद्धि दर के आंकड़े में शामिल माने जाते हैं, क्या उसमें वास्तव में इतनी कमी आई है? महंगाई दर के कम होने को लेकर सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के बरक्स यह छिपा नहीं है कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों के मामले में आम लोगों के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं। अर्थव्यवस्था के वार्षिक मूल्यांकन में यहां के राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में गंभीर खामियां बताते हुए इन्हें 'सी' श्रेणी में रखने की बात कही है।

भारत की आर्थिक विकास दर ने पूरे विश्व को चौंकाया

जैसे ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हुए कुछ मूर्धन्य पत्रकार तुरन्त अपने आंकलन के साथ मीडिया में उपस्थित हो गए एवं अपनी प्रतिक्रिया में यह बताने का प्रयास करने लगे कि भारत की आर्थिक विकास दर तो इतनी तेज गति से आगे बढ़ ही नहीं सकती। वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 5.6 प्रतिशत रही थी। विशेष रूप से विनिर्माण एवं सेवा के क्षेत्र में वृद्धि दर अतुलनीय रही है। विनिर्माण के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि दर रही थी जो वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में बढ़कर 9.1 प्रतिशत की हो गई है।

(प्रह्लाद सबनानी)

इसी प्रकार, सेवा क्षेत्र में भी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत की रही है। वित्तीय, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं में तो वृद्धि दर बढ़कर 10.2 प्रतिशत (पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.2 प्रतिशत) एवं जन प्रशासन, डिफेंन्स एवं अन्य सेवाओं में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत (पिछले वर्ष 8.9 प्रतिशत) की रही है। व्यापार, होटल, यातायात एवं कम्यूनिकेशन में भी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत (पिछले वर्ष 6.1 प्रतिशत)। केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं डिफेन्स के क्षेत्र में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। कृषि क्षेत्र में जरूर वृद्धि पिछले वर्ष 4.1 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई है एवं कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में भी वृद्धि दर पिछले वर्ष 8.4 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 7.2 प्रतिशत रही है।

जैसे ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हुए कुछ मूर्धन्य पत्रकार तुरन्त अपने आंकलन के साथ मीडिया में उपस्थित हो गए एवं अपनी प्रतिक्रिया में यह बताने का प्रयास करने लगे कि भारत की आर्थिक विकास दर तो इतनी तेज गति से आगे बढ़ ही नहीं सकती। क्योंकि, वैश्विक स्तर पर इतनी विपरीत परिस्थितियों के बीच एवं विकसित देशों में विकास की धीमी दर एवं कुछ देशों में तो विकास दर के ऋणात्मक रहने के चलते (ओईसीडी देशों की आर्थिक विकास दर 2 प्रतिशत के भी नीचे है), भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के ऊपर कैसे रह सकती है। साथ ही, विभिन्न वित्तीय संस्थानों यथा, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, विश्व व्यापार संगठन के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान जताया था। फिर, भारत की आर्थिक विकास इस अवधि में 8.2 प्रतिशत कैसे रह सकती है?

हाल ही के समय में केंद्र सरकार ने भारत में आर्थिक क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। इन सुधार कार्यक्रमों का असर अब भारत की आर्थिक विकास दर में तेजी के रूप में दिखाई देने लगा है। आयकर की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है और इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 में लागू किया जा चुका है। भारत में 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों को (लगभग 10 प्रतिशत तक) कम कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों (रेपो दर) में एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है एवं दिसम्बर 2025 माह में 25 आधार बिंदुओं की एक और कटौती की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भारत की मातृशक्ति के बैंक खातों, किसानों के बैंक खातों एवं गरीब वर्ग के बैंक खातों में सीधे ही सहायता की राशि जमा की जा रही है। साथ ही, भारत के लगभग 65 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त उपायों का स्पष्ट असर यह हो रहा है कि भारत के दूर दराज इलाकों में निवासरत गरीब वर्ग के हाथों में सीधे पैसा पहुंच रहा है, जिससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ रही है एवं वे इस पैसे से कई प्रकार के उत्पादों का सेवन करने लगे हैं और जिससे अंततः देश में इन उत्पादों की मांग में

भारी वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में निजी उपभोग भी वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही के 4.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में 8 प्रतिशत से बढ़ा है। साथ ही केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों में भी 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिससे रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं एवं उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज हुई है।

उक्त कारणों के साथ ही, भारत में धार्मिक पर्यटन में भी भारी वृद्धि हुई है। अब, कई श्रद्धालु परिवार भारत के अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु प्रति माह लाखों की संख्या में पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार, वाराणसी स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर, उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर, जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर, दक्षिण में भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर, ओड़िसा के पुरी में स्थित मंदिर, उत्तराखंड स्थित गंगोत्री, यमुनोत्रि, केदारनाथ मंदिर, बद्रीनाथ मंदिर आदि मंदिरों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने हेतु पहुंच रहे हैं। हाल ही में प्रयागराज में सम्पन्न हुए कुम्भ के मेले में तो 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश विदेश से पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने हेतु पहुंचे थे। इसी प्रकार, भारत की एक और विशेषता है कि यहां विभिन्न त्यौहारों को बड़े ही उत्साह से भाई-चारे के साथ मनाया जाता है। दीपावली का पावन पर्व एवं दीपावली के आसपास के समय में कई त्यौहार श्रद्धापूर्वक मनाए जाते हैं एवं इन त्यौहारों पर समाज में परिवारों द्वारा लाखों करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। इस वर्ष एक आकलन के अनुसार दीपावली के पावन पर्व एवं दीपावली के समय के आसपास के समय में मनाए गए विभिन्न त्यौहारों पर 6 लाख करोड़ रुपए के विभिन्न उत्पादों की बिक्री भारत में हुई है। फिर, शादियों का मौसम भी प्रारम्भ होता है जिसमें करोड़ों की संख्या में विवाह समारोह सम्पन्न होते हैं, इन विवाह समारोहों में भी लाखों करोड़ रुपए का खर्च भारतीय समाज द्वारा किया जाता है। इन कारणों के चलते भी भारत में हाल ही के समय में उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। जिससे, अंततः इन उत्पादों का निर्माण भी भारत में होने लगा है तथा विनिर्माण के क्षेत्र में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

दरअसल, विदेशी वित्तीय संस्थान भारत की संस्कृति से पूर्णत अनभिज्ञ हैं एवं पश्चिमी देशों की संस्कृति के अनुसार विकसित किए गए मॉडल से भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगा रहे हैं। इन मॉडल के अनुसार जहां, इन विभिन्न विदेशी वित्तीय संस्थानों द्वारा 6 से 7 प्रतिशत के बीच की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया जाता है वहीं भारत की आर्थिक विकास दर अब 8 प्रतिशत की दर को भी पार करती हुई दिखाई दे रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इन वित्तीय संस्थानों के आंकलन में इतना भारी अंतर सोच का विषय है। अब भारत के आर्थिक विकास के सम्बंध में अनुमानों को आंकने के लिए भारतीय मॉडल ही विकसित करने की आवश्यकता है। वरना, इसी प्रकार की गलतियां इन विदेशी वित्तीय संस्थानों द्वारा की जाती रहेंगी एवं भारत में कुछ विघ्न संतोषी पत्रकार इसी प्रकार देश के आर्थिक विकास की दर पर अपनी शंका-कुशंकाओं को समाज के बीच में लाते रहेंगे और गलत विमर्श खड़ा करने का प्रयास करते रहेंगे।

हां, भारत में ऐसे कुछ क्षेत्र जरूर हैं जिनमे विकास दर को गति देने के प्रयास किए जाने चाहिए। जैसे, भारत में खदानों से उत्पादन में वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, पिछले वर्ष भी इसी अवधि में 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई थी। जब देश में विनिर्माण के क्षेत्र में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा रही है तो फिर खदानों से उत्पादन क्यों नहीं बढ़ना चाहिए? इसका आशय कहीं यह तो नहीं कि हम कच्चे माल की जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करने का प्रयास कर रहे हों। इस बीच भारत में आयात की मात्रा में भी भारी वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर कुछ धीमी रही है। उक्त अवधि (तिमाही) के दौरान, भारत में उत्पादों का आयात 18,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जबकि भारत से उत्पादों का निर्यात 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है। इस प्रकार, कुल व्यापार घाटा बढ़कर 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। इस प्रकार, भारत में कच्चे माल के उपयोग में आत्म निर्भरता हासिल करना आवश्यक हो गया है। जिन वस्तुओं का उत्पादन भारत में ही आसानी से सम्भव है, उनका आयात बंद अथवा कम करना ही होगा। अन्यथा, की स्थिति में भारत को अपने व्यापार घाटे को संतुलित करना, अति मुश्किल कार्य हो जाने वाला है। सामाजिक स्तर पर भी इस समस्या का हल निकालना होगा। केवल देश में ही उत्पादित वस्तुओं का उपयोग करना आज प्रत्येक परिवार का कर्तव्य बन जाना चाहिए। देश में बढ़ती मांग की आपूर्ति यदि देश में ही निर्मित वस्तुओं से होने लगेगी तो विदेशी संस्थाओं द्वारा भारत में अपने उत्पाद बेचकर कमाए जाने वाले लाभ को वे अपने देश में नहीं ले जा सकेंगे और इससे अंततः भारत के व्यापार घाटे को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

उच्च शिक्षा में जवाबदेही की मांग जायज

(हरिवंश चतुर्वेदी)

कभी-कभी कोई साधारण घटना मील का पत्थर बनकर युगांतरकारी बदलावों को जन्म देती है। एक निजी विश्वविद्यालय की छात्रा को अपने नाम-परिवर्तन को विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड में दर्ज करवाने को लेकर जो तकलीफें झेलनी पड़ीं, उसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने न केवल दोषी विश्वविद्यालय पर सख्त कार्रवाई की, बल्कि देश के सभी 603 निजी विश्वविद्यालयों के अब तक के कामकाज और उनके वित्तीय प्रबंधन की जांच के आदेश भी दिए हैं। इससे जुड़े कई सवाल अहम हैं। क्या सुप्रीम कोर्ट की यह सख्ती हमारी उच्च शिक्षा को उसकी मौजूदा चिंताजनक स्थिति से उबार पाएगी? क्या यह सख्ती राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 द्वारा सुझाए गए नियमन मॉडल को कूड़ेदान में डाल देगी, जिसमें हल्के नियमन और चुस्त प्रबंधन को अपनाने का सुझाव दिया गया है? संसद के शीतकालीन सत्र में उच्च शिक्षा के सबसे महत्वपूर्ण विषय प्रभावशाली नियमन को लेकर भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) के गठन पर जिस बिल को पेश किया जाना है, क्या उस पर होने वाली बहस में मौजूदा नियामक संस्थाओं के क्रियाकलापों पर प्रश्नचिह्न लगाए जाएंगे? सुप्रीम कोर्ट की इस कार्रवाई से यह बहस भी उठेगी कि शिक्षा को व्यवसाय नहीं बनाया जा सकता। शिक्षण संस्थानों को हमारे संविधान ने 'नॉट फोर प्रॉफिट' (गैर-लाभकारी) गतिविधि बताया है, जिसे सिर्फ ट्रस्ट और सोसाइटी ऐक्ट के अंतर्गत ही स्थापित किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों से यह जानकारी भी मांगी है कि क्या निजी विश्वविद्यालय सिर्फ 'रीजनेबल सरप्लस' (जरूरत से थोड़ा सा ज्यादा) कमाती हैं और क्या ये रकम इनके व्यक्तिगत हितों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं? आजादी के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) 1956 में और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) 1987 में कानूनी तौर पर नियामक अंग बनाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से जांच करके यह बताने को कहा है कि ये विश्वविद्यालय कब व कैसे अस्तित्व में आए और इनको क्या-क्या सुविधाएं सरकारों से मिलीं? इन विश्वविद्यालयों के संस्थापक सोसायटियों व ट्रस्टों की जांच भी की जाएगी और उनके सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी देखी जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में एक छात्रा अपनी समस्या लेकर गई थी, जो बहुत मामूली प्रकृति की थी। उसने चूंकि अपना नाम बदला था, इसलिए वह विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड में भी उसे बदलवाना चाहती थी। मगर उसकी इस मांग पर संबंधित विश्वविद्यालय ने करीब एक साल तक टालमटोल वाला रवैया अपनाए रखा। नतीजतन, वह न्याय मांगने अदालत की शरण में पहुंच गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस विश्वविद्यालय से जवाब मांगा, साथ ही यूजीसी से भी पूछा कि उसने इन विश्वविद्यालयों को रेगूलेट करने के जो भी नियम और कानून बनाए हों, उनका क्या वास्तव में पालन हो रहा है? सुप्रीम कोर्ट के इस हालिया निर्णय में यूजीसी से तीन प्रमुख मुद्दों परपूछा गया है कि विद्यार्थियों के प्रवेश, शिक्षकों व कर्मचारियों की नियुक्ति व उच्च प्रबंधन में ये विश्वविद्यालय कितनी पारदर्शिता बरत रहे हैं? आमतौर पर सभी विश्वविद्यालय में कभी-कभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शिकायतों का सामना करना पड़ता है। निजी ही नहीं, सरकारी विश्वविद्यालय भी इस बीमारी से अछूते नहीं हैं। यूं तो यूजीसी ने हर विश्वविद्यालय में शिकायत निवारण की प्रक्रिया लागू की है और वहां 'ओम्बुड्समैन' भी नियुक्त किया गया है, लेकिन असलियत में यही देखा गया है कि यह सारी व्यवस्था सिर्फ खानापूर्ति साबित होती है। क्या यह समस्या सिर्फ निजी विश्वविद्यालयों में है? क्या सरकारी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ती? क्या हमारे विश्वविद्यालय नौकरशाही, लालफीताशाही, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अकर्मण्यता से ग्रस्त नहीं हैं? निस्संदेह, यह समझना होगा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्देश का उच्च शिक्षा पर क्या असर पड़ेगा? चूंकि कोर्ट ने केंद्र, राज्य सरकारों और यूजीसी के उच्च अधिकारियों को इसके अनुपालन का उत्तरदायी बनाया है, इसलिए किसी को भी इसे हल्केपन में नहीं लेना चाहिए। निजी विश्वविद्यालय को अधिक पारदर्शी और विद्यार्थी-उन्मुख बनना होगा। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि उच्च शिक्षा की वर्तमान स्वायत्तता पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है। (लेखक महानिदेशक, आईआईएलएमबी है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

संसद को बाधित करना राष्ट्र को बाधित करना है

(ललित गर्ग)

निश्चित दौर पर पिछले अनेक वर्षों से संसद की कार्रवाई हंगामे, शोर-शराबे, नारेबाजी की भेंट चढ़ती रही है। पिछला सत्र इस संदर्भ में बेहद निराशाजनक रहा। वेल में आकर नारेबाजी, कुर्सियां ठोकने, प्लेकार्ड दिखाने और लगातार स्थगन जैसे दृश्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर पेश करते रहे।

भारत की संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है और इसके प्रारंभ होने से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने आने वाले दिनों में संसद की कार्रवाई के हंगामेदार होने का संकेत देने में देर नहीं लगाई। विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि वह एस.आई.आर. सहित कई मुद्दों पर जोरदार ढंग से सदन में अपनी आवाज उठाएगा। विपक्ष संसद में सवाल उठाए, आवाज उठाए, यह उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है, लेकिन मुद्दा यह है कि क्या यह अधिकार सार्थक बहस के रूप में सामने आएगा या एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़कर भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करेगा। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में एस.आई.आर. है। लेकिन, सरकार और विपक्ष-दोनों से ही सदन के भीतर ज्यादा समझदारी, संयम, शालीनता और सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सत्र में अधिक काम हो सके। शीतकालीन क19 दिसंबर तक चलना है। इसमें कुल 15 दिन कार्यवाही चलेगी और इस दौरान शिक्षा, सड़क और कॉरपोरेट लॉ संबंधी कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इसी सत्र में हेल्थ सिक्योरिटी एंड नैशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 भी रखा जा सकता है, जिसका मकसद देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा तैयारियों के लिए एक नया उपकर लगाना है। सारे ही बिल-प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं और इन पर सार्थक बहस की जरूरत है। निश्चित दौर पर पिछले अनेक वर्षों से संसद की कार्रवाई हंगामे, शोर-शराबे, नारेबाजी की भेंट चढ़ती रही है। पिछला सत्र इस संदर्भ में बेहद निराशाजनक रहा। वेल में आकर नारेबाजी, कुर्सियां ठोकने, प्लेकार्ड दिखाने और लगातार स्थगन जैसे दृश्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर पेश करते रहे। वह सत्र देश के संसदीय इतिहास के सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले सत्रों में गिना गया, जब लोकसभा की प्रॉडक्टिविटी महज 31 प्रतिशत के आसपास और राज्यसभा की लगभग 39 प्रतिशत रही। हंगामे और शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण घंटे बर्बाद हो गए थे। सवाल यह है कि आखिर यह परंपरा कब बदलेगी? कब हमारे जनप्रतिनिधि समझेंगे कि संसद का एक-एक मिनट देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई से चलता है? एक मिनट का व्यर्थ खर्च लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाता है। संसद केवल बहस का मंच नहीं बल्कि देश की नीतियों, कानूनों और विकास-दिशा को तय करने वाला सर्वोच्च स्थल है। लोकतंत्र की

सफलता का मूलमंत्र जनता द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधियों की सजगता, जवाबदेही और गरिमा है। इसलिए संसद का हर क्षण अर्थपूर्ण, कार्यकारी होना चाहिए, हर चर्चा राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने वाली होनी चाहिए और हर बहस शालीनता तथा परिपक्वता की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए। सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिये सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक आयोजित करना एक स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण परम्परा एवं एक आशा की किरण है। इस बार भी सत्र शुरू होने से पहले 36 दलों का एक साथ बैठक करना एक अच्छी शुरुआत है। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संवाद और सहयोग की दिशा में एक सार्थक पहल है। देश यह उम्मीद कर सकता है कि यदि सदन का संचालन भी इसी सकारात्मक भावभूमि पर हुआ तो यह सत्र एक आदर्श परंपरा स्थापित कर सकता है। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, परंतु मनभेद अनिवार्य नहीं। संसद उन मनभेदों को संवाद में बदलने का पवित्र स्थान है। निश्चित ही विपक्ष की भी अपनी मांगें हैं, जिसे सर्वदलीय बैठक में रखा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, एसआईआर, वायु प्रदूषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा चाहता है। अच्छी बात है कि विपक्षी दलों ने इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया है और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ही मुताबिक, किसी ने भी यह नहीं कहा कि संसद नहीं चलने दी जाएगी। सरकार और विपक्ष, दोनों का इस पर सहमत होना कि सदन चलना चाहिए, स्वागत योग्य है। इस सत्र से सरकार 14 महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है। इन विधेयकों को पारित करवाना मात्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं है; यह विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी भूमिका है कि वह रचनात्मक सुझाव दे, आवश्यक संशोधन का आग्रह करे और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए संवाद के माध्यम से कानूनों को दिशा दे। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों दो पहिये हैं, एक पहिया चिटक जाए तो रथ आगे नहीं बढ़ता। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद में एक नई लकीर खींची जाए-शालीनता की, संवैधानिक मर्यादाओं की, तर्कसंगत बहस की और राष्ट्रीय हित की। दुनिया भर के लोकतंत्रों में बहसें गरम होती हैं, लेकिन गरिमा नहीं टूटती। भारत में भी यह संस्कृति विकसित होनी चाहिए। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन वह हंगामे से नहीं बल्कि तथ्यपूर्ण तर्कों से हो। सवाल उठाने का अधिकार तभी सार्थक है जब उसके साथ उत्तर सुनने की तैयारी भी हो। पिछले कुछ सत्रों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि विपक्ष प्रश्न पूछता है लेकिन उत्तर सुनने का अवसर ही नहीं देता। यह लोकतंत्र की आत्मा का हनन है। संसद सिर्फ आवाज बुलंद करने का मंच नहीं, वह सुनने, समझने और समाधान खोजने का माध्यम है। दुर्भाग्य से, पिछले कुछ वर्षों में यह मंच पक्ष और विपक्ष की राजनीतिक लड़ाइयों का अखाड़ा बनता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार को भी विपक्ष के सवालों का सम्मानपूर्वक जवाब देना चाहिए, लेकिन विपक्ष को भी यह समझना होगा कि राजनीति निरंतर संघर्ष का नाम नहीं बल्कि संवाद की प्रक्रिया है। देश की जनता बेहद उम्मीदों के साथ इस सत्र को देख रही है। महंगाई, रोजगार, सुरक्षा, विदेश नीति, सामाजिक सौहार्द, अर्थव्यवस्था, कृषि, शिक्षा और न्याय-ये सभी गंभीर मुद्दे हैं। जनता चाहती है कि उसके चुने हुए प्रतिनिधि इन मुद्दों पर ठोस बहस करें। सदन की मर्यादा केवल स्पीकर या सभापति पर निर्भर नहीं, बल्कि सभी सांसदों के संयम एवं शालीनता पर निर्भर है। सभापति का सम्मान करना, नियमों का पालन करना, विषय पर रहने वाली बहस करना और असहमति में भी सभ्यता-शालीनता बनाए रखना-ये संसदीय चरित्र के मूल तत्व हैं। इनका पालन ही संसद की शुचिता को बनाए रख सकता है। यदि सरकार बहुमत के अहंकार में विपक्ष की उपेक्षा करती है तो यह गलत है; लेकिन यदि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका छोड़कर केवल अवरोध बन जाए तो यह भी लोकतंत्र के साथ अन्याय है। संसद तभी सफल होगी जब दोनों तरफ का आचरण सकारात्मक हो। इस दृष्टि से शीतकालीन सत्र नई परंपराओं का प्रारंभ बनना ही चाहिए। इस बार के सत्र से यह अपेक्षा है कि यह एक सकारात्मक, शालीन और प्रगति का सत्र बने। यह केवल कानून पारित करने का सत्र न हो; यह संवाद का, सौहार्दपूर्ण वार्ता का, समस्याओं के समाधान का और राष्ट्रीय हित के नए संकल्प का सत्र हो। यदि इस बार पक्ष और विपक्ष मिलकर अनुशासन, मर्यादा और जिम्मेदारी की एक नई लकीर खींच दें, तो देश के लोकतांत्रिक इतिहास में यह सत्र मील का पत्थर बन सकता है। देश आज यही उम्मीद कर रहा है कि जो सर्वदलीय बैठक शांति और सहमति से हुई, उसी भाव के साथ संसद का संचालन भी हो। यदि यह संभव हुआ तो यह केवल एक सत्र की सफलता नहीं होगी, बल्कि भारत के लोकतंत्र की विजय होगी। (लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

लाभुकों के चयन एवं छात्रवृत्ति भुगतान का लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में आज कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के योग्य लाभुकों के चयन हेतु चयन समिति की बैठक एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विभिन्न प्रखंडों से आए आवेदनों का बारीकी से परीक्षण किया। समिति द्वारा कुल 95 लाभुकों का चयन किया गया जिन्हें गंभीर बीमारी समेत अन्य बीमारियों के इलाज हेतु चिकित्सा अनुदान की राशि प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 330 लाभुकों को भी इस योजना का लाभ दिया जा चुका है।

इसके पश्चात आयोजित प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रमोद राम द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कुल 14,517 नए आवेदन ई-कल्याण पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं, जिन्हें संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत अनुमोदित किया गया है। समिति द्वारा सभी आवेदनों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

पूर्व में समिति द्वारा 25,397 विद्यार्थियों के आवेदनों को भी अनुमोदित किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 39,914 विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ के लिए अनुमोदित किए जा चुके हैं।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि शीघ्र स्थानांतरित की जाए तथा इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिले के 21 विद्यालयों द्वारा अब तक आवेदन जेनरेट नहीं किए गए हैं। इस पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया कि ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करें और अगले एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत आवेदन जेनरेट करना सुनिश्चित करें, ताकि जिले के सभी योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रमोद राम, सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एसआई को किया गया निलंबित

शेखपुरा। बरबीघा थाने में दर्ज एक अपहरणकांड के संदिग्ध को हिरासत से छोड़ने के लिए दो लाख रुपये रिश्वत की मांग करने की ऑडियो क्लिप प्रसारित होने के मामले में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने एसआई रणधीर कुमार को निलंबित कर दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दैनिक जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले की जांच की गई। जांच के परिणामस्वरूप एसआइ रणधीर कुमार को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस का ऐसा व्यवहार बिल्कुल गलत है। किसी निर्दोष व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि जयरामपुर थाना क्षेत्र के उखदी गांव निवासी प्रिंस कुमार को एक लड़की के कथित अपहरण के मामले में संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया था। उसे छोड़ने के लिए कथित तौर पर दो लाख रुपये की मांग की गई थी। इस लेन-देन की वॉयस और वाट्सएप कॉल को रिकॉर्ड कर प्रिंस के मामा जितेंद्र यादव ने इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया था।

देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोहपूर्वक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सर्वोदय मंडल और राजेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट फॉर रूरल डेवलपमेंट सदाकत आश्रम पटना के संयुक्त तत्वाधान में देशरत्न की 141 वी जयंती चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सदाकत आश्रम पटना में 11 बजे से शुरू हुई।

देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए चंद्र भूषण ने कहा कि राजेंद्र बाबू का जीवन सादगी,उच्च विचार ,सत्य,एवं तप का अदभुत प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि वे संविधान सभा के अध्यक्ष पद पर विराजमान होने के साथ साथ ही संविधान निर्माण में उनका महत्व पूर्ण भूमिका रहा है,वे देश स्तर के नहीं विश्व स्तर पर गांधी जी के साथ जाने जाते थे,चंपारण सत्याग्रह में वे गांधी जी के साथ काफी महत्वपूर्ण भूमिका में रहे।

बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय के निर्माण,उसका नियमावली बनाने में देशरत्न का महत्वपूर्ण योगदान रहा है,इसलिए पटना विश्वविद्यालय का नाम देशरत्न के नाम से करने का हम बिहार सरकार से निवेदन करते है।

युवा साथी रत्नेश कुमार ने कहा कि हम सबको देशरत्न के जीवन से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है,उनका सादगी भरा जीवन को उच्च शिक्षा की किताबों में लाया जाना चाहिए।

लोक समिति के मंटू कुमार ने कहा कि राजेंद्र बाबू के विचारों को गांव गांव तक ले जाने की जरूरत है,उनका आदर्श ,ईमानदारी भरा जीवन को आधार बनाकर युवाओं को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। राजेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट फॉर रूरल डेवलपमेंट पटना के साथी राजा कुमार ने बताया कि राजेंद्र बाबू के जीवन में किसान ,की आत्मा बसता है,उनका जीवन भारतीय संस्कृति के प्रतीक है।

जयंती समारोह को साजिया,विशाल कुमार ,चंदेश्वर महतो,सुमित कुमार,सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार,बिहार सर्वोदय मंडल के महामंत्री रामनाथ ठाकुर,जिला मंत्री राकेश कुमार,मंगल कुमार,सुभाष कुमार,श्री मति ऊषा ,क्रांति बहन के अलावा अन्य साथी ने राजेंद्र बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा किभारत की आजादी में देशरत्न ने काफी ईमानदारी से देश को लीड किया,और गांधी जी के अगुआई में भारत को आजाद कराया।वे सबके लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था का समर्थक थे। उनके जयंती के अवसर पर बिहार सरकार से हम निवेदन करते है कि भूदान किसानों के अविलंब बिहार भूदान यज्ञ समिति का पुनर्गठन किया जाय,और किसानों एवं सभी खादी ग्रामोद्योग के सभी तरह के कार्य माफ किया जाय।

शहर में घुसा तेंदुआ, आधा दर्जन लोगों को किया जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रोहतास। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन में बुधवार को एक तेंदुआ घुस गया और आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। वन विभाग की टीम घंटों मशक्कत के बाद उसे देर शाम पकड़ने में कामयाब रही। तेंदुए को वन विभाग की रेस्क्यू टीम इलाज के लिए सासाराम ला रही है। उसे इलाज के बाद सुरक्षित छोड़ने की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तेंदुए को कोचस से उत्तर दिशा में स्थित कोरिगांवा गांव के तरफ से सासाराम चौसा पथ के किनारे आते हुए देखा गया। वह झाड़ झंकार में छिपते हुए कोचस के पास पहुंचा। एक आदमी पर हमला कर आगे बढ़ रहा था तभी धनकटनी कर रहे किसानों द्वारा देख लेने व शोरगुल मचाने से वह इधर-उधर भागने लगा व नगर पंचायत के वार्ड तीन में प्रवेश कर गया।

इस क्रम में वह आधा दर्जन लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया है। उसके हमले से राजा पासवान, डॉ. देवा, मनीष ओझा समेत आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। तेंदुआ इस्लाम नगर स्थित एक अर्द्धनिर्मित मकान में छिप गया, जहां लोगों की भीड़ मकान को चारों तरफ से घेरे रही।

मौके पर बीडीओ चंद्र भूषण गुप्ता, सीओ विनीत ब्यास, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी पहुंच लोगों को बाहर नहीं निकलने व अन्य आवश्यक कार्रवाई किए। सूचना मिलते ही सासाराम से वन विभाग की टीम भी शाम में पहुंचकर उसे पकड़ने का प्रयास की। इस क्रम में तेंदुआ द्वारा चार वन कर्मियों पर भी हमला कर जख्मी कर दिया है।

रात हो जाने के वजह से रेस्क्यू टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पडी। डीएफओ के नेतृत्व में पहुंची टीम के काफी प्रयास के बाद टीम ने तेंदुआ को पकड़ने में सफलता प्राप्त कर ली है। उसे रेस्क्यू कर सासाराम लाया गया।

जमीनी गैस रिसाव से क्षेत्र में हड़कम्प, एक की मौत, कई लोग आक्रांत

विधायक पहुंचे घटनास्थल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झारखंड के धनबाद जिले में बीसीसीएल की केंदुआडीह कोलियरी क्षेत्र के तहत राजपूत बस्ती में में बुधवार को जमीनी गैस रिसाव होने के कारण पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस गैस रिसाव से करीब एक हजार से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है और दो दर्जन से अधिक लोग बीमार हुए हैं। एक महिला के मरने की सूचना है। महिला की पहचान राजपूत बस्ती निवासी कल्पना देवी के रूप में हुई है। बीमार लोगों को आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

बीसीसीएल की केंदुआडीह कोयलियरी क्षेत्र की राजपूत बस्ती में घटना घटी है। सूचना मिलने के बाद बीसीसीएल की सेफ्टी टीम पहुंची और जांच शुरू कर दिया है। हालांकि गैस को लेकर बीसीसीएल की ओर से कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। वहीं स्थानीय पुलिस भी कैंप कर रही है। यह इलाका झरिया फायर एरिया के तहत है। फरिया फायर एरिया में भूमिगत आग और गैस रिसाव आम बात है।

वहीं, घटना की गंभीरता को देखते हुए आधा दर्जन से अधिक एंबुलेंस को तैनात किया गया है। गैस रिसाव केंदुआडीह थाना के पीछे का इलाका समेत राजपूत बस्ती, मस्जिद मोहल्ला, पांच नंबर समेत अन्य आसपास के क्षेत्र में हुआ। धरती फटी और उसमें से गैस निकलने लगा।

गैस के कारण आसपास के बच्चे बेहोश हो गए। पक्षियों की मौत हो गई और कई लोगों ने उल्टी की शिकायत भी की। आनन-फानन में इन लोगों को उनके परिजन लेकर आसपास के डाक्टरों और निजी अस्पतालों में लेकर पहुंचे। स्थानीय निवासी टिंकू अंसारी ने बताया कि इलाके में कई लोग अचानक बीमार हो गए हैं।

रामकिशन ने बताया कि गैस के प्रभाव से उनका पालतू तोता भी मर गया। महेश गोस्वामी ने बताया कि उनकी बच्ची घर से निकलते ही चक्कर खाकर गिर गई। अस्पताल में डाक्टरों ने बताया कि उसे जहरीली गैस का असर हुआ है।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही केंदुआडीह थाना पुलिस भी सक्रिय हो गई और बीसीसीएल प्रबंधन को मामले की सूचना दी गई। सूचना पर टीम पहुंची और अपनी जांच शुरू कर दिया। टीम गैस डिटेक्टर मशीन जांच की।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार गैस निकलने का स्थान थाना के समीप स्थित जीएम गेस्ट हाउस और इसके आसपास का इलाका बताया गया।

बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया सेफ्टी आफिसर तुषारकांत ने बताया कि कई जगहों पर गैस होने की आशंका है। गैस का प्रतिशत अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन गैस का दुर्गंध काफी ज्यादा है।

अधिकारी इसे उच्च स्तर पर रिपोर्ट कर रहे हैं और रिसाव बंद करने की तैयारी की जा रही है। वहीं, बीसीसीएल एजेंट लखन लाल बरनवाल ने कहा कि गैस की लोकेशन की पहचान का प्रयास जारी है। जैसे ही स्रोत मिलेगा, उसे भरने का काम शुरू कर दिया जाएगा। डिटेक्टर मशीन से जांच चल रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद धनबाद विधायक राज सिन्हा पहुंचे और प्रभावित इलाके का दौरा किया। उन्होंने तत्काल उपायुक्त आदित्य रंजन से वार्ता की और तत्काल राहत कार्य चलाने की मांग की।

घटनास्थल बीसीसीएल के कमांड क्षेत्र में आता है। घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से इलाके को तत्काल खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया है, वहीं लाउडस्पीकर से घोषणा भी की जा रही है।

उपायुक्त ने किया लाभुकों के बीच मधुमक्खी पालन उपकरणों का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। उद्यान विकास योजना के अंतर्गत आज जिला उद्यान कार्यालय, खूँटी परिसर में एक सरल एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त आर० रॉनिटा द्वारा चयनित लाभुक किसानों के बीच मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त आलोक कुमार भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लाभुक किसानों को मधुमक्खी बक्सा, मधुमक्खी छाता, एक्सट्रैक्टर सहित अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। अधिकारियों की मौजूदगी में उपकरण वितरण प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई।

उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को मधुमक्खी पालन से जुड़ी विभिन्न संभावनाओं और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन न सिर्फ शहद उत्पादन के माध्यम से अतिरिक्त आय का सशक्त साधन है, बल्कि परागण के जरिए कृषि उत्पादन में भी महत्वपूर्ण वृद्धि सुनिश्चित करता है। उद्यान विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी सहायता एवं संसाधनों की जानकारी भी किसानों को दी गई।

कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम, जिला कृषि पदाधिकारी हृषिकेश कुमार तथा उप परियोजना निदेशक अमरेश कुमार उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किसानों को इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि इस पहल से जिले में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी बल्कि कृषि उत्पादन में गुणात्मक सुधार भी आएगा। यह प्रयास जिले में सतत एवं बहुआयामी कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में माना जा रहा है।

कई ट्रेनें हुई कैंसिल, यात्रा की थमी रफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। गया-कामाख्या और गरीब रथ एक्सप्रेस निरस्त होने के साथ ही तीन महीने के लिए ट्रेनों के रद होने का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को दिल्ली से नहीं चलने की वजह से गुरुवार को गरीब रथ एक्सप्रेस भागलपुर से निरस्त रहेगी। संभावित कोहरा के कारण यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से भागलपुर होकर चलने वाली फरक्का एक्सप्रेस, गरीब रथ और गया-कामख्या एक्सप्रेस को फरवरी तक निरस्त किया गया है। घना कोहरा छाने और विजिवलिटी कम होने पर आगे और निरस्त ट्रेनों की संख्या बढ़ सकती है।

कुछ के फेरे भी कम किए जा सकते हैं। तीन महीने यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इधर, लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ ही इस बार लोकल ट्रेन में फाग एंटी डिवाइस उपलब्ध कराया जा रहा है।

मालदा रेल मंडल के एसीएम सह पीआरओ रसराज माजी ने बताया कि घने कोहरे की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, यात्रियों की सुरक्षा एवं सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में एहतियात तौर पर यह निर्णय लिया गया है। सर्दियों में प्रायः होने वाले घने कोहरे से दृश्यता प्रभावित होती है। जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन संचालन में विलंब एवं सुरक्षा जोखिम बढ़ जाते हैं।

सुरक्षित, व्यवस्थित एवं निर्बाध रेल यातायात बनाए रखने की दिशा में निम्नलिखित मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थाई रूप से रद की गई हैं। इधर, स्टेशन अधीक्षक विनय प्रकाश ने बताया कि भागलपुर को 50 एंटी फाग डिवाइस मुहैया कराया गया है।

एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा पैसेंजर (लोकल) ट्रेनों में भी एंटी फाग डिवाइस की आपूर्ति की जा रही है।

बीस घंटे सड़क जाम रखने के बाद मुआवजा राशि पर बनी सहमति

रातभर रहा सड़क जाम, ग्रामीणों ने नहीं उठाने दिया शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सरायकेला। झारखंड के सरायकेला थाना क्षेत्र के सीनी ओपी अंतर्गत सीनी उकरी-खरसावां सड़क पर जगन्नाथपुर गांव के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार 27 वर्षीय जीतेन नायक की मौत हो गई, जबकि उसके साथी विश्वजीत लोहार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दोनों आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में काम करते थे और ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। हादसा उस वक्त हुआ जब एक अनियंत्रित हाइवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जीतेन नायक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल विश्वजीत लोहार को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया।

हादसे के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने रात आठ बजे से ही सड़क जाम कर दिया और मृतक के लिए मुआवजा की मांग करते हुए शव उठाने नहीं दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीण 15 लाख रुपये मुआवजा की मांग पर अड़े रहे। पूरी रात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर कैंप करते रहे, लेकिन ग्रामीणों ने शव को हटाने की अनुमति नहीं दी।

दूसरे दिन भी स्थिति जस की तस बनी रही और शाम चार बजे तक सड़क जाम रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिप सदस्य लक्ष्मी सरदार, पंसस सदस्य अनिता प्रधान और अन्य ग्रामीण प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। लंबी वार्ता के बाद समाधान निकला।

इसमें वाहन मालिक की ओर से मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी, जबकि शेष राशि बीमा से दिलाने का आश्वासन दिया गया। समझौते के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

धातकीडीह निवासी जीतेन नायक और खरसावां बुडुघुटु निवासी विश्वजीत लोहार आदित्यपुर की एक कंपनी में काम करते थे। रात ड्यूटी खत्म कर दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान जगन्नाथपुर के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार व अनियंत्रित हाइवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जीतेन नायक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और विश्वजीत लोहार गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद क्षेत्र में तनाव बना रहा, लेकिन मुआवजा समझौते के बाद स्थिति सामान्य हुई।

प्रेमिका के घर पहुंचे पुलिस चालक को लोगों ने धुना

सोशल मीडिया में वीडियो हुआ वायरल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चतरा। सदर थाना का पुलिस चालक तालीम का एक कथित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तालीम खाकी वर्दी में एक महिला के घर पर मौजूद दिख रहा है। स्थानीय लोगों ने उसे रंगे हाथ पकड़कर पिटाई कर दी।

वायरल वीडियो 30 नवंबर की देर रात का है। इसके बाद वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि वीडियो का कोई पुष्टि नहीं करता है।

वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि मौके से 50 हजार रुपये नकद, सोने का झुमका व अन्य कागजात बरामद हुए हैं। वीडियो में कुछ लोग तालीम से पूछताछ करते भी दिखाई दे रहे हैं।

वहीं आसपास मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि चालक काफी समय से महिला के यहां आता-जाता था, जिसकी जानकारी पर ग्रामीणों ने घेराबंदी की और रात के करीब 1:00 बजे उसे पकड़ लिया।

वायरल वीडियो में साफ सुनाई दे रहा है कि वह महिला से मिलने उसके घर दांत का डाक्टर बनकर गया हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद मामला पुलिस प्रशासन तक पहुंच चुका है।

बावजूद पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो सामने आने के बाद तालीम ने पांच दिनों की छुट्टी लेकर चला गया है। दावा किया जा रहा है कि कार्रवाई से बचने के लिए घटना के पहले ही छुट्टी दिखा रहा है।कहा जा रहा है कि छुट्टी लेकर वह अपने घर से भी बाहर है, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर कई तरह की चचाएं तेज हो गई हैं।

विभाग चलायेगा विशेष जांच अभियान

आरा। भोजपुर जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग प्रत्येक माह में चार दिन हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच के लिए विशेष अभियान चलाएगा। मंगलवार की देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा हुए विभागीय कार्यों की समीक्षा में राज्य मुख्यालय से यह निर्देश जिला मुख्यालय को मिला हैं। नए निर्देश के अनुसार सप्ताह के पहले सोमवार को हेलमेट जांच तथा पहले गुरुवार को सीट बेल्ट की जांच होगी। सप्ताह के तीसरे सोमवार को सीट बेल्ट और तीसरे गुरुवार को हेलमेट की जांच करने का निर्देश मिला है। स्कूली वाहनों के खिलाफ मिल रही शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक कर निर्देश देने और उनके खिलाफ भी जांच अभियान चलाने को कहा गया हैं। मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी पूरी तरह से एक?शन में आ गए हैं। उन्होंने इस मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विशेष अभियान चलाने के लिए आधा दर्जन पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया है।

ग्रामीण विकास समिति राजहरा-पंडवा के अध्यक्ष बने अशोक चौहान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। नावा बाजार जिला परिषद प्रतिनिधि राजबली महरा की अध्यक्षता में राजहरा व पंडवा के ग्रामीणों की बैठक हुई । इसमें उपस्थित लोगों ने अपने हस्ताक्षर बनाकर उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमिटी गठित कर नामकरण करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित लोगों ने कमेटी का नाम ग्रामीण विकास समिति राजहरा-पंडवा रखा गया।

कमिटी के संचालन के लिए सर्वसम्मति से सदस्यों का चयन किया गया। इसमें अशोक चौहान उप मुखिया, राजहरा को अध्यक्ष, संतन राउत सरदार को उपाध्यक्ष, रविन्द्र चौहान उर्फ स्वामी जी प्रधान महासचिव, कमल कुमार पंचायत समिति प्रतिनिधि को सचिव, सुभाष कुमार मेहता,पंडवा कोषाध्यक्ष, निरंजन चौहान अंजीत प्रजापति, मिडिया प्रभारी, अखलेश चौहान, बिरेंदर प्रजापति राजहरा, मुख्य संरक्षक मनोज कुमार विश्वकर्मा, राजबली महरा, नावाबजार जिला परिषद प्रतिनिधि, संरक्षक रामानंद पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामरेखा राम चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान तुकबेरा, सत्येन्द्र पाण्डेय, जुगेस्वर राम पंडवा, लव कुमार मेहता पंडवा, राजू मेहता पंडवा, इसी तरह सच्चितानंद मेहता पत्रकार, अनुज मेहता दमारो, अशोक प्रजापति, राजहरा कोठी, जितेन्द्र चौहान पांवर, सिताराम विश्वकर्मा, बिनोद सिंह पत्रकार, संतोष पाल, अश्विनी कुमार घई, अजीत चौहान राजहरा कोलयरी, सुरेन्द्र चौहान राजहरा कोठी, अवधेश चौहान राजहरा कोठी, गोपाल चौहान,दिना चौहान अजय राम, बिनोद चौहान, रामपरीखा राम चेचन्हा, बृजनंदन कुमार मेहता,चेचन्हा, श्यामलाल चौहान, महेन्द्र चौहान, सदस्य अंकित प्रजापति, आकाश चंद्रवंशी, विशाल सिंह, मिथलेश चौहान, शंकर चौहान, आंनद चौहान, बिरन चौहान राजकुमार, अजय चौहान, विजय चौहान, पंकज चौहान, पिंटु राउत, मनोज चौहान, विकास चौहान, दिपक चौहान, अनिल चौहान, मनोज प्रजापति, आदर्श साव, शिवपुजन साव, उमेश प्रजापति, पंचम प्रजापति, मिथलेश प्रजापति,ललन प्रजापति, बसंत प्रजापति, ललन विश्वकर्मा, अंगराज प्रजापति अन्य उपस्थित थे।

कर्ज रिपोर्टों में गलतियां, क्रेडिट सूचना कंपनियों के खिलाफ बढ़ीं शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्ज रिपोर्टों में भारी गलतियां पाई गई हैं। इससे उधारकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। इसका पता इस बात से चलता है कि क्रेडिट सूचना कंपनियों के खिलाफ तीन वर्षों में शिकायतें चार गुना बढ़



गई हैं। यह तेज उछाल ऐसे समय में आया है जब भारत के वित्तीय लोकपाल की ओर से निपटाई जाने वाली शिकायतों में बैंकों, एनबीएफसी और डिजिटल भुगतान कंपनियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओंबुड्समैन पर सालाना रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई। इसके अनुसार, क्रेडिट सूचना कंपनियों के खिलाफ शिकायतें 2022-23 में 1,039 से बढ़कर 2023-24 में 3,847 और 2024-25 में 4,585 हो गईं। यह सभी विनियमित संस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि है। इनमें से कई शिकायतें ऋण और अग्रिमों से संबंधित हैं। यह क्रेडिट सूचना कंपनियों से जुड़ी सभी शिकायतों का 84 फीसदी से अधिक हिस्सा हैं। लोकपाल के पास दर्ज कुल शिकायतें 2024-25 में बढ़कर 2.95 लाख तक पहुंच गईं। ये आंकड़े वित्तीय क्षेत्र को बढ़ते ग्राहक आधार, अधिक रिफाइंड उत्पादों और सेवा सटीकता की बढ़ती अपेक्षाओं से जूझते हुए दर्शाते हैं। बैंकों के खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें मिलने का क्रम जारी है। वित्त वर्ष 2024-25 में इनके खिलाफ 2,41,601 शिकायतें मिलीं। इसी तरह, जमा खातों से संबंधित मामले सभी शिकायतों में 20.63 फीसदी तक पहुंच गए। क्रेडिट कार्ड संबंधी शिकायतें दो वर्षों में पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 17.16 फीसदी तक पहुंच गईं। एटीएम और डेबिट कार्ड में आई भारी कमी हालांकि, कुछ श्रेणियों में थोड़ी राहत देखी गई। एटीएम और डेबिट कार्ड से जुड़ी शिकायतें 14.56 फीसदी से घटकर 7.47 फीसदी हो गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गिरावट व्यवहार में बदलाव का संकेत दे सकती है क्योंकि अधिक उपभोक्ता कार्ड आधारित लेनदेन से डिजिटल भुगतान प्रणालियों की ओर रुख कर रहे हैं। इससे उन क्षेत्रों में टकराव कम हो रहा है जो कभी ग्राहकों के असंतोष के लिए जाने जाते थे। सरकारी बैंकों के खिलाफ 1,03,117 व निजी बैंकों के खिलाफ 1,11,199 शिकायतें मिली हैं।

संगठित क्षेत्र की नौकरियों में 23 फीसदी की बढ़त, गैर-आईटी क्षेत्रों में बढ़ी मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। शिक्षा, रियल एस्टेट, आतिथ्य और यात्रा व बीमा जैसे गैर-आईटी क्षेत्रों में मांग बढ़ने से नवंबर में संगठित क्षेत्र की नौकरियों में 23 फीसदी की तेजी देखी गई है। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स के अनुसार, दिवाली के आगे बढ़ने से अक्तूबर में नियुक्तियों में 9 फीसदी गिरावट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में आईटी नियुक्तियां स्थिर रहीं। गैर-आईटी क्षेत्रों में नियुक्तियों में ठोस वृद्धि रही। उच्च मूल्य वाली भूमिकाओं (20 लाख रुपये सालाना) व यूनिकॉर्न की नियुक्तियों में क्रमश: 38 और 35 फीसदी की वृद्धि हुई। यूनिकॉर्न में ई-कॉमर्स कंपनियों की संख्या 27 फीसदी रही। आईटी यूनिकॉर्न में 16 फीसदी की तेजी रही। प्रवेश स्तर पर नियुक्तियों में 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें छोटे शहरों की प्रमुख भूमिका रही। 13-16 वर्ष के अनुभव वाले वरिष्ठ समूहों में यूनिकॉर्न की नियुक्तियों में 50 फीसदी वृद्धि रही। कुल भर्तियों में जयपुर में 31 फीसदी की तेजी रही।

अमन गुप्ता ने छोटा सा निवेश कर 33000 प्रतिशत का रिटर्न पाया

उनका नेट वर्थ करीब 720 करोड़ रुपये का है

नई दिल्ली, एजेंसी। दिन में आठ घंटे की नौकरी कर आप कितना कमा लेंगे। अब बोट के फाउंडर अमन गुप्ता को देखिए। उनका नेट वर्थ करीब 720 करोड़ रुपये का है। उन्होंने शार्क टैंक इंडिया के एक छोटे से स्नैक ब्रांड पर 12 लाख रुपये का दांव लगाया। आज यह एक बहुत बड़ी सफलता की कहानी बन गया है। कहानी इसलिए बनी क्योंकि नमकीन और भुजिया बनाने वाली लेट्स ट्राई नाम की एक छोटी सी कंपनी में किए गए उनके निवेश पर भारी-भरकम रिटर्न मिला है।

बटोर रहे हैं सुर्खियां- बोट के अमन गुप्ता इस वक्त खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिस मामूली भुजिया-चिप्स वाली कंपनी में उन्होंने शुरुआत में पैसे लगाए थे, आज उसकी हिस्सेदारी 40 करोड़ रुपये की हो गई है। एक्स पर उनकी पोस्ट आग की तरह फैल गई। इसकी वजह सिर्फ 33,000 प्रतिशत का भारी रिटर्न ही नहीं, बल्कि यह कहानी भी है कि उन्होंने ऐसे बिजनेस में क्यों पैसा लगाया जिसे कोई और नहीं चाहता था। और साबित कर दिया कि समझदारी शोर-शराबे से बेहतर होती है। कई लोगों ने इसे जिंदगी में एक बार मिलने वाली जीत बताया। रिपब्लिक वर्ल्ड से बात करते हुए अमन गुप्ता ने कहा था कि लेट्स ट्राई में उनका निवेश शो में लिया गया सबसे अच्छा फैसला था। उन्हें याद है कि शार्क टैंक के पहले सीजन में किसी भी दूसरे शार्क ने इस पिच का समर्थन नहीं किया था क्योंकि फाउंडर रोजमर्रा के स्नैक्स जैसे चिप्स और भुजिया बना रहे थे। कई लोगों को लगा कि यह मार्केट पहले से ही बहुत भरा हुआ है। गुप्ता ने अपनी अंतरात्मा की सुनी, 12 लाख रुपये का निवेश किया, और आज वह हिस्सेदारी 40 करोड़ रुपये की है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें उसी राशि में इसे खरीदने का ऑफर भी मिला था। कैसे आया। उन्होंने बताया कि एक मोड़ तब आया जब नितिन के भतीजे को थैलेसीमिया (एक खून की बीमारी) हो गया। इससे परिवार ने सेहतमंद स्नैक के विकल्पों की तलाश शुरू की।

एनवीडिया में उतना रिटर्न नहीं

अमन गुप्ता ने एक्स पर शेयर किया कि जहां एनविडिया जैसी टेक कंपनियों में उनके पैसे नहीं चले, वहीं एक साधारण से स्नैक ब्रांड ने उन्हें जिंदगी बदलने वाला मुनाफा दिया। उन्होंने बताया कि लेट्स ट्राई में उनके 12 लाख रुपये चार साल में 40 करोड़ रुपये बन गए, यानी 333 गुना की बढ़ोतरी हुई। उन्होंने यह भी कहा कि वे कभी भी सिर्फ एक्सेल शीट देखकर निवेश नहीं करते। वे ऐसे फाउंडर्स को सपोर्ट करते हैं जिनमें जुनून, भूख और यकीन हो। उनके मुताबिक, यह शार्क टैंक इंडिया के इतिहास का सबसे बेहतरीन नतीजा है।

लिस्टेड स्टॉक ऐसे रिटर्न नहीं दे सकता

इंटरनेट पर लोगों ने खूब प्रतिक्रिया दी। सीए नितिन कौशिक ने लिखा कि कोई भी लिस्टेड स्टॉक ऐसे रिटर्न नहीं दे सकता। उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में इक्विटी में निवेश में जोखिम होता है, लेकिन यहां फायदा बहुत ही असाधारण था। कुछ लोगों ने मजाक में कहा कि असली पैसा सिलिकॉन चिप्स में नहीं, बल्कि कुरकुरे चिप्स में है। 12 लाख से करोड़ों का सफर वाकई कमाल का था। कुछ लोगों ने गुप्ता की तारीफ की कि उन्होंने एक ऐसे बोरिंग कैटेगरी में दांव लगाया।

तेजी के दौर में भी खुदरा निवेशकों ने बेचे 25000 करोड़ के शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। अक्तूबर-नवंबर में सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूत तेजी के बावजूद खुदरा निवेशकों ने 25,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेच दिए। सोना-चांदी की ऐतिहासिक बढ़त और बाजार की अस्थिरता इस बिकवाली की बड़ी वजह बनी।

घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी में भी खुदरा निवेशक इस तेजी से पूरी तरह गायब रहे। शेयरों की बढ़ती कीमतों के बीच इन्होंने अक्तूबर और नवंबर में 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर बेच दिए हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्तूबर में 13,776 करोड़ रुपये और नवंबर में 11,544 करोड़ के शेयर बेचे गए हैं। यह विसंगति इसलिए भी चौंकाने वाली है, क्योंकि इस दौरान शेयर बाजार में अच्छी तेजी दर्ज की गई। अक्तूबर में सेंसेक्स और निफ्टी चार फीसदी से ज्यादा चढ़े और नवंबर में 2 प्रतिशत बढ़े। अक्तूबर में बीएसई मिडकैप सूचकांक 4.7 फीसदी और बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3.22 प्रतिशत चढ़ा। हालांकि, नवंबर में बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा। मिडकैप सूचकांक 0.4 व स्मॉलकैप सूचकांक 3.4 प्रतिशत गिर गए। विश्लेषकों का कहना है कि साल की शुरुआत से ही खुदरा निवेशकों को शेयर बाजार में अस्थिरता का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अक्तूबर और नवंबर में बाजार में सुधार शुरू हुआ, फिर भी कई छोटे निवेशकों ने बाजार के इस मौके का फायदा उठाकर मुनाफा वसूली की। इस साल जनवरी से सितंबर तक सूचकांकों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन बीएसई मिडकैप सूचकांक 3 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 5 प्रतिशत गिर गया। इससे खुदरा निवेशक दुखी हो गए।

टैरिफ का फायदा उठाकर चीन बढ़ा रहा दबदबा

भारत के निर्यात में 12.6 प्रतिशत गिरावट, कई सेक्टर हुए प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर अमेरिका में लगे टैरिफ का फायदा चीन उठा रहा है। इससे देश के कई प्रमुख बाजारों में चीनी वस्तुओं का दबदबा बढ़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 19 फीसदी की वृद्धि जरूर हुई लेकिन इसकी अगुवाई स्मार्टफोन ने की, जिसके निर्यात मूल्य में 2.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। अधिकांश अन्य प्रमुख निर्यात श्रेणियों में तेजी से गिरावट आई है।



विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के टैरिफ दबाव और आक्रामक चीनी प्रतिस्पर्धा का यह मेल भारत की निर्यात क्षमता को कमजोर कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स ही एकमात्र बेहतर क्षेत्र है। स्मार्टफोन ने इस क्षेत्र के निर्यात में 60 फीसदी का भारी योगदान दिया। इसमें अक्तूबर में आईफोन का योगदान 1.6 अरब डॉलर था। लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह वास्तविक वृद्धि नहीं है। आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि अक्तूबर में भारत के व्यापारिक निर्यात में भारी कमी देखी गई। अधिकांश प्रमुख क्षेत्रों में भी इसी तरह की गिरावट दर्ज की गई।

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र : 19.05 प्रतिशत तेजी

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र एकमात्र रहा है जिसमें सबसे ज्यादा 19.5 फीसदी की तेजी आई और यह 4.08 अरब डॉलर पर पहुंच गया। शीर्ष दस निर्यात श्रेणियां अक्तूबर, 2024 के 31.8 अरब डॉलर से घटकर 27.8 अरब डॉलर पर आ गईं। यानी 12.6 फीसदी की गिरावट। व्यापारिक निर्यात 38.98 अरब डॉलर से घटकर 34.38 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं सहित कुल निर्यात गिरावट के साथ 72.89 अरब डॉलर रह गया। वैश्विक मांग में मंदी और लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों के साथ अक्तूबर के आंकड़े निर्यातकों के लिए संकट को दर्शाते हैं। इसका मतलब जहां इलेक्ट्रॉनिक्स में अब भी आशा की किरण दिख रही है, वहीं निर्यात इंजन लड़खड़ा रहे हैं।

इंजीनियरिंग वस्तुओं में आई 17 फीसदी की कमी

निर्यात पोर्टफोलियो की रीढ़ इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 16.7 फीसदी गिरकर अक्तूबर में 9.37 अरब डॉलर पर आ गया। पेट्रोलियम उत्पाद 10.5 फीसदी घटकर 3.95 अरब डॉलर रह गया। दवाओं एवं फार्मा निर्यात में 5.2 फीसदी की कमी आई और यह 2.49 अरब डॉलर रह गया। यह कई वर्षों में पहली बार हुआ है। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, लंबे समय में पहली बार भारत की शीर्ष दस निर्यात श्रेणियों में सामूहिक रूप से गिरावट आई है। यह व्यापार के मोर्चे पर वैश्विक और घरेलू दोनों दबावों को उजागर करता है। विश्लेषकों ने कहा, इसके पीछे कई कारक हैं। अमेरिकी टैरिफ ने प्रमुख क्षेत्रों को प्रभावित किया।

अमीर और गरीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा एआई

अमीर और गरीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा एआई

नई दिल्ली, एजेंसी। एआई का बढ़ता प्रभाव दुनिया में अमीर और गरीब के बीच की खाई को और गहरा कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नई रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार एआई के लाभ केवल अमीर देशों तक ही सीमित रहेंगे। दुनिया भर में लाखों लोग जिनके पास डिजिटल कौशल, बिजली और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे छूट जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में एआई की तुलना औद्योगिक क्रांति के दौर से की गई है। यह दावा किया गया है कि औद्योगिक क्रांति के दौरान जिस तरह से पश्चिमी देश तेजी से आगे बढ़ गए थे, और बाकी देश पीछे रह गए थे। वैसा ही एआई के दौर में भी होगा। रिपोर्ट यह भी कहती है कि गरीब और विस्थापित लोग अदृश्य हो सकते हैं, जिससे एआई सिस्टम उनकी जरूरतों को ध्यान में नहीं रखेगा।

एआई का ध्यान उत्पादकता पर : संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कंपनियां और दूसरे संस्थान एआई का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह सवाल चिंता का विषय है। एआई पर ज्यादातर ध्यान उत्पादकता, प्रतिस्पर्धा और ग्रोथ पर है। सवाल यह है कि इसका इंसानी जिंदगी पर क्या असर होगा।

अमीर देशों में चिंताएं भी

एआई डाटा सेंटर बहुत ज्यादा बिजली और पानी खाते हैं। इसने अमेरिका जैसे अमीर देशों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जीवाश्म ईंधन का ज्यादा इस्तेमाल ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के प्रयासों को धीमा कर सकता है। इसके अलावा एआई से साइबर हमले, डीपफेक और निगरानी जैसे खतरे पैदा होते हैं जो गोपनीयता के अधिकारों का उल्लंघन कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एआई नए उद्योग शुरू करने की क्षमता है। यह तकनीक खेती के लिए बेहतर सलाह, एक्स-रे का तेजी से विश्लेषण, जल्द मेडिकल निदान, और मौसम पूर्वानुमान जैसी चीजों में ग्रामीण समुदायों और आपदा वाले इलाकों में मदद कर सकती है।

24 फी शेयर बांटने जा रही है कंपनी

5593 प्रतिशत चढ़ गया मल्टीबैगर शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। मल्टीबैगर कंपनी एपिस इंडिया बड़ा तोहफा देने जा रही है। एफएमसीजी कंपनी एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को 24:1 के रेशियो में बोनस शेयर बांटने जा रही है। यानी, कंपनी हर 1 शेयर पर 24 फ्री शेयर बांटेगी। एपिस इंडिया ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 फिक्स की है। कंपनी अपने निवेशकों को दूसरी बार बोनस शेयर का तोहफा दे रही है। एपिस इंडिया के शेयरों में पिछले कुछ साल में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर 5500 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं।

मल्टीबैगर कंपनी एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को पहले भी बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है। कंपनी ने दिसंबर 2010 में अपने निवेशकों को 323=100 के अनुपात में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 100 शेयर पर 323 बोनस शेयर बांटे थे। कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 74.72 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25.28 पर्सेंट है। एपिस इंडिया का मार्केट कैप 635 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। एपिस इंडिया हनी (ऑर्गेनिक हनी, हिमालय हनी, रेगुलर हनी, इनफ्यूज्ड हनी), खजूर, फ्रूट जैम, सेरेल्स, सोया चंक, जिंजर गॉर्लिक पेस्ट और दूसरे कई प्रॉडक्ट्स बेचती है।

5593 प्रतिशत चढ़ गए हैं एपिस इंडिया के शेयर

मल्टीबैगर कंपनी एपिस इंडिया के शेयर 5593 पर्सेंट उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 13 अक्टूबर 2022 को 20.25 रुपये पर थे। एपिस इंडिया के शेयर 1 दिसंबर 2025 को बीएसई में 1152.75 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों में 4376 पर्सेंट की जोरदार तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले दो साल में एपिस इंडिया के शेयर 1303 पर्सेंट उछल गए हैं। इस साल 11 अप्रैल के बाद से कंपनी के शेयरों में 311 पर्सेंट की तेजी आई है। एपिस इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1152.75 रुपये है।

अडानी-अंबानी की जीवनभर की कमाई पर भारी 2 अरबपतियों की 11 महीने की कमाई

नई दिल्ली, एजेंसी।
टेक्नोलॉजी सेक्टर के दिग्गजों ने इस साल निवेशकों को अरबों की कमाई से चौंका दिया है, जिसमें विशेष रूप से गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने अपने नेटवर्थ में अद्भुत बढ़ोतरी दर्ज की है। इन दोनों अरबपतियों की केवल इस साल की अबतक की कमाई ही एशिया के पहले और दूसरे सबसे रईस व्यक्तियों की जीवनभर की कमाई से अधिक है।

इस साल लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने अपने नेटवर्थ में कुल 195 अरब डॉलर जोड़े। इनमें सबसे अधिक 102 अरब डॉलर लैरी पेज के हैं और 93 अरब डॉलर सर्गेई ब्रिन के। दोनों की एक साल की संयुक्त कमाई मुकेश अंबानी के कुल नेटवर्थ 106 अरब डॉलर और अडानी के 85.6 अरब डॉलर से अधिक है।

बता दें 2025 की शुरुआत से अब तक, लैरी पेज की कुल संपत्ति में 102 अरब की भारी वृद्धि हुई है, जो उन्हें दुनिया के सबसे अमीर टेक्नोलॉजी उद्यमियों में एक टॉप पोजीशन देता है। उनके सहयोगी और गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन ने भी 93 अरब की वृद्धि के साथ ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में मजबूती दिखाई है।

टेक्नोलॉजी सेक्टर से बाहर, मेक्सिको के कार्लोस स्लिम ने भी 34.8 अरब डॉलर का सालाना लाभ कमाया है, जबकि फ्रांस के बर्नार्ड आर्नाल्ट ने चीन की कमोडिटी बाजार में भारी बढ़त के दम पर 25.5 अरब कमाए हैं।

एनविडिया के प्रमुख जेनसेन हुआंग भी इस साल अबतक 43.3 अरब डॉलर पीटकर कमाई के माामले में चौथे स्थान पर हैं। इनके अलावा रिटेल सेक्टर से जिम वॉल्टन (24.4 अरब डॉलर), एलिस वाल्टन (24.2 अरब डॉलर) और रॉब वॉल्टन (24.2 अरब डॉलर) भी कमाई की टॉप-10 लिस्ट में शामिल हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि तकनीकी और वित्तीय बाजार में इस वर्ष जबरदस्त उछाल रहा है, जबकि विविध क्षेत्रों में भी निवेशकों को भारी मुनाफा हुआ है।

सोना 1,000 रुपये महंगा हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने और चांदी की कीमत में आज फिर तेजी आई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 1,000 रुपये से ज्यादा चढ़ी है जबकि चांदी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। एमसीएक्स पर 5 फरवरी की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,29,759 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था जबकि आज यह 1,30,550 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,30,502 रुपये तक लो और 1,30,955 रुपये तक हाई गया। सुबह 11.11 बजे यह 818 रुपये यानी 0.63 फीसदी तेजी के साथ 1,30,577 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इस साल सोने की कीमत में 60 फीसदी तेजी आई है और यह 1979 के बाद अपने सबसे बेहतर प्रदर्शन की तरफ बढ़ रहा है। इस साल 11 में से 10 महीने इसकी कीमत में तेजी आई है। चांदी ने इस साल 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इस बीच चांदी की कीमत शुरुआती कारोबार में 1,84,727 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 1,81,601 रुपये पर बंद हुई थी और आज 1,83,799 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में इसमें 3,000 रुपये से अधिक तेजी आई। हालांकि 11.15 बजे यह 242 रुपये यानी 0.13 फीसदी गिरावट के साथ 1,81,359 रुपये तक गया।

अवैध शराब लदे ट्रक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डुमरी गिरिडीह पथ पर अवैध शराब लदा एक ट्रक को कुछ अज्ञात तस्करों के द्वारा संगठित रूप से तस्करी कर छोटी गाड़ी से स्कोर्ट करवाते हुए पीरटाँड़ के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी डुमरी के नेतृत्व में जॉच टीम का गठन किया गया, उक्त टीम के द्वारा पीरटॉड़ थाना के पास वाहन चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया।

वाहन जाँच के दौरान एक लाल रंग की क्सयू वि 500 वाहन पंजियन सं० उपी - 16एके -0555 पुलिस चेकिंग को चकमा देकर आगे निकल गया, परन्तु एक ट्रक पंजियन सं० डीएल - एलए एन -6737 को पकड़ा गया। तत्पश्चात चकमा देकर भाग रहे क्सयूवि 500 वाहन को भी पीछा कर पकड़ लिया गया। उक्त ट्रक में पानी का पेटी के पीछे छुपाकर लगभग 380 पेटी 999 गोल्ड प्रीमियम व्हिस्की 750 एमएल एवं लगभग 30 पेटी एदेनीचे कम्पनी का 1000 एमएल वाला पानी का बोतल बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया है। जप्त अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 28,50,000/- रूपया है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता ट्रक सं० डीएल एलएएन -6737 के चालक मुबारिक उम्र 43 वर्ष पे० स्व० मगरा ग्राम उदागा, थाना कामन, जिला भरतपुर राजस्थान राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुन्द सिल्वे, थाना टाटी सिल्वे, जिला राँची, क्सयूवि 500 वाहन के चालक रोहित गोप उम्र 22 वर्ष पे० स्व० सुरेन्द्र गोप ग्राम प्रेम नगर, तोरपा, थाना तोरपा, जिला खूँटी बरामदगी ट्रक वाहन सं० डीएल 1एलएनएल 6737 क्सयूवि 500 वाहन सं० उपी - 16एके -0555

999 गोल्ड प्रीमियम व्हिस्की 380 पेटी कुल 4560 बोतल 750 एमएल एदेनीचे कम्पनी का 32 पेटी पैकेजड ड्रिंकिंग वाटर 1000 एमएल कुल 384 बोतल राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुन्द कुमार निराला उर्फ महादेव गणेश के पास से 500७60 30,000/- रू० अपराधिक इतिहास राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुन्द कुमार निराला उर्फ महादेव गणेश उम्र 35 वर्ष पे० मोहन शर्मा ग्राम आर्दश नगर, टाटी सिल्वे, थाना टाटी सिल्वे, जिला राँची पिठौरिया थाना काण्ड सं0 88/20 एवं 89/20 औरगाबाद एक्साईज एक्ट 06/24 अनगढ़ा थाना काण्ड सं0 97/25 रामगढ़ थाना काण्ड सं0 58/25 चौपारण थाना काण्ड सं0 323/25 छापामारी टीम सुमित प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, डुमरी राजेन्द्र प्रसाद, अंचल पुलिस निरीक्षक, डुमरी पु०अ०नि० दीपेश कुमार, थाना प्रभारी पीरटाँड़ कुमार निराला उर्फ महादेव गणेश (उम्र 35 वर्ष) पे० मोहन शर्मा ग्राम आर्दश नगर, टाटी थाना।पु०अ०नि० जितेन्द्र सिंह विष्ट, पीरटॉड़ थाना।पीरटॉड थाना के सशस्त्र बल

अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु धनवार अंचल में विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु अनुमंडल प्रशासन द्वारा सतत अभियान के क्रम में आज अनिमेष रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ तथा यशवंत कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी, धनवार नें संयुक्त रूप से धनवार अंचल अंतर्गत घोड़थम्बा क्षेत्र में विशेष अभियान संचालित किया गया अभियान के दौरान घोड़थम्बा के समीप एक हाईवा वाहन को संदिग्ध स्थिति में पाया गया। सत्यापन करने पर पुष्टि हुई कि उक्त हाईवा में पत्थर अवैध रूप से लदा हुआ था तथा वाहन बिना वैध चालान, बिना निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनुपालन किए हुए और ओवरलोड के साथ संचालित किया जा रहा था। मौके पर ही वाहन को जब्त करते हुए स्थानीय पुलिस की अभिरक्षा में सुरक्षित में रखा गया है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग एवं बिना चालान परिचालन के विरुद्ध सख्त निगरानी जारी रहेगी। ऐसे सभी मामलों में दोषी पाए जाने वाले वाहन स्वामियों, संचालकों, आपूर्तिकत्ताओं तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों पर कड़े दंडात्मक प्रावधान लागू किऐ जाएंगे।

झारखंड अंडर 16 टीम के मैनेजर बने संतोष तिवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड के रणजी खिलाड़ी संतोष तिवारी को झारखंड अंडर 16 टीम का मैनेजर बनाया गया है। गिरिडीह जिला क्रिकेट संघ के सचिव संतोष तिवारी अंडर 22 बिहार के प्रतिनिधि कर चुके हैं और झारखंड रणजी टीम ट्रॉफी टीम के सदस्य भी रह चुके हैं।

उन्हें झारखंड अंडर 16 टीम का मैनेजर बनाए रखने से गिरिडीह के क्रिकेट प्रेमियों में काफी हर्ष है। बताया जाता है कि क्रिकेट के प्रति समर्पित संतोष तिवारी पूर्व में झारखंड सीनियर टीम के नामांकित कोच के रूप में पांडिचेरी में कोचिंग करा चुके हैं। यहां तक कि गिरीडीह के खिलाड़ियों को भी वे विचारक प्रशिक्षण दे रहे हैं संतोष तिवारी को झारखंड टीम का मैनेजर बनाए जाने पर गिरिडीह जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पवन मिश्रा के आवेषे राकेश यादव, संतोष शर्मा, रूपेश रजक, आशुतोष तिवारी समेत अन्य क्रिकेट से जुड़े लोगों ने बधाई दी है।

12 घंटों के अंदर पुलिस ने हत्या में शामिल पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। 02.12.2025 को संध्या 17.30 बजे पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को सूचना प्राप्त हुई कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत झगरी बस्ती में खुर्शीद अंसारी नामक एक व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई है।

पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर गिरिडीह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मानवीय सूचना एवं तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर 12 घंटो के अंदर इस घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त गो० जाकिर अंसारी उर्फ जग्गू, उम्र 20 वर्ष, पिता स्व० गनी अंसारी, सा० झगरी, थाना-मुफस्सिल जिला-गिरिडीह एवं इनके सहयोगी मो० असलम मंसूरी, मो० फैयाज अंसारी उर्फ छोटू अंसारी मो० रुस्तम अंसारी उर्फ बब्लू अंसारी मो० इरशाद अंसारी उर्फ सोनू को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं मुख्य अभियुक्त मो० जाकिर उर्फ जग्गू के निशानदेही पर इस घटना में प्रयुक्त हथियार को जप्त किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों की विवरणी मो० जाकिर अंसारी उर्फ जग्गू, पिता- स्व० गनी अंसारी, पता-झगरी, थाना मुफस्सिल, जिला-गिरिडीह मो० असलम मंसूरी, पिता इस्माईल मंसूरी, सा० नयाधौडा, थाना मुफस्सिल, जिला-गिरिडीह मो० फैयाज अंसारी उर्फ छोटू अंसारी, पिता मो० मुबारक अंसारी, साठ-झगरी, मुफस्सिल जिला-गिरिडीह मो० रूस्तम अंसारी उर्फ बब्लू अंसारी, पिता स्व० गुलाम मुस्तफा सा०-झगरी, मुफस्सिल, जिला-गिरिडीह मो० इरशाद अंसारी उर्फ सोनू पिता-इस्राईल मिया, सा०-अघनचुंआ, थाना-बेंगाबाद जिला-गिरिडीह। जप्त सामानों की विवरणी खोखा 7.65 बोर 02कंट्री मेड पिस्टल 01 मोबाईल04मोटरसाईकिल-0छापामारी दल जीतबाहन उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, गिरिडीह जीतेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी।

उपायुक्त की उपस्थिति में जिले के सभी पैक्स संचालकों व स्टेक होल्डर्स के साथ धान अधिप्राप्ति को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव की उपस्थिति में जिले के सभी पैक्स संचालकों और स्टेक होल्डर्स के साथ धान अधिप्राप्ति को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। किसानों से धान की खरीद को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना कि किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर धान की खरीद सुनिश्चित की जाय।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति हेतु अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने, सभी लैम्पस में सरकारी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति तथा अधिप्राप्ति प्रक्रिया से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि पूर्व में किसानों को धान की राशि दो किस्तों में दी जाती थी, लेकिन अब किसानों के हित में इसमें महत्वपूर्ण सुधार किया गया है। अब धान जमा करने के 7 दिनों के भीतर ही संपूर्ण राशि सीधे किसानों के खाते में एकमुश्त प्रदान की जाएगी। इस दौरान धान अधिप्राप्ति से संबंधित और भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बीसीओ, सभी एजीएम, लैम्प्स प्रबंधक,सभी वीएलडब्ल्यू एवं जिले के सभी राइस मिल संचालक उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी धान अधिप्राप्ति सत्र को सुचारू, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से संपादित करना है।

नेत्रहीन विद्यालय में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा के निदेर्शानुसार सचिव सफदर अली नैयर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के आदेशानुसार नेत्रहीन विद्यालय में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। एल ए डी सी एस रवि कांत शर्मा के द्वारा बच्चों को यह बताया गया कि हर वर्ष 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य दिव्यांगों के प्रति व्यवहार में बदलाव लाना विकृत लोगों के साथ अन्य परिजनों को भी उनके अधिकार के लिए जागरुकता फैलाना ताकि आप असहज महसूस ना कर सके। सन 1981 से यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित आदेश के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस का आयोजन किया जाता है इस वर्ष का के थीम हैं सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना है ।अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग जनों की अधिकारों के प्रति जागरूकता और सभी के लिए अवसर पैदा करने की वैश्विक प्रतिबद्धता को याद दिलाता है। अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत में स्थित विधिक सहायता केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेत्रहीन विद्यालय के कार्यक्रम में प्रबंधक ,जागो फाउंडेशन के सदस्य एवं पीएलबी कामेश्वर कुमार, संगीता कुमारी, गुफरान आलम की महत्वपूर्ण भूमिका रही

सनातन संस्कृति को मजबूत करने के साथ संस्कार युक्त शिक्षा दे रहा है एकल अभियान : अमित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरही। बरही स्थित यादव धर्मशाला में एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति की ओर से एक दिवसीय संच समिति सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव समेत जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, संभाग सचिव दयानंद तिवारी, संभाग अभियान प्रमुख जीटलाल हांसदा, अंचल अध्यक्ष भरत यादव, अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति, अंचल उपाध्यक्ष डॉ. सुनील दत्त, श्रीहरि कथा अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, सचिव कृष्णा गुप्ता, अंचल ग्रामोत्थान प्रभारी प्रो. हीरामन साहू एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरत यादव और संचालन कृष्णा प्रजापति ने किया। बतौर प्रशिक्षक दयानंद तिवारी और जीटलाल हांसदा ने संच समिति का गठन, उद्देश्य, अधिकार, दायित्व एवं पंचमुखी शिक्षा में संच समिति की भूमिका पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

सिर्फ नाम बदल के देश को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है : धनंजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बुधवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि भारत सरकार सिर्फ नाम बदल के देश को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है लोगों को महसूस कराना चाहते हैं की पूर्व में जितने भी सरकारी संस्थाओं के नाम ऐतिहासिक स्थलों के नाम या जनता से जुड़ी गरीबों की आवाज के नाम सिर्फ कांग्रेस के नेताओं के ही नाम है, अब इन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम केंद्रीय सचिवालय का नाम राज भवन का नाम बदल दिया है इन संस्थानों में इन्हें5 कहां कांग्रेसी नेताओं के नाम दिखे पूर्व में इन्होंने इंदिरा आवास को प्रधानमंत्री आवास किया। प्रधानमंत्री का नाम लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे ऊंचा पद होता है उन्हें भी यह बदलने का काम कर रहे हैं आज देश में महंगाई, बेरोजगारी सीमा पर आतंकवादियों का हमला किसानों की परेशानी इन सब गंभीर मुद्दा पर उनकी गंभीरता कभी दिखती नहीं है, यह देश को जोड़ने के बजाय सिर्फ तोड़ने का काम किया जा रहा है ऐतिहासिक स्थलों के नाम बदले जा रहे हैं पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि आज एसआईआर का काम देश के 12 राज्यों में चलाया जा रहा है, इस कार्य को करने में कितनी कठिनाई आम नागरिकों को आ रही है बी एल वो आत्म हत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं यह संसद में इस मुद्दे पर बहस नहीं करना चाह रहे हैं सत्र भी सिर्फ 15 दिन का रखा है जो की इतिहास के पन्नों में पहली बार ऐसा हुआ है इन्हीं सब मुद्दों को लेकर कांग्रेस दिल्ली में एक महा रैली करने जा रही है आगामी 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में।

देशरत्न राजेंद्र प्रसाद के पद चिह्नों पर देश को चलने की जरूरत : कायस्थ समाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने देशरत्न डा राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर मल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अध्यक्ष बिनय बक्शी ने कहा आज कायस्थ समाज को एक होने की जरूरत है। हमारी एकता कमजोर होती जा रहा है हमे छोटी छोटी बातों को भूलकर अपना अहं ईगो को छोड़कर कायस्थ महासभा के बैनर तले संगठित होने की जरूरत है। सचिव संजीव नाथ सहाय ने कहा डा राजेन्द्र प्रसाद स्मृति भवन का उद्घाटन माघ मास में करना है ईसके लिए सभी कायस्थों को आगे आना चाहिए कृषणा बाबू ने कहा ट्रस्ट की बैठक जल्द करना चाहिए और उदघाटन के पहले अधुरे काम को पूरा करना चाहिए। अजय सिन्हा मंटू ने कहा डा राजेन्द्र प्रसाद भवन का विस्तार के लिए यथा संभव सहयोग किया जायेगा हमे बढचढकर अपनी भुमिका निभाना है धन्यवाद ज्ञापन ज्योतिष कुमार सिन्हा ने किया जबकि सतीश कुंदन और राजेश सिन्हा ने कहा कि देशरत्न राजेंद्र प्रसाद महान धरोहर थे,इनके विचारों के साथ जुड़ने की जरूरत है।

धरणीधर प्रसाद और नित्यानन्द प्रसाद ने कहा कि कायस्त एकता को मजबूत करने की जरूरत है देशरत्न राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन 3 दिसंबर, 1884 को बिहार के सिवान जिले के जिरादेई गांव में हुआ था। वह भारत के पहले राष्ट्रपति थे और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी देशरत्न राजेंद्र प्रसाद की भूमिका भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई और देश के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण थी।स्वतंत्रता सेनानीः राजेंद्र प्रसाद ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ मिलकर कई आंदोलनों में हिस्सा लिया, जैसे कि असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रमुख नेता थे और 1934 से 1935 तक कांग्रेस के अध्यक्ष रहे भारत के पहले राष्ट्रपतिः 1950 में, राजेंद्र प्रसाद भारत के पहले राष्ट्रपति बने और 1962 तक इस पद पर रहे। उन्होंने देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और राष्ट्रपति के रूप में अपनी सादगी और निष्पक्षता के लिए जाने जाते हैं संविधान सभा के अध्यक्षः वह संविधान सभा के अध्यक्ष थे, जिसने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया शिक्षा और सामाजिक सुधारः राजेंद्र प्रसाद ने शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण काम किया। उन्होंने बिहार विद्यापीठ की स्थापना की और शिक्षा के प्रसार के लिए काम किया मुख्य रूप से उपस्थित थे प्रविण कुमार सिन्हा, पंचानन मुनि धरणीधर प्रसाद, प्रशांत सिन्हा, रंजय बरदियार रविश आनंद सतीश कुन्दन,विकास सिन्हा,राकेश रंजन, सिंकू सिन्हा आदि उपस्थित थे।

9 दिसंबर से टी20 सीरीज

गिल की उपलब्धता पर होगी चयन समिति की निगाहें

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 9 दिसंबर से पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज शुरू होगी, जिसमें शुभमन गिल की फिटनेस और उपलब्धता पर सभी की निगाहें रहेंगी। बुधवार को अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति रायपुर में मीटिंग करेगी, ताकि 15 सदस्यीय टीम तय की जा सके। शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में चोका लगाने के बाद चोटिल हुए थे। गर्दन में चोट के बाद गिल सीरीज का अगला मुकाबला नहीं खेल सके। इसके बाद उन्हें वनडे सीरीज से भी बाहर बैठना पड़ा। जानकारी मिली है कि गिल रिहैब के लिए मंगलवार को बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंच गए हैं। टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम 6 दिसंबर को एकजुट होगी, इसलिए चयनकर्ताओं को बुधवार को टीम चुननी होगी। फिलहाल, टी20 सीरीज में गिल के खेलने की संभावनाएं 50 प्रतिशत हैं। एक सूत्र ने बताया, 'हो सकता है कि गिल बल्लेबाजी आजमाएं और देखें कि आगामी सीरीज में उन्हें शामिल करने का फैसला लेने से पहले वह फिटनेस को लेकर कैसा महसूस कर रहे हैं। अगर शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेलते, तो अभिषेक शर्मा के साथ संजू सैमसन या यशस्वी जायसवाल बतौर सलामी बल्लेबाज नजर आ सकते हैं। संजू सैमसन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में सिर्फ दो मैच खेले, जिसमें एक बार बल्लेबाजी का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने 'नंबर 3' पर बैटिंग की। उम्मीद की जा रही है कि इस टी20 सीरीज में सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी शामिल किया जा सकता है। पंड्या ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ 1 विकेट लेने के बाद नाबाद 77 रन बनाए हैं। पंड्या की शानदार पारी के दम पर बड़ौदा ने मुकाबला 7 विकेट से जीता। पंड्या को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी। पहला मैच कटक में खेला जाएगा, जिसके बाद 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में सीरीज का दूसरा मुकाबला होगा।

एर्लिंग हालैंड ने बनाया अद्भुत रिकॉर्ड

प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे तेज 100 गोल करने वाले बने खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। मैनचेस्टर सिटी ने क्रेवन कॉटेज में खेले गए मुकाबले में फुलहम को 5-4 से हरा दिया। इस जीत के साथ, सिटी ने इंग्लिश फ़ुटबॉल में एक ही प्रतिद्वंद्वी (फुलहम) के खिलाफ लगातार 19वीं जीत हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया। स्टार खिलाड़ी एर्लिंग हालैंड ने एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की।

वह प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे तेज 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 111 मैचों में किया और एलन शीयरर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने एलन से 13 मैच कम में यह कारनामा कर दिखाया। एलम शियरर ने 124 मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी।

कुछ ऐसा रहा मैच का हाल

सिटी के लिए हालैंड, रेइन्डर्स, फिल फोडेन (दो बार) और सैंडर बर्गे के एक ओन गोल की मदद से उन्होंने 5-1 की बड़ी बढ़त बना ली थी। इसके बाद फुलहम ने वापसी की कोशिश की। इवोबी और चुकवुएजे ने गोल (दो बार) करके अंतर कम किया। फुलहम लगभग बराबरी पर पहुंचने ही वाला था। लेकिन खेल खत्म होने से ठीक पहले ग्वार्डियोल ने गोल-लाइन से एक महत्वपूर्ण बचाव (क्लियरेंस) करके मैनचेस्टर सिटी की बढ़त को बनाए रखा और उन्हें पूरे तीन अंक दिलाए। इस जीत से सिटी 28 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जो लीडर आर्सेनल से दो पॉइंट पीछे है। वहीं, फुलहम 17 पॉइंट्स के साथ 15वें स्थान पर बरकरार है।

मेंस जूनियर वर्ल्डकप 2025

भारत ने स्विट्जरलैंड को 5-0 से रौंदा

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय टीम मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के राउंड रॉबिन लीग स्टेज में अजेय रही। इस टीम ने मंगलवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां भारतीय टीम 5 दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगी। इससे पिछले मुकाबलों में भारत ने चिली को 7-0 से हराने के बाद ओमान के खिलाफ 17-0 से जीत दर्ज की थी। रोहित की कप्तानी और पीआर श्रीजेश की कोचिंग में भारतीय टीम ने मुकाबले के दूसरे मिनट में ही खाता खोला। बर्थडे बॉय मनमीत सिंह ने मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल करके लीड को दोगुना कर दिया। इसके बाद शारदा नंद तिवारी ने मुकाबले के 13वें मिनट में टीम का स्कोर 3-0 कर दिया।



● क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम से होगा सामना

भारतीय टीम ऐसी ही शुरुआत चाहती थी। मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में भारतीय खिलाड़ियों ने खराब मौसम के बावजूद मैच देखने पहुंचे दर्शकों का दिल जीत लिया था।

मुकाबले के 28वें मिनट अर्शदीप सिंह ने गोल दागते हुए भारत को 4-0 से आगे कर दिया। अर्शदीप ने इससे पहले ओमान के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी। इस बीच गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने कुछ शानदार बचाव किए, जिसके चलते स्विट्जरलैंड की टीम अपना खाता नहीं खोल सकी। भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे क्वार्टर में भी लय बनाए रखी। शारदा नंद ने मुकाबले के 54वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए अपना दूसरा गोल दागा। इसी के साथ भारत ने 5-0 से बढ़त हासिल कर ली।

सेंथिलकुमार और अनाहत का शानदार प्रदर्शन

स्क्वाश इंडियन टूर चार के क्वार्टर फाइनल में

चेन्नई, एजेंसी। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने प्री क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका के रविंदु लाकसिरी को 11-7, 11-8, 11-7 से हराया, जबकि दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने चेक गणराज्य की तमारा होल्जबोरोवा को 11-7, 11-7, 11-7 से शिकस्त दी। पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। सेंथिलकुमार और अनाहत मंगलवार को आसान जीत के साथ एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर चार के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने प्री क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका के रविंदु लाकसिरी को 11-7, 11-8, 11-7 से हराया, जबकि दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने चेक गणराज्य की तमारा होल्जबोरोवा को 11-7, 11-7, 11-7 से शिकस्त दी। भारत के दोनों शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। दुनिया की पूर्व 10वें नंबर की खिलाड़ी जोशना चिनप्पा, महिलाओं के वर्ग में छठी वरीय तन्वी खन्ना और पुरुषों के वर्ग के दूसरे वरीय वीर चोटरानी भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे।

कोहली-ऋतुराज के शतक

● भारत ने साउथ अफ्रीका को 359 रन का दिया था लक्ष्य

रायपुर (एजेंसी)। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 20वां टॉस गंवाया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है।

टीम इंडिया ने 41 ओवर में 5 विकेट पर 358 रन बनाए थे। अफ्रीका को जीतने के लिए 369 रन बनाने थे। वॉशिंगटन सुंदर एक रन बनाकर आउट हुए। के राहुल ने शानदार अर्द्धशतक बनाया। विराट कोहली 102 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लुंगी एनगिडी ने ऐडन मार्करम के हाथों कैच कराया।

ऋतुराज गायकवाड (105 रन) को मार्को यानसन ने टोनी डी जॉर्जी के हाथों कैच कराया। यशस्वी जायसवाल 22 और रोहित शर्मा 14 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका से नांद्रे बर्गर और मार्को यानसन को 1-1 विकेट मिला।

38वें ओवर में विराट कोहली ने शतक पूरा किया। उन्होंने 90 बॉल पर शतक पूरा किया। उन्होंने मिडऑन पर बैकफुट पंच करके एक रन लिया और शतक पूरा किया। फिर अपने अंदाज में छलांग लगाई और रिंग चूमकर सेलिब्रेशन किया। कोहली ने वनडे करियर में 53वां शतक लगाया। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 84 शतक हो चुके हैं। 36वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर ऋतुराज गायकवाड 105 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने टोनी डी जॉर्जी के हाथों कैच कराया। ???गायकवाड वनडे में पहला शतक लगाने के बाद इमोशनल हो गए। उन्हें कोहली ने गले लगाया। इसी के साथ 195 रनों की पार्टनरशिप ब्रेक हुई।

रोहित शर्मा ने भारत में 9 हजार रन पूरे किए

रोहित शर्मा ने भारत में 9 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड और विराट कोहली भारतीय पिच पर यह कारनामा कर चुके हैं।

रोहित शर्मा 8 बॉल पर 14 रन बनाकर आउट

5वें ओवर में भारत ने पहला विकेट गंवाया। यहां रोहित शर्मा 8 बॉल पर 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नांद्रे बर्गर ने विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के हाथों कैच कराया। इससे पहले रोहित ने बर्गर की बॉल पर लगातार 3 चौके लगाए थे।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025

विराट कोहली विजय हजारे ट्रॉफी खेलने को तैयार, दिल्ली टीम को दी उपलब्धता की सूचना

नई दिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दिल्ली टीम को अपनी उपलब्धता बता दी है। दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अशोक शर्मा ने मंगलवार (2 दिसंबर 2025) को जनसत्ता से इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'हां, यह सही है। उन्होंने अपनी उपलब्धता बताई है। अशोक शर्मा ने बताया, 'भारत बनाम साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज के बाद वह इंग्लैंड लौट जाएंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए फिर भारत आएंगे। विजय हजारे ट्रॉफी 24 दिसंबर से 18 जनवरी तक होनी है। विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली का अभियान 24 दिसंबर को बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ मैच से शुरू होगा। टूर्नामेंट में उसे कुल 6 मैच खेलने हैं। माना जा रहा है कि विराट कोहली दिल्ली के लिए सभी मैचों में उपलब्ध नहीं रह पाएंगे। भारत के लिए अब सिर्फ एक प्रारूप में खेलने वाले विराट कोहली अभी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला में खेल रहे हैं। विराट कोहली फरवरी 2010 में सेना के खिलाफ खेलने के बाद पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करेंगे। सैंतीस साल के विराट कोहली ने रांची में शृंखला के पहले मैच में अपना 52वां शतक बनाया। इससे पता चलता है कि वह इस साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बाद खेल के सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बावजूद लय में हैं। विराट कोहली ने बारबडोस में 2024 विश्व कप में भारत की जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। जब कोहली मैदान पर होंगे तो प्रशंसकों के बड़ी संख्या में मैदान पर आने की उम्मीद है। इस साल की शुरुआत में कोहली एक रणजी ट्रॉफी मैच में आकर्षण का केंद्र थे जब उन्होंने 12 साल से अधिक समय में अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला था।

टेनिस में वापसी करेंगी दिग्गज सेरेना विलियम्स? राज पर से हटाया पर्दा

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। संन्यास ले चुके किसी भी खिलाड़ी को वापसी करने के लिए सबसे पहले डोप परीक्षण के लिए पंजीकरण करना होता है। सेरेना ने जब ऐसा किया तो सोशल मीडिया पर कयासों का दौर चल उठा कि वह प्रोफेशनल टेनिस में वापसी करने जा रही हैं। अब खुद सेरेना ने इसका खंडन किया है।

सेरेना विलियम्स ने इन खबरों का खंडन किया है कि वह टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि वह वापस नहीं कर रही हैं। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के प्रवक्ता ने कहा कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना ने खेल के ड्रग परीक्षण निकाय के साथ पंजीकरण कराया है। इसके बाद ही उनकी वापसी को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

संन्यास ले चुके किसी भी खिलाड़ी को वापसी करने के लिए सबसे पहले डोप परीक्षण के लिए पंजीकरण करना होता है। टेनिस जगत की महानतम खिलाड़ियों में से एक 44 वर्षीय सेरेना ने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद किसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। सेरेना ने कहा, 'हे भगवान, यह खबर जंगल की आग की तरह क्यों फैल गई। मैं वापसी नहीं कर रही हूं।'

सूर्यवंशी का तूफान, 58 गेंदों में शतक

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिर मचाया कोहराम

नई दिल्ली, एजेंसी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में बिहार के उप-कप्तान वैभव सूर्यवंशी का बल्ला आखिरकार पूरा गरजा. वैभव पर शुरुआती तीन मैचों में रन न आने से दबाव बढ़ रहा था. महाराष्ट्र के खिलाफ चौथे मुकाबले में इस युवा बल्लेबाज ने ऐसा धमाका किया कि सभी हैरान रह गए. सूर्यवंशी ने जितने चौके लगाए, उतने ही छक्के लगाकर ऐसा हाहाकार मचाया, जिसने विरोधी गेंदबाजों का पूरा प्लान ध्वस्त कर दिया.

ओपनिंग में नहीं मिला साथ- बिहार की शुरुआत काफी डगमगाने वाली रही. पहले ओवर में ही ओपनिंग पार्टनर बिपिन सौरभ सस्ते में आउट हो गए. दूसरे विकेट पर भी साझेदारी लंबी नहीं चली. इसके बाद भी वैभव ने एक छोर को मजबूती से संभाले रखा. तीसरे विकेट पर आकाश राज के साथ उन्होंने तेज 50 से ज्यादा रनों की पार्टनरशिप की और टीम को मुश्किल से बाहर निकाला. आकाश राज के आउट होने के बाद वैभव बिल्कुल अलग मोड में आ गए. गेंद को देखने के बाद ही मारने की क्लासिक स्टाइल में उन्होंने पहले हाफ सेंचुरी पूरी की, फिर आखिरी ओवरों में रफ्तार बढ़ाते हुए शतक तक पहुंच गए.

पिछले 3 मैचों के बाद की शानदार वापसी- टूर्नामेंट के पहले तीन मुकाबलों में वैभव सूर्यवंशी कुल मिलाकर केवल 32 रन ही बना सके थे. उनकी आलोचना भी हो रही थी, दबाव भी था, लेकिन उन्होंने मैदान में अपने खेल से सभी सवालों का जवाब दे दिया. महाराष्ट्र के खिलाफ जमाया गया यह शतक सिर्फ मैच बदलने वाला नहीं था, बल्कि उनके सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के करियर का पहला शतक भी रहा.

वैभव सूर्यवंशी का तूफान

बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 176 रन बनाए, जिनमें से अकेले 108 रन वैभव सूर्यवंशी ने ठोक डाले. खास बात यह रही कि उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत भले शांत तरीके से की हो, लेकिन जैसे-जैसे इनिंग आगे बढ़ी, उनका बल्ला तेजी से आग उगलने लगा. वैभव ने 61 गेंदों पर नाबाद 108 रनों की शानदार पारी खेली. उनकी पारी में 7 चौके और 7 छक्के शामिल रहे. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 177 से ज्यादा का रहा.

आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स कल से शुरू

भारतीय निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

दोहा, एजेंसी। भारत की दो शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु और ईशा सिंह 10 मीटर एयर और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में जीत की प्रबल दावेदार होंगी। उन्होंने विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप में अपनी रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 12 में जगह बनाई है। इस साल अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष निशानेबाज गुरुवार से दोहा में शुरू होने वाले एलीट आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर इस सत्र का शानदार समापन करना चाहेंगे। सत्र के आखिर में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 14 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिनमें पेरिस ओलंपिक की दो कांस्य पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर, विश्व चैंपियन सम्राट राणा और विश्व कप में कई पदक जीतने वाली विजेता सुरुचि सिंह शामिल हैं। ये निशानेबाज प्रत्येक स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में विश्व के शीर्ष 12 निशानेबाजों के साथ अपनी चुनौती पेश करेंगे। भारत ने इससे पहले काहिरा (पिस्टल/राइफल) और एथेंस (शॉटगन) में विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करके ओलंपिक और गैर ओलंपिक स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण सहित 14 पदक जीते। अब वे विश्व कप फाइनल में इस सफलता को दोहराने की कोशिश करेंगे, जिसमें प्रत्येक वर्ग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता को क्रमशः 5,000, 4,000 और 2,000 यूरो की आकर्षक पुरस्कार राशि मिलेगी। भारत की दो शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु और ईशा सिंह 10 मीटर एयर और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में जीत की प्रबल दावेदार होंगी। उन्होंने विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप में अपनी रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 12 में जगह बनाई है। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हाल ही में काहिरा में चैंपियन बने सम्राट राणा और कांस्य पदक जीतने वाले वरुण तोमर भाग लेंगे।

संक्षिप्त समाचार

भारत में परेशान हैं मुसलमान; मदनी बोले- वंदे मातरम को लेकर नहीं बनाना चाहिए दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी का कहना है कि भारत में मुस्लिम परेशान हैं। उनके मुताबिक, यह अचानक नहीं हुआ है। उन्होंने वंदे मातरम और परवेज मुशर्रफ प्रकरण पर भी बातें की हैं। मदनी ने कहा, हम परेशान हैं और यह अचानक नहीं है। हमें आपसे, अपने प्रधानमंत्री से, गृह मंत्री से और मुख्यमंत्रियों से उम्मीदें हैं। मैं समझता हूं कि उन्हें चुनावों के लिए विभाजन पैदा करना है। मैं यह नहीं कह रहा कि हर कोई हमारे खिलाफ है, लेकिन सभी को बैठकर समुदाय की चिंताओं को दूर करना चाहिए। उपयोग की जा रही शब्दावली को बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर जरूरी हुआ तो वे सरकार तक पहुंचेंगे। मौलाना मदनी ने मुशर्रफ प्रकरण का उल्लेख करते हुए देश में शांत बहुमत के अनुपात में आई गिरावट पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुशर्रफ प्रकरण के दौरान 90त्न शांत बहुमत था, जो कि अब घटकर 60त्न हो गया है। शीतकालीन सत्र में सरकार द्वारा वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा कराने और इसके गायन को अनिवार्य बनाने की चर्चा के बीच मौलाना मदनी ने अपने संगठन का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, वंदे मातरम पर हमारे संगठन ने 2011 में और उससे पहले भी काफी बहस की थी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने नवंबर 2009 में दारुल उलूम देवबंद के फतवे का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित किया था कि वंदे मातरम का गायन इस्लाम के एकेश्वरवाद के विपरीत है, क्योंकि इसके कुछ छंद मातृभूमि को देवता के रूप में पूजते हैं। संगठन का मानना है कि वंदे मातरम के विवादास्पद अंशों को नहीं गाया जाना चाहिए। मदनी ने कहा, अब वे कह रहे हैं कि वंदे मातरम अनिवार्य होगा। जबरन लागू करना भारत के विचार के अनुरूप नहीं है।

बंगाल के भाजपा सांसदों से मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों से मुलाकात की है। 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी की यह मीटिंग मायने रखती है। सोमवार को हुई इस बैठक में उन्होंने सांसदों से साफ कहा कि वे बंगाल में कानून व्यवस्था के मसले को प्रमुखता से उठाएं और इसी पर डटे रहें। उन्होंने सांसदों से कहा कि वे चुनाव के लिए तैयार रहें और हमलों की बात जनता तक पहुंचाएं। पीएम मोदी ने कहा कि सांसद खगेन मुर्मू पर हमला चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि टीएमसी की ओर से ऐसी हिंसा को जनता तक पहुंचाना चाहिए। बंगाल से भाजपा के 12 लोकसभा सांसद हैं और 2 राज्यसभा के मेंबर हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में जैसे हालात हैं, उसमें जनता के बीच पहुंचना जरूरी है ताकि उन्हें संदेश दिया जाए कि स्थिति कैसी है। यदि हम जनता तक यह संदेश पहुंचाने में सफल रहे कि टीएमसी के राज में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है तो हमें फायदा मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने सांसदों से यह भी कहा कि वे एक डिटेल प्रजेंटेशन भी दें। इसमें बताएं कि वे जमीनी स्तर पर क्या प्रयास करेंगे, जिससे पार्टी को 2026 के असेंबली इलेक्शन में फायदा होगा। यह बैठक तब हुई है, जब राज्य में चुनाव आयोग की ओर से चलाए जा रहे स्ढ्ढक्रका टीएमसी विरोध कर रही है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इससे पहले लोकसभा स्पीकर की अध्यक्षता में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में बताया कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर लोकसभा में डिबेट होगी। इसके अलावा 9 तारीख को चुनाव सुधारों पर बात होगी। बता दें कि शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन टीएमसी की सांसद सागरिका घोष ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया था और कहा था कि उनके हाथ खून से सने हुए हैं। घोष ने कहा था कि यह मानवीय आपदा है। बंगाल में स्ढ्ढक्रकी प्रक्रिया के दौरान 40 लोगों की मौत हो चुकी है। बीएलओ जान दे रहे हैं।

बांग्लादेश से भारत लाई जाएगी सोनाली खातून

सुप्रीम कोर्ट के कहने पर राजी हुई केंद्र सरकार; बंगाल को निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा कि वह गर्भवती सोनाली खातून और उसके 8 वर्षीय बेटे सबीर को मानवीय आधार पर बांग्लादेश से भारत वापस ले आएगी। यह घोषणा सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश सुर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के सामने की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सोनाली खातून और उसके आठ साल के बच्चे को मानवीय आधार पर भारत में प्रवेश की अनुमति दे दी। साथ ही शीर्ष अदालत ने बीरभूम के सीएमओ को महिला को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने और पश्चिम बंगाल सरकार को बच्चे की देखभाल करने का निर्देश दिया है।

मामले की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- मानवीय आधार पर सोनाली खातून और उनके पुत्र सबीर को प्रक्रिया का पालन करते हुए भारत लाया जाएगा। यह कदम बिना मेरिट पर हमारे किसी भी तर्क को प्रभावित किए और उन्हें निगरानी में रखने के हमारे अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए उठाया जाएगा। यानी केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि इस मामले से अन्य मामले प्रभावित नहीं होंगे और यह महज एक मानवीय आधार पर उठाया गया कदम है।

कोर्ट की पूछताछ पर केंद्र का रुख बदलाव बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि क्या सोनाली और उनके बेटे को मानवीय आधार पर वापस लाया जा सकता है। आज, सरकार से निर्देश लेने के बाद एसजी ने इसकी सहमति दे दी। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि सोनाली को

दिल्ली से हिरासत में लिया गया था, इसलिए उन्हें पहले दिल्ली ही लाया जाएगा। हालांकि, प्रतिवादियों की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता ने सुझाव दिया कि सोनाली को बीरभूम (पश्चिम बंगाल) स्थित उनके पिता के घर वाले क्षेत्र में भेजना ज्यादा उचित होगा।

चिकित्सा सुविधाएं और देखभाल की जिम्मेदारी

गर्भावस्था को ध्यान में रखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह सोनाली को पूरी तरह मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए। साथ ही, राज्य सरकार को उनके बेटे सबीर की देखभाल का भी निर्देश दिया गया। यह मामला केंद्र की ओर से दायर उस विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा है, जिसमें 27 सितंबर को दिए गए कलकत्ता हाई कोर्ट के उस निर्णय को चुनौती दी गई है जिसमें कुछ लोगों को वापस भारत लाने का आदेश दिया गया था। यह निर्णय भोदू शेख द्वारा दायर हैबियस कॉर्पस याचिका पर दिया गया था, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी, दामाद और पोते को कोर्ट में पेश करने की मांग की थी। इन लोगों को दिल्ली से उठाकर बांग्लादेश भेज दिया गया था।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने केंद्र से अन्य चार लोगों को भी वापस लाने पर विचार करने का अनुरोध किया। इसके जवाब में एसजी मेहता ने कहा कि वे बांग्लादेशी हैं और केंद्र का इस पर गंभीर मतभेद है। उन्होंने यह भी आश्चर्य जताया कि राज्य सरकार इस मामले में केवियट डालकर क्यों पेश हो रही है और इन व्यक्तियों की ओर से संरक्षण क्यों मांग रही है।

नागरिकता संबंधी टिप्पणी

जस्टिस बागची ने कहा कि यदि सोनाली खातून, भोदू शेख (एक भारतीय नागरिक) से जैविक संबंध सिद्ध कर देती हैं, तो वह अपनी भारतीय नागरिकता भी सिद्ध कर सकती हैं। एसजी ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट को संतुष्ट कर देंगे कि ये लोग विदेशी नागरिक हैं। उन्होंने यह अनुरोध भी किया कि हाई कोर्ट में दायर अवमानना याचिका की कार्यवाही पर रोक लगाई जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में कोई आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने केवल इतना कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट के पास लंबित है, तो हाई कोर्ट आगे नहीं बढ़ेगा। मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को निर्धारित है।

सुरंग खोदकर भारत में घुसो, फिर अधिकार भी चाहिए, नहीं मिलेंगे

घुसपैठियों को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घुसपैठिए और अवैध प्रवासी भारत में किसी भी कानूनी अधिकार के हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि देश के प्रत्येक नागरिक को पूर्वोत्तर व पूर्वी राज्यों में इस समस्या की गंभीरता का अहसास है। शीर्ष अदालत पांच रोहिंग्या अवैध प्रवासियों के संबंध में दायर हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो अपनी हिरासत के बाद से लापता बताए जा रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश सुर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान तब आपत्ति जताई, जब याचिकाकर्ता रीता मंजूमदार की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने रोहिंग्या व्यक्तियों को 'शरणार्थी' कहा। इस पर सीजेआई ने स्पष्ट किया कि अदालत रोहिंग्याओं के मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपना रही है, लेकिन इससे उनका दर्जा नहीं बदल जाता।

प्रधान न्यायाधीश ने पूछा- पहले आप प्रवेश करते हैं, आप अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। आपने सुरंग खोदी या बाड़ पार की और अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए। फिर आप कहते हैं, अब जब मैं प्रवेश कर गया हूं, तो आपके कानून मुझ पर लागू होने चाहिए और मैं भोजन का हकदार हूं, मैं आश्रय का हकदार हूं, मेरे बच्चे शिक्षा के हकदार हैं। क्या हम कानून को इस तरह से खींचना चाहते हैं।

सीजेआई ने कहा- एक बार जब अवैध प्रवासी भारत में आ जाते हैं, तो वे भोजन, आश्रय और अपने बच्चों की मदद का अधिकार मांगने लगते हैं। हमारे देश में बहुत से गरीब लोग हैं- भारत के संसाधनों पर उनका अधिकार है, न कि अवैध प्रवासियों का। हां, अवैध प्रवासियों के साथ किसी तरह की हिरासत में यातना नहीं दी जा सकती।

यह टिप्पणी तब आई है जब कुछ समूह रोहिंग्या मुस्लिमों को भारत में शरणार्थी का दर्जा देने की मांग उठा रहे हैं। म्यांमार की सैन्य सरकार उन्हें 'बांग्लादेशी घुसपैठिए' मानती है और देश का नागरिक नहीं मानती। रोहिंग्या म्यांमार के राखाइन प्रांत से उत्पीड़न के बाद भागे हैं। कई रोहिंग्या पहले बांग्लादेश पहुंचे और वहां से धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल सहित भारत के कुछ इलाकों में प्रवेश करते रहे हैं। सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता ने हैबियस कॉर्पस की आड़ में सरकार से अवैध प्रवासियों की निर्यात प्रक्रिया, विदेशों के साथ हुई बातचीत, और प्रासंगिक सरकारी फाइलों की जानकारी मांगने की कोशिश की है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। पीठ ने मामले की सुनवाई 16 दिसंबर तक स्थगित कर दी है, जब रोहिंग्या अवैध प्रवासियों से जुड़े अन्य मामलों को भी एक साथ सुना जाएगा। अदालत ने 2005 के सरबानंद सोनोवाल मामले की याद दिलाई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि असम राज्य बांग्लादेशी नागरिकों के बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठ से 'बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति' का सामना कर रहा है।

टाटा ग्रुप के ट्रस्ट ने भाजपा को दिए 757.6 करोड़, कांग्रेस को मिला 77 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी। इलेक्टोरल बॉन्ड रद्द होने के बावजूद 2024-25 में भारतीय जनता पार्टी को चुनावी चंदे का सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विभिन्न इलेक्टोरल ट्रस्ट्स के योगदान रिपोर्टों से खुलासा हुआ है कि टाटा समूह नियंत्रित प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ने इस वित्त वर्ष में कुल 915 करोड़ रुपये में से लगभग 83% यानी 757.6 करोड़ रुपये सिर्फ भाजपा को दान किए। इसके मुकाबले कांग्रेस का हिस्सा मात्र 8.4% यानी 77.3 करोड़ रुपये रहा। इस ट्रस्ट ने 10-10 करोड़ रुपये तृणमूल कांग्रेस, वाईएसआर कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट), बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), जद(यू), डीएमके और एलजेपी (रामविलास) को भी दिए। रिपोर्ट बताती हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स को असंवैधानिक करार देने और स्कीम खत्म करने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी की फंडिंग पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। भाजपा को ट्रस्टों के जरिए लगभग 959 करोड़ रुपये की राजनीतिक चंदा मिला है। इनमें सबसे बड़ा योगदान टाटा ग्रुप द्वारा नियंत्रित प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ही रहा। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इन सबको मिलाकर भाजपा को अभी तक ट्रस्टों से लगभग 959 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। हालांकि देश के सबसे बड़े प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट की 2024-25 की रिपोर्ट अभी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड नहीं हुई है। इसी ट्रस्ट के जरिए सबसे ज्यादा चंदा दिया जाता रहा है और भाजपा सबसे बड़ा लाभार्थी रही है। पिछले रिकॉर्ड के अनुसार प्रूडेंट ने 2023-24 में भाजपा को 724 करोड़ रुपये दिए थे। इसलिए वास्तविक आंकड़ा 959 करोड़ रुपये से काफी ज्यादा हो सकता है। कुल मिलाकर कांग्रेस की 2024-25 में कुल आय 517 करोड़ रुपये रही, जिसमें ट्रस्ट रूट से 60% से ज्यादा चंदा आया। यह आंकड़ा 2023-24 के 828 करोड़ रुपये (बॉन्ड्स से) से काफी कम है, लेकिन गैर-चुनाव वर्ष 2022-23 के 171 करोड़ रुपये से ज्यादा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स बंद होने के बाद कॉर्पोरेट घराने अब फिर से इलेक्टोरल ट्रस्ट्स के पुराने रास्ते पर लौट आए हैं, जिसमें पारदर्शिता का स्तर पहले से भी कम है क्योंकि ट्रस्टों को दानदाता कंपनियों के नाम सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं होती (केवल प्राप्तकर्ता पार्टियों के नाम बताने होते हैं)। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट की रिपोर्ट आने के बाद 2024-25 के कुल चंदे की पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी, लेकिन उपलब्ध आंकड़े यही बता रहे हैं कि सत्ता में बैठी पार्टी की फंडिंग पर बॉन्ड्स के खत्म होने का कोई खास असर नहीं पड़ा है।

दिल्ली से बिहार तक शीतलहर की चेतावनी

दक्षिण भारत में दितवाह का कहर; चेन्नई में रेड अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर भारत इस समय कड़ाके की सर्दी की चपेट में हैं। वहीं, दक्षिण भारत में दितवाह तूफान कहर बरपा रहा है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश के 08 राज्यों में आज शीतलहर की चेतावनी जारी की है।

आईएमडी ने बताया कि इस दौरान इन राज्यों में तापमान में तेजी से कमी आएगी। विभाग के मुताबिक यूपी, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र हरियाणा पंजाब समेत कई राज्यों में शीतलहर देखने को मिल सकती है। उधर, दक्षिण भारत के कई राज्यों में चक्रवात दितवाह का कहर देखने को मिल रहा है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में आज बारिश की संभावना है।

आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में आज सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है। पहले से ही राजधानी प्रदूषण की मार झेल रही है। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली के अधिकांश इलाकों में आज कोहरा देखने को मिलेगा। यलो अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने बताया कि 3 दिसंबर से सुबह के समय शीत लहर चलेगी।

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड का प्रकोप देखने को मिल रहा है। सुबह और

शाम को ठंड का ज्यादा एहसास हो रहा है। वहीं, आईएमडी ने बताया कि बुधवार से कई जिलों में तापमान में तेजी से कमी देखने को मिलेगी। आज कानपुर, आगरा, इटावा, टुंडला, मुजफ्फरनगर, बाराबंकी में शीत लहर देखने को मिल सकती है। पूर्वी यूपी के जिलों में भी करीब यही स्थिति देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में आज यानी बुधवार को कड़ाके की ठंड महसूस होगी। दिसंबर की शुरुआत के साथ ही तापमान में भी कमी देखने को मिल रही है। विभाग ने पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, कटिहार में शीत लहर अलर्ट जारी किया है।

चक्रवात दितवाह कमजोर पड़ गया है, हालांकि इसके असर से तमिलनाडु में भारी बारिश की संभावना है। विज्ञान विभाग ने मंगलवार को तमिलनाडु के तिरुवल्लूर, चेनई, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया। गहरे दबाव में क्षेत्र में बदला दितवाह पश्चिम-मध्य और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के आस-पास और उत्तर तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों पर तीन किमी/घंटा की गति से धीरे-धीरे दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ा है। यह तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों से 25 किमी दूर है। संभावना है कि यह धीरे-धीरे उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों की ओर बढ़ेगा।

लंदन में 'मेगा' दूतावास बनाने की चीन की योजना में और देरी

लंदन, एजेंसी। मध्य लंदन में चीन के एक विशाल दूतावास के निर्माण की विवादास्पद योजना पर एक लंबे समय से लंबित निर्णय को एक बार फिर टाल दिया गया है। अधिकारियों ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर यह जानकारी दी है। लंदन के वित्तीय जिले और संवेदनशील डेटा केबलों के करीब एक बहुत बड़ी साइट पर बनने वाले इस 'मेगा दूतावास' की योजना वर्षों से रुकी हुई है। आलोचकों ने चिंता जताई है कि इस इमारत का इस्तेमाल जासूसी के अड्डे के रूप में किया जाएगा, और राजनीतिक गलियारों के सांसदों ने सरकार से इस प्रस्ताव को खारिज करने का आग्रह किया है।

प्लानिंग इंस्पेक्टरेट ने कहा कि इस पर पूरी तरह से विचार करने के लिए अधिक समय देने हेतु समय सीमा को बढ़ाकर 20 जनवरी कर दिया गया है। प्रधान मंत्री कीर स्टार्मर के प्रवक्ता टॉम वेल्स ने पत्रकारों से कहा, 'गृह कार्यालय और विदेश कार्यालय ने विशेष सुरक्षा निहितार्थों पर विचार दिए हैं, और शुरू से ही यह स्पष्ट किया है कि जब तक हम यह पुष्टि नहीं कर देते कि उन विचारों को पूरा या सुलझा लिया गया है।

अफगानिस्तान में तालिबानी सजा

13 साल के बच्चे ने युवक को दी सजा-ए-मौत; देखने के लिए उमड़ी हजारों की भीड़

काबुल, एजेंसी।। अफगानिस्तान से एक दिल दहला देने वाली घटना का वीडियो सामने आया है। जिसमें 80 हजार लोगों के सामने एक युवक को गोली मारकर सजा दी गई। हैरानी की बात यह है कि यह सजा एक 13 साल के बच्चे ने दी। दरअसल, सजा पाने वाला युवक पर गोली मारने वाले लड़के के परिवार के लोगों की हत्या का आरोप था। तालिबानी अधिकारियों ने आरोपी की पहचान की। जिसके बाद अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने उसे दोषी करार दिया था। इसके बाद तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने उसकी फांसी की मंजूरी दी थी। इसके बाद 13 वर्षीय लड़के से पूछा कि क्या वह दोषी ठहराए गए व्यक्ति को माफ करना

चाहता है, इस पर बच्चे ने साफ मना कर दिया। इसके बाद अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से निवासियों को फांसी की सजा देखने के लिए प्रोत्साहित किया था। इसके लिए बकायदा नोटिस भी जारी किया गया और उसे व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। सार्वजनिक फांसी देखने के लिए स्टेडियम में करीब 80 हजार लोगों की भीड़ जुटी थी। जिसके बाद तालिबानी अधिकारियों ने 13 साल के लड़के के हाथ में एक बंदूक थमा दिया और उसे हत्या करने का निर्देश दिया। कुछ ही देर में बच्चे ने स्टेडियम के अंदर घातक गोलियां चलाकर आरोपी को मौत के घाट उतार दिया। तालिबान के सर्वोच्च न्यायालय ने फांसी दिए गए व्यक्ति की पहचान तलाह खान के पुत्र मंगल के रूप में की। मंगल को अब्दुल रहमान की हत्या करने का दोषी पाया गया था। सजा देने वाली घटना का खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें करीब 80 हजार लोगों से खचाखच भरे स्टेडियम में गोली मारकर सार्वजनिक फांसी दी गई। गोलियों की आवाज के बीच धार्मिक नारे भी सुनाई दे रहे हैं।

लुटियंस दिल्ली 25 साल तक होगी पानी की टेंशन से फ्री, एनडीएमसी बनाएगी मास्टर प्लान

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के दिल यानी लुटियंस दिल्ली में अब पानी की हर बूंद को 25 साल आगे तक सुरक्षित करने की बड़ी तैयारी चल रही है। एनडीएमसी ने एक मास्टर प्लान बनाने का फैसला किया है, जिससे वीआईपी इलाका पानी की किल्लत से हमेशा के लिए मुक्त हो जाए। लुटियंस दिल्ली के 42.7 वर्ग किलोमीटर में स्थायी आबादी महज 2.5 लाख है, लेकिन दिन में घूमने-काम करने वाले लोगों की तादाद 16 से 20 लाख तक पहुंच जाती है। मतलब पानी की डिमांड तो दिल्ली के किसी बड़े इलाके जितनी है लेकिन सप्लाई लाइनें पुरानी और सीमित हैं। 148 मिलियन लीटर चाहिए, मिल रहे सिर्फ 125 : अभी इस इलाके को रोज 148 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी की जरूरत है, लेकिन दिल्ली जल बोर्ड से सिर्फ 125 एमएलडी ही मिल पाता है। यानी हर दिन 23 मिलियन लीटर की कमी है। गर्मियों में तो हालात और खराब हो जाते हैं।

संघीय जांच ब्यूरो ने हमीद, अमेरिका में भारतीय मां-बेटे की हत्या करने वाले नजीर पर 50 हजार डॉलर का इनाम

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में 2017 में एक भारतीय महिला और उसके 6 साल के बेटे की नृशंस हत्या के मामले में फरार नजीर की तलाश तेज हो गई है। संघीय जांच ब्यूरो ने हमीद की गिरफ्तारी में मदद करने वाले को 50,000 डॉलर का इनाम भी रखा है। संघीय जांच ब्यूरो ने हमीद ने भारत सरकार से अपील की है कि हमीद के प्रत्यर्पण में मदद करे।

दरअसल, अमेरिका के न्यू जर्सी में 23 मार्च 2017 को मेपल शेड स्थित अपार्टमेंट में शशिकला नर्रा (38) और उनके बेटे अनीश नर्रा (6) के शव मिले थे। शव के पोस्टमॉर्टम में सामने आया कि दोनों की हत्या गर्दन

पर चाकू से वार कर की गई है। बेटे अनीश का सिर शरीर से अलग हो गया था और दोनों के शरीर पर अनगिनत घाव के निशान थे।

जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी नजीर हमीद जो भारतीय नागरिक है, पीड़ितों के ही अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में रहता था।उसकी पहचान संदिग्ध व्यक्ति के रूप में हुई, क्योंकि यह पता चला कि वह पीड़ितों के पति और पिता का पीछा कर रहा था। हत्याओं के छह महीने बाद वह भारत भाग आया और तब से यहीं छिपा है। घटनास्थल पर मिली खून की एक बूंद किसी पीड़ित की नहीं थी। बाद में उस खून का डीएनए हमीद से मैच हो गया। हमीद पर फरवरी 2025 में हत्या समेत छह गंभीर आरोप लगाए गए। न्यू जर्सी गवर्नर फिल मर्फी ने पिछले हफ्ते भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को फोन कर हमीद को प्रत्यर्पण में तुरंत सहयोग करने की मांग की।

कड़े मानदंडों को पूरा करने के बाद मिलती है सऊदी अरब की नागरिकता

अबुधावी, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक और अपनी इस्लामी विरासत के लिए प्रसिद्ध देश सऊदी अरब में नागरिकता प्राप्त करने के नियम दुनिया के अन्य देशों की तरह ही सख्त और जटिल हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर यह सवाल चर्चा का विषय बनता है कि क्या कोई विदेशी पुरुष सऊदी अरब की महिला से विवाह करके यहां की नागरिकता आसानी से प्राप्त कर सकता है? आज हम आपको सऊदी अरब के विवाह और नागरिकता से जुड़े नियमों का स्पष्ट जवाब देते हैं जो मुख्यत: इस्लामी शरिया कानून से प्रेरित हैं। सऊदी अरब के विवाह कानून इस्लामी सिद्धांतों पर आधारित हैं जो वैवाहिक जीवन के सभी पहलुओं को नियंत्रित करते हैं। सऊदी नागरिक संबंधित अनुमति के साथ किसी अरब या इस्लामी देश की लड़की से विवाह कर सकते हैं। सऊदी सरकार गैर-मुस्लिमों से विवाह पर कड़े प्रतिबंध लगाती है। अधिकारी सऊदी महिलाओं के विदेशी पतियों के निवास संबंधी मुद्दों पर विशेष ध्यान देते हैं। ऐसे पतियों को निवास परमिट प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। सऊदी अरब में विवाह के आधार पर नागरिकता मिलना सीधी प्रक्रिया नहीं है। इसके लिए गैर-सऊदी जीवनसाथी को कड़े मानदंडों को पूरा करना पड़ता है- निवास समाप्ति- सऊदी पति या पत्नी के तलाक या मृत्यु की स्थिति में विदेशी जीवनसाथी का निवास समाप्त किया जा सकता है। यह नियम तभी लागू नहीं होगा जब विवाह से बच्चे हों या वे असाधारण मानवीय औचित्य प्रस्तुत कर सकें।

देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती मनाई गई

विधायक श्वेता सिंह, उपायुक्त अजय नाथ झा एवं बोकारो स्टील प्लांट के ईडी वर्क्स प्रिय रंजन सहित नगरवासी हुए शामिल

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर आज एडीएम बिल्डिंग स्थित राजेंद्र चौक पर राजेंद्र विचार मंच द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्वेता सिंह ने डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। साथ ही बोकारो स्टील प्लांट के ईडी वर्क्स प्रिय रंजन, निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा सहित जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भी पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर याद किया। मौके पर कार्यक्रम में विधायक श्वेता सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की सच्ची श्रद्धांजलि हमें उनके जीवन के मूल्यों को आत्मसात कर किया जा सकता है। वहीं उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपनी संबोधन में कहा कि महान विभूतियां की जयंती अर्पित करने के साथ-साथ उनके जीवन मूल्यों एवं उनके आदर्शों पर एक परिचर्चा संगोष्ठी का भी आयोजन उस दिन विशेष तौर पर की जानी चाहिए।

शहीद खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्र भक्त समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं श्री करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महान राष्ट्र भक्त योद्धा स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद खुदीराम बोस की जन्म जयंती भव्यता पूर्वक श्री करणी सेना द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर धर्मवीर सिंह ने कहा कि भारत के युवाओं को महान शहीद खुदीराम बोस से प्रेरणा लेकर भारत को समरस बनाए रखने में तथा एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। जातिवाद ,धर्म वर्ग सम्प्रदाय, क्षेत्रवाद, भाषावाद से ऊपर उठकर सदैव राष्ट्रवाद का अलख जगाना चाहिए। राष्ट्र सदैव सबसे ऊपर होता है और देश के लिए सदैव सर्वस्व न्यौछावर करने का हममें जज्बा होना चाहिए। कार्य क्रम का संचालन युवा प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने महान खुदीराम बोस जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य रूप से धर्मवीर सिंह, गोपाल सिंह, सुजीत कुमार सिंह, उमेश कुमार, टुनटुन सिंह, संतोष राज सिंह, मृत्युंजय नाथ चौधरी, संतोष सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

चास रोटरी ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ चास द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के ब्लड सेंटर, बोकारो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा के नेतृत्व में कुल 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रोटेरियन सलूजा ने बताया की इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया। रोटेरियन मुन्ना सिंह ने कहा की चास रोटरी वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है और यह सेवा आगे भी जारी रहेगी। चास रोटरी की अध्यक्षा रोटेरियन डिंपल कौर ने बताया कि बचाव ही सेवा है और सेहत ही उम्मीद है। उन्होंने कहा की दिसंबर महीना रोटरी का बीमारी से बचाव और इलाज का महीना है। और इसी के अंतर्गत सारे रोटरी क्लब दिसंबर महीने में हेल्थ पर फोकस करने वाली एक्टिविटी करने के लिए वचनबद्ध हैं , जैसे कि हेल्थ कैंप , ब्लड डोनेशन कैंप , स्क्रीनिंग प्रोग्राम , हाइजीन अवेयरनेस सेशन या कम्युनिटी की भलाई के लिए कोई भी अन्य जरूरी सेवा कार्य। कार्यक्रम की शुरूआत चास रोटरी के पास्ट प्रेसिडेंट बिनोद चोपड़ा ने अपना रेयर ब्लड ग्रुप ओ नेगेटिव का रक्तदान कर किया उपरांत रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा ने अपना 56वां रक्तदान किया , रो. चनप्रीत सिंह ने अपना 46वां रक्तदान ,रो. गौरव रस्तोगी, रो.अमन मल्लिक, रो. आनंद अग्रवाल, सहित ह्यूमैनिटी सेवियर्स के रो. तनवीर सिंह ने अपना 37वां रक्तदान , प्रवीण कुमार ने 31वां रक्तदान , सौरव चौहान ने 30वां रक्तदान , निकेश सिंह ने 22वां रक्तदान एवं अन्य सभी ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से रोटेरियन माधुरी सिंह, रविंदर कौर उर्फ सुम्मी, रो. रविंदर मंड , रो. कुमार अमरदीप, सच्चिदानंद प्रसाद, मुन्ना जी, मोहित जी एवं अविनाश जी उपस्थित थे। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी , ब्लड सेंटर बोकारो की चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मैथिली ठाकुर ने कहा की बोकारो में चास रोटरी रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत ही नेक कार्य कर रही है। उन्होंने ब्लडमैन सलूजा को 56वीं बार रक्तदान करने के लिए बधाई दी। अंत में श्री सलूजा ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

जिला प्रशासन ने शुरू किया ई जनसेतु सेवा पोर्टल

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जनता के शिकायतों के निवारण के लिए जिला प्रशासन गंभीर है। इसी उद्देश्य की प्रतिपूर्ति के लिए राज्य स्थापना दिवस के दिन 'ई जनसेतु सेवा पोर्टल' का आरंभ किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से अब कोई भी शिकायतकर्ता घर बैठे लॉगिन कर अपनी शिकायतों को जिला प्रशासन के पास दर्ज करा सकता है। जिला प्रशासन एक निर्धारित समय सीमा के भीतर इन शिकायतों का निपटारा करेगी। इस ईजनसेवा पोर्टल को आरंभ करने का उद्देश्य स्पष्ट है। शिकायतकर्ता को बार-बार सरकारी कार्यालयों या जिला के पदाधिकारियों का चक्कर न लगाना पड़े। वे अपनी शिकायतों का निवारण घर बैठ पा सकते हैं। इस पोर्टल के कार्यप्रणाली को विस्तृत रूप से समझने के लिए आज ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया। *कार्यशाला की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा के द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इस पोर्टल के कार्य करने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया गया। कोई भी शिकायतकर्ता 'ई जन सेतु ऐप' पर जाकर अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकता है। शिकायतों के निवारण के लिए सामान्यतः अधिकतम 21 दिन का समय निर्धारित किया गया है। शिकायतकर्ता को शिकायत करने के लिए जनसेतु पर जाकर शिकायत दर्ज करानी होगी। इसके लिए शिकायतकर्ता को एक संक्षिप्त परिचय उस पोर्टल पर दर्ज करना होगा। शिकायत दर्ज करने के समय उनके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगी, जिसके द्वारा इसका सत्यापन किया जा सकता है। प्रत्येक शिकायत के विरुद्ध एक टिकट आईडी जेनरेट होगा जिसके माध्यम से अपने शिकायतों के निवारण की स्थिति की जानकारी शिकायतकर्ता ले सकते हैं। सबसे अच्छी बात की शिकायतकर्ता इस शिकायत निवारण के संदर्भ में अपनी फीडबैक दर्ज कर सकते हैं।

जनता की शिकायतों के समाधान के प्रति जिला प्रशासन गंभीर

उड़ीसा के तीन शातिर अपराधियों को बोकारो पुलिस ने किया गिरफ्तार

बैंक एवं जेवर दुकानों से निकलने वालों पर रखते थे नजर, छिनतई की घटना को देते थे अंजाम

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पुलिस ने उड़ीसा से आए तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर एक बड़े आपराधिक नेटवर्क का खुलासा किया है। गांधीनगर ओपी क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पकड़े गए इन अपराधियों ने शहर की कई बैंक शाखाओं और ज्वेलरी दुकानों की रेकी करने तथा छिनतई की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सुनील दास, कबाड़ी गोपाल और अउला आलोक राव के रूप में हुई है, जो सभी उड़ीसा के जाजपुर जिले के थाना कोरई के रहने वाले हैं। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में तीनों आरोपियों ने कबूल किया है कि वे शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में बैंक से पैसा निकालकर निकलने वाले लोगों तथा जेवर की दुकानों से सामान लेकर बाहर जाने वाले ग्राहकों को निशाना बनाते थे। वे मौके का फायदा उठाकर झपटमारी व छिनतई कर भाग निकलते थे। एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने 26 नवंबर को गांधीनगर ओपी क्षेत्र के जरीडीह बाजार स्थित आदित्य ज्वेलर्स के दुकानदार के पास से जेवरात से भरा थैला झपटने का प्रयास करने की भी बात स्वीकार की है। मौके पर दुकानदार की सतर्कता के कारण वे सफल नहीं हो सके थे, लेकिन घटना के बाद से ही वे पुलिस की रडार पर थे। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों से एक पल्सर बाइक बरामद की गई है, जिसके बारे में जांच में पता चला कि वह आंध्र प्रदेश से चोरी की गई थी। बाइक पर उड़ीसा का फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इसे अपराधों में इस्तेमाल किया जाता था। तीनों के पास से कई अन्य फर्जी नंबर प्लेट भी मिली हैं, जिनका उपयोग वे पहचान छिपाने और पुलिस को भ्रमित करने के लिए करते थे। तलाशी में पुलिस ने अपराधियों के पास से चार मोबाइल फोन, पाँच वाहन नंबर प्लेट और एक नट खोलने वाला पाना भी बरामद किया है। पुलिस का मानना है कि ये उपकरण वाहन चोरी और नंबर प्लेट बदलने में इस्तेमाल किए जाते थे। एसपी ने बताया कि अपराधियों का नेटवर्क व्यापक है और यह गिरोह विभिन्न शहरों में जाकर इसी तरह की घटनाओं को अंजाम देता था। फिलहाल पुलिस उनके अन्य साथियों और संपर्कों की तलाश में जुटी हुई है। गिरफ्तारी से शहर में हाल के दिनों में बढ़ी छिनतई की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है।

जेवियर्स बोकारो में नई छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को सेंट जेवियर स्कूल , बोकारो स्टील सिटी के प्रांगण में नए छात्र परिषद् और विद्यालय के अन्य क्लबों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को पद एवं गोपनीयता की शपथ प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज ने दिलाई। मौक पर विद्यालय के कप्तान श्रेयश आदित्य ने अपने आखिरी आधिकारिक भाषण में बताया कि उन्होंने कैसे अपने कार्यकाल के दौरान चीजों को समझा एवं नई चुनौतियों का सामना किया। नए छात्र परिषद् के कप्तान रौनक ठाकुर एवं उप कप्तान अनुष्का दत्ता ने शपथ ग्रहण किया। इसके बाद बाकी क्लबों के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों साथ-ही अन्य सदस्यों ने भी अपने पद के लिए शपथ लिया। साथ-ही दसवीं के बोर्ड्स परीक्षा में उत्तम प्रदर्शन करने पर आई सी एस ई की तरफ से अनन्या कुमारी, सनल कुमार, ऋषि राज,सात्विक कुमार, मुकुंद कुमार, रौनक ठाकुर , आयुष्मान मोदक, अनिंद्या सेन शैक्लेन इकबाल एवं भावना झा को सम्मानित किया किया। मौके पर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहें । ग्यारहवीं के छात्र अद्वितीय को लगातार 11 वर्षों तक विद्यालय में अनुपस्थित न होने के कारण इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, अमृतसर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रिशॉन मार्टिस के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन समृद्धि के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस. जे. ने विगत छात्र परिषद् को उनके कार्यकाल के दौरान हुए कार्यक्रम की व्यवस्था को सराहते हुए कप्तान श्रेयश आदित्य व उप-कप्तान अंश जॉय के रचनात्मकता एवं प्रभावी संचार के लिए शुभकामनाएँ दिया। अंत में फादर के द्वारा सभी को जेवियर्स डे की शुभकामनाएँ दी गई। मौके पर फादर निर्मल , फादर मनोज , सभी वर्ग के उप-प्रधानाचार्य एवं शिक्षकवृंद मौजूद रहें ।

जिले में बन रहे पुस्तकालय भवन को अत्याधुनिक बनाएं : उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त अजय नाथ झा ने चास एवं चंदनकियारी प्रखंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय में निमार्णाधीन पुस्तकालय भवन एवं खेल परिसर स्थित पुस्तकालय भवन तथा चास प्रखंड अंतर्गत जिला रामरूद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चास में निमार्णाधीन पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि यह पुस्तकालय भवन अत्याधुनिक बनाना चाहिए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदनकियारी, अंचल अधिकारी चंदनकियारी सहित अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त अजय नाथ झा के द्वारा पुस्तकालय भवन के अतिरिक्त चास बाजार स्थित रविंद्र भवन का भी निरीक्षण किया।

जहरीली गैस रिसाव से हड़कंप, कई बीमार, विधायक राज सिन्हा पहुंचे मौके पर

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद जिले के केन्दुआडीह थाना क्षेत्र स्थित राजपूत बस्ती में बुधवार सुबह अचानक जहरीली गैस के रिसाव से अफरा-तफरी मच गई। करीब सुबह 10 बजे गैस रिसाव शुरू होते ही बस्ती के कई लोगों को उल्टी, चक्कर और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं होने लगीं। कुछ लोग तो अचानक बेहोश होकर गिर पड़े, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही केन्दुआडीह थाना पुलिस हरकत में आई और तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित लोगों को एंबुलेंस से एसएनएमएमसीएच भेजा। वहीं, कुछ गंभीर लोगों का इलाज निजी अस्पतालों में भी चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लाउडस्पीकर से घोषणा कर लोगों से आग्रह किया कि क्षेत्र में जहरीली गैस का अत्यधिक रिसाव हो रहा है, इसलिए इलाके को तुरंत खाली कर सुरक्षित स्थान पर जाने की आवश्यकता है। केन्दुआडीह थाना के पास आधा दर्जन से अधिक एंबुलेंस तैयार रखी गई हैं। बताया जा रहा है कि सबसे अधिक गैस का रिसाव कुसुंडा एरिया-6 स्थित गेस्ट हाउस से हो रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग भयभीत होकर अपने घरों को छोड़ने लगे हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है और गैस रिसाव के स्रोत की जांच की जा रही है।

बरमसिया पुल पर छोटी गाड़ियों का आवागमन होगा शुरू, उपायुक्त ने किया मरम्मत कार्य का निरीक्षण

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद वासियों के लिए राहत की खबर है। हीरापुर से बरमसिया होकर बैंक मोड और बैलगाड़िया बलियापुर आने जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क बरमसिया ओवरब्रिज पर फिर से अगले 15 से 20 दिनों में आवागमन शुरू हो सकता है। बुधवार को धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने पुल पर चल रहे मरम्मती कार्य का जायजा लिया। इस दौरान धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि पुल पर मरम्मती कार्य जारी है। निर्धारित समय पर काम पूरा हो यही प्रयास है। लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पुल पर वाहनों के आवागमन बंद रहने से बैंक मोड ओवर ब्रिज के अलावे पॉलिटेक्निक रोड पर भी ट्रैफिक लोड बढ़ा है। ऐसे में ट्रैफिक लोड कम करने के दिशा में कार्य को युद्ध स्तर पर सम्पन्न करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि अगले 15 से 20 दिनों में छोटी गाड़ियों का परिचालन पुल पर शुरू हो जायेगा। वहीं, ट्रक एवं अन्य बड़ी गाड़ियों का परिचालन नए साल से ही मुमकिन है।

बंद आवास को चोरों ने बनाया निशाना, नकदी सहित लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सेक्टर-12 थाना क्षेत्र के 12ए आवास संख्या 1241 में चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। रिटायर्ड सेल कर्मी ज्ञान शंकर रजक के बंद घर में घुसकर चोरों ने करीब 15 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और 8,000 रुपये नगद पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, घर के सभी सदस्य जमशेदपुर अपनी बेटी के घर गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने घर की

खाली स्थिति का फायदा उठाया। बताया जाता है कि घर की सुरक्षा के लिए एक परिचित व्यक्ति रोजाना रात में आकर वहां सोता था, ताकि घर खाली न रहे। लेकिन बीमारी के कारण बीती रात वह घर नहीं आ सका। इसी अवसर का लाभ उठाते हुए चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर लिया। घर में लगे अलमारियों और सामान को चोरों ने बारीकी से खंगाला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चोरी गए जेवरों में सोने-चांदी के कई कीमती गहने शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा अलमारी में रखे 8,000 रुपये नकद भी चोर अपने साथ ले गए।

बीएसएल ने दिया दिव्यांगजनों / वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण का वितरण

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम (एलिम्को) के सहयोग से दिनांक 03 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर वृद्ध सेवा आश्रम, चास, बोकारो में वरिष्ठ नागरिकों के बीच विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण का वितरण किया गया. बीएसएल के सीएसआर विभाग के द्वारा वृद्ध सेवा आश्रम, चास, बोकारो में वरिष्ठ नागरिकों के बीच कुल 77 सहायक उपकरण जैसे 9 फोल्डिंग व्हील चेयर, 9 कमोड वाली कुर्सी, 7 वॉकिंग स्टिक, 9 लिम्बो सेक्रल बेल्ट, 18 घुटने के ब्रेस आदि वितरित किए गए. वितरण शिविर के अवसर पर बीएसएल के सीएसआर विभाग के महाप्रबंधक पीपी चक्रबर्ती के साथ एलिम्को के प्रतिनिधि श्री अविनाश कुमार तथा वृद्ध सेवा आश्रम, चास, बोकारो के प्रभारी श्री रुपेश जी के साथ बीएसएल सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे. बीएसएल के सीएसआर विभाग के महाप्रबंधक श्री पी पी चक्रबर्ती ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह प्रयास दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने और उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

बीएसएल के सीआरएम-III विभाग का सफल कैपिटल रिपेयर के पश्चात पुनः संचालन प्रारंभ

बोकारो स्टील प्लांट के कोल्ड रोलिंग मिल-III (सीआरएम-III) की स्किन पास मिल का कैपिटल रिपेयर सफलतापूर्वक पूर्ण कर पुनः संचालन प्रारंभ कर दिया गया है. इसी के साथ विभाग के हाइड्रोजन प्लांट, वॉटर सप्लाई सिस्टम, टीएलआईएल तथा बैच एनीलिंग फर्नेस सहित सभी सहायक इकाइयाँ भी पुनः सुचारू रूप से कार्यरत हो गई हैं. इस मौके पर अधिशासी निदेशक (ऑपरेशंस) श्री अनुप कुमार दत्त ने स्किन पास मिल के संचालन का शुभारंभ किया. उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार झा सहित विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे. श्री दत्त ने इस सफल कार्यान्वयन में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि कैपिटल रिपेयर कार्यों की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्णता से उत्पादन गतिविधियाँ एक बार फिर पूर्ण क्षमता के साथ आगे बढ़ेंगी, जिससे संयंत्र की परिचालन दक्षता तथा उत्पाद गुणवत्ता में और अधिक मजबूती आएगी. उल्लेखनीय है कि सीआरएम-III में विगत 30 नवंबर 2025 से कैपिटल रिपेयर का कार्य चल रहा था, जिसके अंतर्गत विभिन्न मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य उच्च सुरक्षा मानकों के तहत निर्धारित समयावधि में संपन्न किए गए हैं. यह उपलब्धि बीएसएल की तकनीकी उत्कृष्टता, टीम भावना और सतत परिचालन सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है.

बीएसएल में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग कर्मचारियों के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर क्विज का आयोजन

बोकारो स्टील प्लांट में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने हेतु मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन क्विज का आयोजन किया गया. इस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन क्विज सीरीज की श्रृंखला में प्रथम क्विज का आयोजन आज दिनांक 03 दिसंबर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विशेष रूप से दिव्यांग कर्मचारियों के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा ने किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के बदलते कार्य परिवेश में डिजिटल साक्षरता अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस प्रकार की पहल दिव्यांग कर्मचारियों को कौशल संवर्धन का अवसर प्रदान कर उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाती हैं, जिससे वे संगठन की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. लिखित तथा स्टेज राउंड के आधार पर उनकी डिजिटल जानकारी और समझ का मूल्यांकन किया गया. प्रतियोगिता में श्री मोहम्मद अशद, प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) ने प्रथम स्थान, स्नेह कुमार सुमन, प्रशासनिक सहयोगी (टीए-इलेक्ट्रिकल) ने द्वितीय स्थान तथा सुमन मंडल, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (आरजीबीएस) ने तृतीय स्थान हासिल किया. पुरस्कार वितरण कार्यवाहक अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) मनीष जलोटा द्वारा किया गया. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर सीखते रहने और डिजिटल कौशल को और उन्नत करने के लिए प्रेरित करते हुए इस पहल की सराहना की. कार्यक्रम का संचालन एवं क्विज मास्टर की भूमिका सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) अमित आनंद ने निभाई.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com